कार्तिक शुक्ल पक्ष दशमी 06:46 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 11 नवंबर 2024
वर्ष 4, अंक 265, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप ने सभी सात प्रमुख राज्यों में हैरिस को हराया 14

रश्मिका ने अल्लू अर्जुन को दिया खास तोहफा 13

## किश्तवाड़ में एक जेसीओ शहीद, तीन जवान घायल

- तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़
- सेना ने की घेराबंदी, तीन-चार आतंकी होने की आशंका

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को हुई मुठभेड़ में एक जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गए और तीन अन्य घायल हो गए। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक्स पर कहा कि नायब सूबेदार राकेश कुमार ने सर्वोच्च बलिदान दिया है।

वे भारत रिज किश्तवाड़ के सामान्य क्षेत्र में शुरू किए गए संयुक्त ऑपरेशन का हिस्सा थे। इससे पहले सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार सैन्यकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि किश्तवाड़ के केशवान इलाके में शुरू किए गए घेराबंदी एवं तलाशी अभियान के दौरान सर्च पार्टी पर गोलीबारी की गई। जवाबी कार्रवाई पर मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने तीन से चार आतंकवादियों को घेर रखा है। पुलिस के मुताबिक यह आतंकियों का वही समूह है जिसने दो निर्दोष ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) को मार डाला था।

## जहां पलते दुर्दांत व दुष्कर्मी, उसके सीईओ अखिलेश और ट्रेनर शिवपाल

### मुख्यमंत्री ने कटेहरी, मझवा और फूलपुर की सभाओं में किए तीखे हमले, कहा-सपा का पीडीए मतलब प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी

- बोले-सपा के प्रोडक्शन हाउस की उपज थे अतीक अहमद मुख्तार व खान मुबारक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव प्रचार की रैलियों में रविवार को सपा नेतृत्व व नेताओं पर खूब तीखे हमले किए। कहा कि इनके पीडीए का मतलब प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी है।

हर दुर्दांत अपराधी माफिया, दुष्कर्मी जिस प्रोडक्शन हाउस से पैदा होते हैं, उसके सीईओ अखिलेश यादव व ट्रेनर शिवपाल यादव हैं। इसके जरिए सपा जनता को तबाह कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कटेहरी, मझवा व फूलपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनसभाएं कीं। तीखा हमला करते हुए कहा कि अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, खान मुबारक सपा के प्रोडक्शन हाउस की उपज थे। यह लोग अपराध के साथ बिजनेस करते थे। गाजीपुर में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय, रमेश पटेल, रमेश यादव समेत सात लोगों को माफिया ने भून डाला था। तब सपा सरकार



ने कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन माफिया मुख्तार अंसारी के मरने पर सपा मुखिया वहां फातिहा पढ़ने चले गए। योगी ने कहा कि सपा सरकार में अतीक अहमद के गुंडों ने प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल की निर्मम हत्या कर दी। जब डबल इंजन सरकार आई, तब इस परिवार को न्याय मिला। सरकार ने जब अपना वास्तविक रूप दिखाया तो इनका रामनाम सत्य होने में देर न लगी। योगी ने याद दिलाया कि पिछले साल भाजपा लौहपुरुष वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी तब सपा और उसके मुखिया भारत के विभाजन के जिम्मेदार जिन्ना की जयंती मना रहे थे। इन्हें जिन्ना प्यारा है। कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति पर सर्वाधिक अत्याचार सपा शासन के दौरान हुआ। 2015-16 में इन लोगों ने अनुसूचित जाति-जनजाति के बच्चों की छात्रवृत्ति रोक दी थी, उसे भी हमने शुरू कराया। कई मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि जो सरकार गरीब, किसान, युवा की आवाज न सुनती हो, उसे डूब मरना चाहिए। योगी ने कहा कि भाजपा ने सुहेलदेव राजभर को सम्मान दिया, लेकिन सपा को भय है कि ऐसा करेगी तो मुस्लिम वोट खिसक जाएगा। उन्होंने इंडी गठबंधन को देश व समाज के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि इसलिए हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक लगी। उन्होंने कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवा से सुचिस्मिता मौर्य व फूलपुर से दीपक पटेल को जिताने की अपील की।

### बेटियों की इज्जत से खेलोगे तो पहुंचा देंगे जहन्नुम

कटेहरी में योगी ने कहा कि यह क्षेत्र प्रखर समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की पावन भूमि है। एक समय जयप्रकाश, डॉ. लोहिया, आचार्य नरेंद्र देव, चंद्रशेखर, जनेश्वर जैसे लोग समाजवादी आंदोलन को नेतृत्व दे रहे थे। तब आदर्श आंदोलन माना जाता था। लेकिन आज देख सपाई, बिटिया घबराई। योगी ने अयोध्या में सपा नेता मोइद खान समेत कन्नौज, लखनऊ व हरदोई आदि की घटनाओं का जिक्र करते हुए चेतावनी दी कि बेटियों की इज्जत से खेलोगे तो जहन्नुम पहुंचा देंगे।

### एक नजर

#### यूपी नीट पीजी की पहली काउंसिलिंग 18 से

**लखनऊ।** यूपी नीट पीजी के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए 18 नवंबर से ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू होगी। 25 नवंबर तक अभ्यर्थियों को कालेजों की प्राथमिकता देनी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि 27 नवंबर को सीट आवंटन परिणाम घोषित होंगे। 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक दाखिला लेना होगा।

#### कांस्टेबल ने गोली मारकर की आत्महत्या

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कोंडागांव जिले में रविवार को 27 वर्षीय कांस्टेबल ने सर्विस पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कांस्टेबल के परिवार के एक सदस्य के हवाले से बताया कि वह मानसिक समस्या से ग्रस्त था।

#### हाथियों ने दो बच्चों को कुचलकर मार डाला

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में हाथियों ने दो बच्चों को कुचलकर मार डाला। शनिवार रात करीब एक बजे सोते समय हाथियों का दल झोपड़ी में घुस गया। पति-पत्नी और तीन बच्चों ने भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन दो बच्चे नहीं निकल सके। जिन्हें हाथियों ने रौंद दिया। यह मामला सूरजपुर वनमंडल के प्रेमनगर के महेशपुर के आश्रित गांव चितखई का है जहां जंगल में परिवार झोपड़ी बनाकर रह रहा था।

## रिटायरमेंट से 51 दिन पहले एसीएस पर्यावरण को हटाया

### आईएएस मनोज सिंह को शासन ने प्रतीक्षारत करते हुए अनिल कुमार तृतीय को सौंपा प्रभार

- पर्यावरण विभाग के दो और अधिकारियों पर गिरी अनियमितता बरतने के मामले में शासन की गाज
- मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस का हवाला देते हुए लापरवाही बरतने वालों दे चुके हैं कार्रवाई की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने दस आईएएस अधिकारियों के कामकाज में परिवर्तन किया है। इस कड़ी में शनिवार की देर रात एक चौंकाने वाला फैसला करते हुए शासन ने प्रभावशाली नौकरशाह के रूप में पहचान रखने वाले वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह को रिटायरमेंट से डेढ़ महीने पहले उनके पद से हटा दिया। उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है। उनके विभाग की जिम्मेदारी श्रम एवं सेवायोजन व खनन विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार तृतीय को दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार को लेकर समीक्षा बैठकों में निरंतर जीरो टॉलरेंस का हवाला देते हुए लापरवाही बरतने वाले विभागों के मुखिया पर कार्रवाई की चेतावनी देते रहे हैं।



मनोज सिंह

ऐसे में सेवानिवृत्ति से 51 दिन पहले मनोज सिंह से अचानक पदभार छीन लेने को लेकर नौकरशाही में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

मनोज सिंह को 3 जून 2021 को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में तैनाती दी गई थी। इधर, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी गंगा नदी में गंदगी को लेकर गंभीर टिप्पणी की है। ट्रिब्यूनल के अनुसार, गंगा का पानी आचमन के लायक भी नहीं है। एनजीटी ने मुख्य सचिव से चार सप्ताह में इससे निपटने और जल को दूषित होने से रोकने के लिए हलफनामा दाखिल करने को कहा है। उन्हें प्रतीक्षारत करने के पीछे एक कारण यह भी माना जा रहा है। मनोज सिंह वर्ष 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं जबकि अनिल कुमार तृतीय 1998 बैच के हैं। नौकरशाही में चर्चा है कि विभाग में व्याप्त अनियमितता और शासकीय कार्यों में लापरवाही की रिपोर्ट निरंतर ऊपर तक पहुंच रही थी। लगभग 80 वन क्षेत्राधिकारियों के ट्रांसफर में बरती गई नियमितताओं को लेकर भी शासन ने बीते अक्टूबर माह में स्पष्टीकरण तलब किया था। इतना ही नहीं शामली की एक व्यावसायिक इकाई को पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को बाईपास कर सीधे एनओसी जारी कर देने का प्रकरण भी चर्चा में है।

### स्लॉटर हाउस को एनओसी देने में हैं गड़बड़ियां

**लखनऊ।** इस बीच उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुख्य पर्यावरण अधिकारी विवेक राय और उन्नाव के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अनिल माथुर को निलंबित कर दिया गया है। स्लॉटर हाउस को एनओसी देने में गड़बड़ी पर यह कार्रवाई की गई है। बताते हैं ये गड़बड़ियां उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष मनोज सिंह के कार्यकाल में हुई थी। उन्नाव और गाजियाबाद में स्थित स्लाटर हाउस को अनधिकृत रुप से अनापत्ति सार्टिफिकेट जारी करने के आरोप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दोनों को निलंबित किया गया है। विवेक राय को गोमतीनगर स्थित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। पहले भी विवेक राय भ्रष्टाचार व वित्तीय अनिमितताओं के आरोप में निलंबित किए जा चुके हैं। निरंतर अनिमितताओं की शिकायत मिलने के बाद मुख्य सचिव ने बोर्ड के चेयरमैन से रिपोर्ट तलब की थी। रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को बोर्ड में व्याप्त अनियमितताओं से अवगत कराया था। इसी के बाद निलंबन की यह कार्रवाई की गई है। माना जाता है कि ऐसे ही मामलों को लेकर भी विभाग के मुखिया को तलब किया गया था। जिसमें उन्होंने अपनी सफाई पेश की थी। अन्य कई अधिकारी भी जांच के घेरे में हैं।

## जाति जनगणना कराने और कई सुविधाएं देने का वादा

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए एमवीए का घोषणा पत्र जारी

- लड़कियों को कैंसर के मुफ्त टीके, एक लाख सालाना
- महिलाओं को हर साल 500 की दर से छह रसोई गैस सिलेंडर

मुंबई, एजेंसी

विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें नौ से 16 वर्ष की लड़कियों के लिए सर्विकल कैंसर के मुफ्त टीके और मासिक धर्म के दौरान महिला कर्मचारियों के लिए दो वैकल्पिक अवकाश का वादा किया गया है। महाराष्ट्रनामा शीर्षक वाले घोषणापत्र में जाति आधारित जनगणना, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिए अलग विभाग की स्थापना, बाल कल्याण के लिए मंत्रालय का गठन और महिलाओं को हर साल 500 रुपये की दर से छह रसोई गैस सिलेंडर देने का भी वादा किया गया है। गठबंधन ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए निर्भय महाराष्ट्र नीति बनाने और शक्ति कानून लागू करने का



मुंबई में एमवीए का घोषणा पत्र जारी करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत और एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले।

वादा भी किया। 18 वर्ष की आयु होने पर प्रत्येक लड़की को एक लाख रुपये देने का भी आश्वासन दिया।

मुंबई में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए एमवीए का घोषणापत्र जारी किया, जहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत भी मौजूद थे। एमवीए द्वारा घोषित लोकलुभावन योजनाओं पर सवालों का जवाब देते हुए खरगे ने कहा कि हमें सरकार दीजिए और हम आपको बजट देंगे। उन्होंने कहा कि अगर आप गरीबों की मदद करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, तो आपको कोई न कोई रास्ता मिल ही जाएगा। सुले और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि अगर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत में वृद्धि और भ्रष्टाचार को रोका जाए तो पर्याप्त धन उपलब्ध होगा। घोषणापत्र में युवाओं के कल्याण के लिए युवा आयोग की स्थापना, बेरोजगार शिक्षित स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को 4,000 रुपये प्रति माह भत्ता और राज्य सरकार में 2.5 लाख पदों पर भर्ती का आश्वासन भी दिया गया है। 300 यूनिट तक उपयोग पर मासिक 100 यूनिट तक बिजली बिल में छूट का आश्वासन भी दिया।

## केदारनाथ पैदल मार्ग का पुनर्निर्माण तेज

- मार्ग को दुरुस्त करने में जुटे हैं 700 मजदूर
- 31 जुलाई को भारी आपदा से हुआ था क्षतिग्रस्त

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद पैदल मार्ग पुनर्निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। कड़ाके की ठंड में करीब 700 मजदूर मार्ग को दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं। केदारनाथ में इन दिनों रात का तापमान माइनस चार डिग्री तक पहुंच रहा है। दिन में भी काफी सर्दी हो रही है।

मालूम हो कि इस वर्ष 31 जुलाई को भीषण आपदा के चलते



पैदल मार्ग ठीक करने में जुटे मजदूर।

गौरीकुंड से केदारनाथ तक करीब 15 किमी पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। विभिन्न पड़ावों पर हजारों तीर्थयात्री व स्थानीय लोग फंस गए थे। प्रदेश सरकार की पहल पर युद्ध स्तर पर रेस्क्यू अभियान चलाकर फंसे यात्रियों व स्थानीय लोगों को निकाला गया। करीब महीने भर यात्रा बाधित रही, फिर वैकल्पिक व्यवस्था कर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस जवानों की देखरेख में यात्रियों को केदारनाथ तक पहुंचाया गया। तीन नवंबर को केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ पैदल मार्ग का पुनर्निर्माण युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया। पुनर्निर्माण कार्य तीन चरणों में होना है। पहले चरण का कार्य हो चुका है। दूसरे चरण में भवन सहित पुल, सीवर लाइन, एसटीपी प्लांट आदि कार्य किए जा रहे हैं। तीसरे चरण में धाम में पुल, अस्पताल, बीकेटीसी भवन सहित अन्य कार्य होंगे। केदारनाथ के लोनिवि अधिशासी अभियंता विनय झिक्वांण के मुताबिक इस वर्ष के आखिर तक कई कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

## न्यायमूर्ति खन्ना आज लेंगे सीजेआई पद की शपथ

**नई दिल्ली।** चुनावी बॉण्ड योजना को खत्म करने और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने जैसे सुप्रीम कोर्ट के कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सोमवार को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति खन्ना, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ का स्थान लेंगे जो रविवार को सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति खन्ना का कार्यकाल 13 मई 2025 तक रहेगा। केंद्र ने 16 अक्टूबर को प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ की सिफारिश के बाद 24 अक्टूबर को न्यायमूर्ति खन्ना की नियुक्ति को आधिकारिक रूप से अधिसूचित किया।



- 51वें प्रधान न्यायाधीश होंगे

## जल्द पड़ने वाली है कड़ाके की सर्दी, 15 से मौसम में बदलाव

- माह के अंत तक पड़ने लगेगी सनसनाती सर्दी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में कड़ाके की सर्दी जल्द शुरू होने वाली है। 15 नवंबर के बाद विभिन्न जिलों का मौसम बदलेगा और माह के अंत तक सनसनाती सर्दी पड़ने लगेगी। हालांकि नवंबर के बावजूद इस साल उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के अन्य राज्यों में भी ठंड का असर अभी देखने को नहीं मिल रहा है। केवल रात में और सुबह ही लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है।

हर साल नवंबर महीने या दिवाली के बाद मौसम बदल जाता था और लोग गर्म कपड़े पहन लेते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल पश्चिमी विक्षोभ का असर काफी कम है। पहाड़ों पर बर्फबारी नहीं हो रही है जिससे मैदानी क्षेत्रों में ठंड का असर नहीं है। पहले के वर्षों में नवंबर तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाता था जिससे पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो जाती थी, मैदानों में भी बारिश होती थी। जिससे कड़ाके की ठंड शुरू हो जाती थी। फिलहाल, दो-तीन दिन तक उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौसम इसी तरह सामान्य रहेगा। रात में ठंड, सुबह में कोहरा तथा दिन में धूप रहेगी। हालांकि 15 नवंबर से ठंड का एहसास होना शुरू हो जाएगा। मासांत तक सनसनाती सर्दी महसूस होने लगेगा।

## गैंगस्टर बबलू श्रीवास्तव की समयपूर्व रिहाई याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि उसने गैंगस्टर ओम प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू श्रीवास्तव की समयपूर्व रिहाई की नवीनतम याचिका को खारिज कर दिया है, जो 1993 में अतिरिक्त सीमा शुल्क कलेक्टर की हत्या के लिए बरेली सेंट्रल जेल में उम्रकैद काट रहा है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ को अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने बताया किश्रीवास्तव ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है और समयपूर्व रिहाई के लिए दायर याचिकाओं का खुलासा नहीं किया है। पीठ ने 8 नवंबर के आदेश में श्रीवास्तव के वकील से अब तक दायर याचिकाओं के आदेश और केस रिकॉर्ड दाखिल करने को कहा। श्रीवास्तव ने समयपूर्व रिहाई पर विचार के वास्ते सरकार को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।



- उप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

## यूसीसी के कार्यान्वयन को चार सदस्यीय समिति गठित

- यूसीसी का ड्राफ्ट बनाने वाले सदस्य इस समिति में भी

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** राज्य में समान नागरिक संहिता जल्द लागू करने की कवायद जारी है। विधायी द्वारा यूसीसी के तकनीकी पक्षों पर अभी विचार जारी है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चार सदस्यीय समिति की गठन किया गया है।

राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने से पहले उसके तकनीकी पक्षों का बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है। इसी वजह से इसे राज्य स्थापना दिवस पर लागू नहीं किया जा सका। समान नागरिक संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश सरकार ने पूर्व आईएएस शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में चार सदस्यीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया है, जिसे राज्यपाल ने स्वीकृति दे दी है। यह समिति यूसीसी लागू करने से संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मियों के प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, पोर्टल आदि में मार्गदर्शन और परामर्श सहायता देगी। समिति में दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़, एडीजी अमित सिन्हा और स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा शामिल हैं।

**आकर्षण** बाघ, हाथी और गैंडे ही नहीं, बस चुका है रंग-बिरंगे पक्षियों का सुंदर संसार, इन दिनों झादीताल, ककरहा ताल समेत कई जलाशयों में मेहमान पक्षियों का बसेरा

## दूर देशों के पक्षियों के कलरव से गूंज रहे दुधवा के जलाशय

रामचंद्र शुक्ल, पलिया कलां (खीरी)

**अमृत विचार :** दुधवा के जंगलों में सिर्फ बाघ, हाथी और गैंडे ही नहीं वास करते हैं बल्कि यहां के जंगल और जलाशय रंग-बिरंगे और दिलकश पक्षियों से भी भरे पड़े हैं। इन दिनों दुधवा टाइगर रिजर्व की किशनपुर सेंच्युरी का झादीताल और ककरहा तालाब मेहमान पक्षियों के कलरव से गुलजार होने लगा है। सर्दी की दस्तक के साथ ही ठंडे देशों से हजारों किलोमीटर की उड़ान भरकर आए मेहमान पक्षी आकर्षण



का केन्द्र बने हुए हैं।

दुधवा टाइगर रिजर्व के उप निदेशक डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाने वाली पक्षियों की लगभग 1250 प्रजातियों में से लगभग 450 प्रजातियां दुधवा टाइगर रिजर्व परिक्षेत्र में हर साल ठंड में आती हैं। इन पक्षियों का कलरव यहां के जलाशयों, नदी- नालों, नम भूमि वाले घास के मैदानों, गगनचुंबी साखू, शीशम, सागौन, जामुन आदि के पेड़ों व झाड़ियों के झुरमुट आदि में देखते ही बनता है। पक्षियों की चहचहाहट और किलोल सुनने के लिए सैलानियों का तांता लग जाता है। इनमें साइबेरिया, चीन, जापान, रूस, तिब्बत और नेपाल आदि देशों की गगनचुंबी बर्फीली पहाड़ियों से मेहमान बनकर आने वाले विविध आकर्षक प्रवासी पक्षी भी शामिल होते हैं । यह संयोग की ही बात है कि जब दुधवा टाइगर रिजर्व (जिसमें दुधवा नेशनल पार्क, किशनपुर वन्य जंतु बिहार एवं कतर्नियाघाट घाट वन्य जीव विहार शामिल हैं) देशी -विदेशी पर्यटकों के लिए खोला जाता है, उसी समय अत्यंत सुंदर एवं मनमोहक प्रवासी पक्षियों का आगमन भी शुरू हो चुका होता है। जिन्हें देखते ही पर्यटक मंत्रमुग्ध हो उठते हैं।

### सर्दियों में आते हैं ये प्रवासी पक्षी

प्रवासी पक्षियों की जो प्रजातियां यहां स्वत: उगे वृक्षों, जल एवं नम प्रान्त वाले भूभागों आदि में अपना आवास बनाकर शीत ऋतु के चार माह बिताती हैं। उनमें पिनटेल, कामनटील, पोचर्ड, स्पाट विल, बंगाल फ्लोरिकन, विजन, कूट, मेलार्ड, ग्रेनेज गूज, सुर्खाव, शावलर आदि प्रमुख हैं। चिंता की बात है कि दुधवा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के जल भाग वाले भूखंडों पर तेजी से अतिक्रमण हो रहा है और

> दुधवा न केवल जलचर, थलचर जीवों से समृद्ध है, बल्कि 450 प्रजातियों के परिंदे यहां की जैव विविधता बनाए हुए हैं। यहां पाए जाने वाले पक्षी यहां की मनोनुकूल जलवायु, बेहतर भौगोलिक परिस्थितियां, मनपसंद आहार, स्वादिष्ट जल व सुरक्षित शरण स्थल इत्यादि पाकर अपने जीवन के विविध रासरंग रच आने वाले सैलानियों को आह्लादित करते रहते हैं।
>
> **-ललित वर्मा**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा।

### दुधवा में हैं अद्भुत भारतीय पक्षी

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के विभिन्न क्षेत्रों में आठ प्रकार के बगुले, कई प्रकार के सारस, चार प्रकार के विटर्न्स, तीन प्रकार के जल कौवे, कई प्रकार के गिद्ध, चील, बाज, तोते सहित टिटहरी, बटेर, गौरैया, फाख्ता, धोबिन अंगिया, पतरंगा, बुलबुल, मुनिया, कठफोड़वा, सिलौटी, कबूतर, मोर, उल्लू चमगादड़, कोयल, पपीहा, खंजन, सारंग, धनवास, निकुही, तीतर, हरियल, कौवे, हुदहुद, धनेश आदि अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं।

## सार-संक्षेप



रानीबाग चित्रशिला घाट में खुले में रखी लकड़ियां। ● अमृत विचार

### रानीबाग चित्रशिला घाट में टिन शेड बनाने की मांग

**भीमताल** : रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में विद्युत शवदाह गृह बन गया है, लेकिन ज्यादातर लोग अभी भी अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। टिन शेड न होने के कारण घाट में शवदाह के लिए लकड़ियां खुले में रखी जाती हैं। जिससे बरसात के मौसम में लकड़ियां भीगने से अत्यधिक परेशानी होती है। पर्यावरण प्रेमी शिक्षक दीपक नौगांई लंबे समय से लकड़ियों को रखने के लिए टिन शेड बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक मांग पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ग्राम प्रधान कलावती थापा, सामाजिक कार्यकर्ता भुवन लाल साह, संतोष साह, पूर्व बीडीसी सदस्य महेश भंडारी, पूर्व महिला मंगल दल अध्यक्ष प्रेमा भंडारी ने प्रशासन, नगर निगम व वन निगम से शीघ्र चित्रशिला घाट में लकड़ियों को रखने के लिए टिन शेड बनाने की मांग की है।



भूमिया मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत कथा के दौरान उपस्थित महिलाएं। ● अमृत विचार

### राजा सुरथ और समाधि वैश्य की कथा सुनाई

**हल्द्वानी** : बिठौरिया स्थित भूमिया मंदिर में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत कथा के षष्ठ दिवस कथा व्यास पंडित बसंत बल्लभ त्रिपाठी ने मां दुर्गा की महिमा बताते हुए वृत्तासुर की कथा सुनाई। बताया कि जब वृत्तासुर ने इंद्र को पराजित कर दिया तब सभी देवताओं ने महर्षि दधीचि से उनकी अस्थियों की याचना की। इसके बाद दधीचि ने अपनी अस्थियों को वज्र रूप में वृत्तासुर के वध के लिए देवताओं को प्रदान किया। इस प्रकार इंद्र ने अस्थि वज्र को वृत्तासुर पर मारा और उसका अंत किया। व्यास त्रिपाठी ने राजा सुरथ और समाधि वैश्य की कथा भी सुनाई। जिन्होंने मेधा ऋषि से ज्ञान लेकर देवी की भक्ति की और अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। इस अवसर पर प्रेम बल्लभ कांडपाल, तेज सिंह धोनी, केसी त्रिपाठी, महेश चंद्र जोशी, अनिल पांडे, लक्ष्मण सिंह, माया, रमेश तिवारी, हेम पांडे, टीकम सिंह, कैलाश जोशी, हेमा पांडे, कुसुम त्रिपाठी, दीपा जोशी मौजूद रहे।



जेजेएम योजना के तहत बिछाई गई पेयजल लाइन। ● अमृत विचार

### पेयजल लाइन बिछाने में मानक दरकिनार

**भीमताल** : जल जीवन मिशन (जेजेएम) योजना के तहत हर घर को नल से जोड़ने का काम तो तेजी से चल रहा है, लेकिन सड़कों के किनारे मानकों को ताक पर रखकर पाइप डाले जा रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण अमृतपुर क्षेत्र में देखा जा सकता है। यहां करीब पौने दो करोड़ की लागत से जेजेएम योजना के तहत कार्य स्वीकृत हैं, लेकिन पाइप लाइन को ठीक प्रकार से जमीन के अंदर नहीं डाला जा रहा है। कहीं पाइप लाइन हवा में झूल रही है तो कहीं सड़क के ऊपर है। जबकि मानक के अनुसार पाइप लाइन को लगभग दो फुट जमीन के अंदर होना चाहिए। स्थानीय विधायक और जनप्रतिनिधियों के इस मामले में चुप्पी साधने से ग्रामीणों में रोष पनप रहा है। उन्होंने कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग उठाई है। इधर, जल संस्थान के सहायक अभियंता आरपी डोबाल ने बताया कि ठेकेदार की ओर से पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जहां पाइप लाइन हवा में होगी, उसे ठीक किया जायेगा।

### विकासखंड स्तरीय शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी आज

**भीमताल** : प्राथमिक शिक्षक संघ की त्रिवार्षिक विकासखंड स्तरीय शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी और चुनाव प्रक्रिया सोमवार (आज) को ब्लॉक सभागार में संपन्न होगी। गोष्ठी के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट तथा विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी व उप शिक्षा अधिकारी होंगे। शिक्षक दीपक नौगांई ने बताया कि सुबह 10 से 1 बजे तक गोष्ठी होगी।

# वीकेंड पर बढ़ा वाहनों का दबाव, हाईवे पर जाम ही जाम

## रविवार की सुबह से रही जाम की स्थिति, मंगलपड़ाव से काठगोदाम तक पहुंचने में लगा डेढ़ घंटे से अधिक समय

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : रविवार का पूरा दिन लोगों का जाम में गुजर गया। नजारा यह था कि जहां कभी वाहनों की कतार नहीं लगी, वहां भी वाहन कतार में खड़े नजर आये। वीकेंड पर उमड़े वाहनों की वजह से ऐसी स्थिति हुई। आलम यह हुआ कि मिनटों का सफर पूरा करने में राहगीरों को घंटों का समय लग गया। उस पर कई स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी न होने से स्थिति सामान्य नहीं हो सकी।

इन दिनों पर्यटक बड़ी संख्या में नैनीताल, कैंची धाम समेत अन्य पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। वीकेंड मनाने के बाद बड़ी संख्या में रविवार को पर्यटक अपने घर को लौटे। जिससे नैनीताल हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ गया। वहीं नैनीताल में भी पर्यटकों की संख्या बढ़ने से दिनभर जाम की स्थिति रही। वाहनों की संख्या बढ़ने से काठगोदाम से हल्द्वानी आने वाला नैनीताल हाईवे जगह-जगह बुरी तरह चोक हो गया।

तिकोनिया से लेकर नैनीताल डिस्ट्रिक कोऑपरेटिव बैंक तिराहे तक और कोतवाली से लेकर मंगलपड़ाव तक हालात बेहद बुरे थे। यातायात संभालने के लिए नैनीताल बैंक तिराहे और रोडवेज गेट पर यातायात पुलिस के जवान तैनात थे, लेकिन ट्रैफिक इतना ज्यादा था कि चाहते हुए पुलिस कर्मी कुछ नहीं कर सके। बड़ी वजह यह थी कि अग्रसेन चौक पर यातायात संभालने वाला कोई दिखाई नहीं दिया। जिसका नतीजा यह हुआ कि नो एंट्री होने के बावजूद लोग अग्रसेन चौक से रामपुर रोड की ओर जा रहे थे, जिसके चलते यातायात लगातार बाधित हो रहा था। मंगलपड़ाव में पुलिस चौकी के ठीक सामने ऑटो, ई-रिक्शा और टैंपो चालकों की मनमानी की वजह से यातायात में अवरोध उत्पन्न होता रहा। एसपी ट्रैफिक हरबंस सिंह ने बताया कि शहर में वाहनों का दबाव सामान्य दिनों के मुकाबले रविवार को अधिक था। रूट डायवर्जन प्लान जारी नहीं किया गया था, इसलिए समस्या अधिक हुई।



नैनीताल रोड पर सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल के बाहर लगी वाहनों की लंबी कतार। ● अमृत विचार

### डायवर्जन प्लान जारी करना भूला पुलिस प्रशासन

**हल्द्वानी** : शहर में किसी तरह का कार्यक्रम आयोजित हो या फिर वीकेंड, पुलिस हमेशा डायवर्जन प्लान जारी करती है, लेकिन इस दफा पुलिस डायवर्जन प्लान जारी करना भूल गई। इसी भूल का खामियाजा पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को उठाना पड़ा। पुलिस जब डायवर्जन प्लान जारी करती है तो पर्यटक वाहनों को शहर में आने की मनाही होती है। नैनीताल से रामपुर और बरेली रोड को आने और जाने वाले गौला बाईपास का प्रयोग करते हैं। जबकि कालाढूंगी रोड जाने वालों को कोलटैक्स तिराहे से डायवर्ट किया जाता है।

### चौड़ीकरण के बावजूद जाम, चालकों की मनमानी हावी

**हल्द्वानी** : हल्द्वानी रोडवेज बस स्टेशन के लेकर कालूसिद्ध तक सड़क को एक ओर चौड़ा कर दिया गया, लेकिन बेस अस्पताल की ओर भी ओके होटल तक सड़क चौड़ी हो चुकी है, बावजूद इसके जाम से निजात नहीं मिल रही। इसकी वजह वाहन चालकों की मनमानी। अमूमन यूपी रोडवेज की बसें बस अड्डे के बाहर चौड़ी हुई सड़क खड़ी होकर सवारियां ढोती हैं। जीरो जोन होने के बावजूद बॉटल नेक में ऑटो और टुकटुक चल रहे हैं। रामपुर रोड पर सिंधी चौराहे से सरगम सिनेमा तक सवारी वाहन सड़क पर खड़े होकर सवारियां ढोते हैं।

# सैलानियों से गुलजार रहे सभी पर्यटन स्थल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : वीकेंड पर रविवार को सरोवर नगरी में सैलानियों की काफी भीड़ रही। नगर के सभी पर्यटन स्थल दिनभर सैलानियों की आवाजाही से गुलजार नजर आये। हालांकि डे-विजिट पर आने वाले सैलानियों की संख्या अधिक रही। इससे दिनभर जाम की स्थिति रही।

पर्यटकों की आमद बढ़ने से शहर के पर्यटन कारोबारी काफी खुश हैं। रविवार को नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों ने शहर के स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, वाटर फॉल, हनुमानगढ़ी व सरिताताल का दीदार किया। पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही इन पर्यटन स्थलों पर बनी रही। मालरोड में भी चहल कदमी करने वाले सैलानियों की भीड़ रही।

नौका विहार करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। शाम के समय सूर्यास्त का आनंद उठाने के लिए हनुमानगढ़ी क्षेत्र में काफी संख्या में सैलानी पहुंचे। शहर के साथ-साथ पंगोट, मुक्तेश्वर, रामगढ़, भीमताल, सातताल, कैंची धाम व भवाली में भी सैलानियों की काफी भीड़ रही।

इधर, पर्यटकों की भीड़ बढ़ने से नैनीताल में जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। रविवार को जाम लगने से पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ी। सुबह से लेकर शाम तक पुलिस कर्मी जाम को खुलवाने में जुटे रहे।



नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ बढ़ने के बाद जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

# अप्रैल में होगा राजकीय पेंशनर्स का अधिवेशन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : राजकीय पेंशनर्स कल्याण एसोसिएशन की एक बैठक रविवार को संपन्न हुई। जिसमें एसोसिएशन का अधिवेशन आगामी अप्रैल माह में कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में सोशल मीडिया के माध्यम से कुमाऊं विवि के खिलाफ अनर्गल भ्रामक खबरों से विवि की छवि खराब करने पर चिंता व्यक्त की गई।

एसोसिएशन के महामंत्री बहादुर सिंह बिष्ट ने बताया कि आगामी अप्रैल माह के द्वितीय सप्ताह में अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में विगत दिनों सोशल मीडिया में कुमाऊं विश्वविद्यालय के खिलाफ भ्रामक खबरों से विश्वविद्यालय की खराब हो रही छवि पर गहरी चिंता व्यक्ति की गई। साथ ही शासन से आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। राज्य कर्मचारी संघ परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने अधिवेशन के लिए परिषद की तरफ से 20 हजार रुपये देने की घोषणा दी की। निर्णय लिया गया कि 80 वर्ष से ऊपर आयु वाले सदस्य पेंशनरों को अधिवेशन में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही निर्धन एवं मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। बैठक में सल्ट बस दुर्घटना में दिवंगत हुए यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक की अध्यक्षता मंजू रौतेला ने की। इस दौरान जेसी उप्रेती, चंद्रकांता खोलिया, मुन्नी थापा, सुनील साह, एआर आर्य, निर्मल पांडे, जगदीश सिंह बिष्ट, कुंवर सिंह जलाल, खुशाल सिंह कार्की, यतींद्र साह मौजूद रहे।

# नैनीताल बैंक को बेचा जाना दुर्भाग्यपूर्ण

**कार्यशाला**

- दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में कर्मचारियों ने किया विरोध
- देशभर में हड़ताल करने की चेतावनी दी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : निजी व अर्द्धसरकारी बैंक कर्मचारियों की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला रविवार को संपन्न हो गई। रॉयल होटल सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में देशभर के 11 से अधिक बैंक यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें कर्मचारियों व अधिकारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए प्राइवेट सेक्टर बैंक यूनियन सेल के चेयरमैन केजी पनीन्द्र ने देशभर के प्राइवेट बैंकों को नेशनल बैंक बनाये जाने, बैंकों में रिक्त कर्मचारियों व अधिकारियों के स्थायी पद भरने समेत विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये, जिन्हें आरबीआई और केंद्र सरकार तक पहुंचाया जायेगा, ताकि कर्मचारियों को कामकाज के दौरान होने वाली समस्याओं से निजात मिल सके। राष्ट्रीय कार्यशाला में नैनीताल बैंक को बेचे जाने का मुद्दा भी छाया रहा। केजी पनीन्द्र ने कहा कि नैनीताल बैंक उत्तराखंड का सबसे पुराना बैंक है, जिसे बेचा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसका संगठन पुरजोर विरोध करता है। यदि बैंक को बेचा गया तो देशभर में हड़ताल के माध्यम से विरोध किया जायेगा।

वहीं, नैनीताल बैंक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण शाह ने बताया कि कार्यशाला में बैंकों में आउटसोर्स के माध्यम से कर्मचारियों और अधिकारियों की नियुक्ति, पेंशनर्स की समस्याएं और कर्मचारियों के शोषण जैसे अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान नैनीताल बैंक के मुकेश पंत, निर्मल जोशी, रजत साह, सौरभ शर्मा, अजय बिष्ट, मोनू, सुरेश शुक्ला, महेश गुप्ता, रमेश राम, धर्म सिंह मौजूद रहे।




राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल निजी व अर्द्धसरकारी बैंकों के कर्मचारी व अधिकारी। ● अमृत विचार



कालाढूंगी बाजार में कार द्वारा क्षतिग्रस्त दुकानों को देखते राहगीर। ● अमृत विचार

# टिन शेड तोड़कर शिलापट से टकराई कार, चालक घायल

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार** : रविवार की तड़के मुख्य बाजार में एक बेकाबू कार ने पहले सड़क किनारे टिन शेड को तोड़ा। उसके बाद सड़क पर लगे शिलापट से जा टकराई। घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने कालाढूंगी सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार जय कुमार टम्टा पुत्र अशोक कुमार टम्टा निवासी वार्ड नं 6 रविवार की तड़के अपनी कार से कालाढूंगी से हल्द्वानी की ओर आ रहा था। तभी कार मुख्य बाजार में बस अड्डे के पास अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे चाय के ठेले, एक दुकान का टीनशेड और जोशी जनरल स्टोर के बार रखे फ्रिजर को रौंदते हुए शिलापट से जा टकराई। गश्त कर रही पुलिस ने घायल कार चालक को तुरंत सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हल्द्वानी डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर, घटना में कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गये। कार का अगला टायर निकलने पर कार रूक गई। गनीमत रही कि घटना उस समय हुई जब बाजार में सन्नाटा पसरा था। थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि घटना सुबह साढे.तीन बजे की है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है।



ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**टेनिस टूर्नामेंट** नैनीताल के न्यू क्लब में चल रही टेनिस प्रतियोगिता का हुआ समापन, विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

# पुरुष डबल्स में हल्द्वानी के सहर्ष और रजत ने जीता मैच

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : न्यू क्लब में चल रही टेनिस प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। पुरुष ओपन एकल वर्ग में रामनगर के मानस तिवारी ने रजत कुमार सती को 7-3, 30 से 40 आयु वर्ग में पुलकित बाबा रुद्रपुर ने वीरेन्द्र साह नैनीताल को 7-5, 50-60 आयु वर्ग में राजेश कुमार रुद्रपुर ने राजेंद्र सिंह अधिकारी नैनीताल को 7-2 तथा 60-70 आयु वर्ग में हल्द्वानी के हरीश प्रसाद ने हल्द्वानी के ही देवेन्द्र सिंह रावत को 7-2 से हराकर फाइनल मुकाबला जीता।

वहीं, पुरुष डबल्स में हल्द्वानी के सहर्ष पांडेय व रजत कुमार सती ने रामनगर के सुमित तिवारी व मानस तिवारी को 7-2, 40 से 50 के डबल्स में रितेश शर्मा व आसिम बेग ने नैनीताल के अमर जगाती व भास्कर साह को 7-5, 50 से 60 वर्ग में रितेश शर्मा व राजेश कुमार ने रामनगर के ललित मोहन जोशी व कमल सती को 7-4 से, 60-70 वर्ष आयु वर्ग में हल्द्वानी के हेम कुमार पांडेय व हरीश प्रसाद ने डीएस रावत व राजेंद्र सिंह मेहता को 7-3 से हराया। प्रतियोगिता के समापन पर उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुमित गोयल व मुख्य अतिथि पूर्व सांसद महेंद्र पाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।



ट्रॉफी के साथ टेनिस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार



प्रतियोगिता के दौरान ऐपण बनातीं स्कूली छात्राएं।

### निहारिका और अंकिता ने बनाई सबसे सुंदर ऐपण

**नैनीताल, अमृत विचार** : संस्कृति और धरोहर के संरक्षण के लिए प्रथम राजेंद्र लाल साह ओपन और 11वीं चंद्र लाल साह इंटर स्कूल स्मृति ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वृंदावन स्कूल में हुई प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में 13, इंटर स्कूल वर्ग में 27 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सीओ प्रमोद साह शामिल रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को ऐपण की बारीकियों के बारे में जानकारी की। इंटर स्कूल वर्ग में निहारिका साह प्रथम, स्वर्णिका साह द्वितीय, आरती आर्या तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं ओपन वर्ग में अंकिता रौतेला ने पहला, मेघना साह ने दूसरा, दीक्षा साह ने तीसरा स्थान पाया। इंटर स्कूल में सनवाल चैंपियन बना। निर्णायक बृजमोहन जोशी, शीला साह, सुधा साह और जानकी साह रहे। कार्यक्रम संयोजक राखी साह ने बताया कि अगले वर्ष से प्रतियोगिता से पूर्व विद्यार्थियों को ऐपण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर शीला साह, आलोक साह, सुरेश लाल साह, सुरेश चंद्र चौधरी, मनोज साह, शैलेंद्र चौधरी, हितेश साह, हर्षित साह, मयंक साह, मोहित लाल साह, भारती साह, मोहित साह, घनश्याम लाल साह मौजूद रहे। संचालन शैलेंद्र साह ने किया।

### हाईकोर्ट क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक जारी

**नैनीताल** : हाईकोर्ट क्षेत्र में बीते शुक्रवार को आवारा कुत्तों के झुंड ने चार लोगों को काट लिया, जिसके बाद नगर पालिका की टीम ने क्षेत्र से कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया। लेकिन अब तक पालिका की टीम एक कुत्ते को भी नहीं पकड़ पाई। हाईकोर्ट क्षेत्र में सैनिक स्कूल के समीप आवारा कुत्तों ने चार राहगीरों को काट कर घायल कर दिया था। जिनका बीडी पांडे अस्पताल में उपचार किया गया।

सूचना के बाद पालिका ईओ ने आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए टीम बनाकर हाईकोर्ट क्षेत्र में भेजी। देर शाम तक टीम कुत्तों को खोजती रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार को भी पालिका की टीम क्षेत्र में पहुंची, लेकिन पूरे दिन कुत्तों का पीछा करने के बाद भी एक कुत्ता टीम की गिरफ्त में नहीं आ सका। टीम को देख कुत्ते ऊपर जंगल की ओर भाग गये। ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि कुत्तों को पकड़ने का अभियान लगातार चलाया जाएगा।

# जिला स्तरीय ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : गोवर्धन हाल में जिला ताइक्वांडो क्लब की ओर से जिला स्तरीय सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ताइक्वांडो एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष चंद्रविजय सिंह बिष्ट ने किया।

इस प्रतियोगिता में जिलेभर की दर्जनों टीमों ने प्रतिभाग किया। रविवार को आयोजित मुकाबलों में सभी टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में वृंदावन ताइक्वांडो क्लब, संजय ताइक्वांडो क्लब, नैनीताल ताइक्वांडो क्लब, फ्यूचर ताइक्वांडो अकैडमी, तरुण ताइक्वांडो क्लब, रामनगर ताइक्वांडो क्लब, हल्द्वानी ताइक्वांडो क्लब, शुभम ताइक्वांडो क्लब के करीब 100 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के तहत फाइनल मुकाबला सोमवार को खेला जाएगा। जिसके बाद विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

इस अवसर पर सरस्वती खेतवाल, हाइकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार जोशी, सुनील सिंह थापा, समीर कुमार, विनोद वैद्य, नितेश शर्मा, रोहित प्रसाद, कृष्णा, हरीश नयाल, भरत सिजवाली, सोनिया पांडे, तरुण भट्ट, करिश्मा, भास्कर सुयाल आदि मौजूद रहे।

**आज का मौसम**

ठंडी हवाओं के साथ आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

29.0° अधिकतम तापमान | 20.2° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.33 | सूर्यास्त 17.19

# 24 साल में भी 'स्वस्थ' नहीं हो सकी राज्य की चिकित्सा सेवाएं

## चिकित्सकों की भारी कमी, सुरक्षित प्रसव कराना अभी भी बना चुनौती, मेडिकल कॉलेज तो खुले लेकिन डॉक्टर नहीं मिल रहे

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड बनने के बाद उम्मीद थी कि अब पहाड़ की दिक्कतें दूरी होंगी। खासकर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके उलट स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं बदतर होती चली गईं। राज्य गठन के 24 साल बाद भी कोई भी सरकार डॉक्टरों को पहाड़ चढ़ाने में कामयाब नहीं हो सकी। नतीजा, कभी डोली तो कभी पालकी से मरीजों को पहले सड़क, फिर कार से बड़े-बड़े शहरों के अस्पतालों तक पहुंचाया जाता है। यह हालत हर पर्वतीय जिले की है। जनता आज भी 'बीमार' चिकित्सा सेवाओं से जूझ रही है।

मैदानी इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं पर थोड़ा बहुत काम हुआ है जिस वजह से पहाड़ों के सरकारी अस्पताल रेफरल सेंटर बनकर रह गये हैं। राज्य में एक के बाद एक मेडिकल कॉलेजों को खोला गया लेकिन डॉक्टरों की कमी होने की वजह से मेडिकल कॉलेजों का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। यही नहीं जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य की बात करें तो अस्पतालों में प्रसव कराने के मामले में हम राष्ट्रीय औसत से पीछे हैं। राज्य में अभी भी ऐसे बच्चों की संख्या अच्छी खासी है जिन्हें वैक्सीन नहीं लगती है। इसका कारण यह है कि दुर्गम क्षेत्रों तक भी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पाई हैं जिस वजह से 24 साल में स्वस्थ्य नहीं बल्कि अस्वस्थ्य उत्तराखंड बना पाये हैं।

**आयुष अस्पतालों को लेकर बातें ज्यादा लेकिन काम कम :**
हल्द्वानी : उत्तराखंड को आयुष चिकित्सा का हब बनाने के लिये बाते की जा रहीं हैं लेकिन असलियत में देखें तो काम कम हो रहा है। आयुर्वेदिक विभाग की ओर से संचालित आयुष अस्पतालों में डॉक्टरों के साथ ही अन्य स्टाफ की कमी बरकरार है। राज्य में चिकित्साधिकारी पद पर 253 डॉक्टरों की कमी है। चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पद पर 29 डॉक्टरों की कमी है। इनमें जो 61 पद भरे गये हैं वह भी संविदा के आधार पर ही भरे गये हैं। आयुर्वेदिक फार्मासिस्टों के कुल स्वीकृत 692 पदों में से 21 पद खाली हैं। होम्योपैथी चिकित्सा में भी चिकित्साधिकारी के स्वीकृत 111 पद में 28 पद खाली चल रहे हैं।



### जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में अभी भी चिंता बरकरार

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की पांचवीं रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 83.2 प्रतिशत प्रसव ही अस्पतालों में होते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा 88.6 प्रतिशत है। राज्य में अस्पतालों में जो प्रसव होते हैं उनमें से 53.3 प्रतिशत प्रसव सरकारी अस्पतालों में होते हैं बाकी निजी अस्पतालों में होते हैं। अभी भी राज्य में 88.6 प्रतिशत 12 से 23 माह के बच्चों को ही पूरी तरह से वैक्सीन लगाई जा रही हैं। राज्य में केवल 52.5 प्रतिशत बच्चे ही जन्म के कुछ समय के बाद अपनी मां का स्तनपान कर पाते हैं। राज्य में 58.8 प्रतिशत छह माह से पांच साल के बच्चों में हीमोग्लोबिन की मात्रा मानकों से कम होती है। महिलाओं का भी यही हाल है। 15 से 49 साल की महिलाओं में 42.6 प्रतिशत महिलाओं का हीमोग्लोबिन कम है।



### पर्वतीय जिलों में एंबुलेंस की भी संख्या कम

आपतकालीन सेवाओं में पहाड़ की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद यहां मैदानी इलाकों से कम एंबुलेंस दी गईं हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश में कुल 272 एंबुलेस हैं। इनमें बीएलएस (बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस) सेवा में 218 और एएलएस (गर्भवती महिलाओं के लिये) सेवा में 54 एंबुलेंस हैं। देहरादून जिले में 32, हरिद्वार में 29, ऊधमसिंह नगर जिले में 25 और नैनीताल जिले में 23 एंबुलेंस हैं चार जिलों में 109 एंबुलेंस हैं जबकि बाकी के नौ पर्वतीय जिलों में 163 एंबुलेंस हैं। क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़े जिले पिथौरागढ़ में 18, उत्तरकाशी में 19 और चमोली में 22 एंबुलेंस ही हैं। सबसे कम 10-10 एंबुलेंस बागेश्वर और चंपावत जिले में हैं।

### 24 साल में यहां खड़ा है उत्तराखंड

- 46.6 प्रतिशत गर्भवती ही आयरन की दवा का पूरा कोर्स करती हैं।
- घरों में जन्म लेने वाले बच्चों में 3.1 प्रतिशत बच्चे ही 24 घंटे में विशेषज्ञ की देखरेख लेते हैं।
- राज्य के 14.3 प्रतिशत लोग डायबटीज से पीड़ित हो चुके हैं।
- छह से 23 माह के 12.5 बच्चों को ही पूरी तरह से पोषण युक्त भोजन मिलता है।
- पहाड़ों में 80 हजार लोगों की आबादी पर एक सीएचसी की आवश्यकता है, लेकिन 44 सीएचसी की कमी है।
- अधिकांश सीएचसी में गाइनाकोलॉजिस्ट डॉक्टर मौजूद नहीं हैं।

### मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों की कमी



हल्द्वानी : राज्य में मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों की कमी होने की वजह से वे रेफरल सेंटर बनकर रह गये हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में सभी विभागों में 100 से ज्यादा डॉक्टरों की कमी है। श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में 25 डॉक्टरों की कमी है। अल्मोड़ा के मेडिकल कॉलेज में 35 प्रतिशत डॉक्टरों की कमी है। हरिद्वार में मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की संख्या को पूरा करने के लिये दूसरे मेडिकल कॉलजों से डॉक्टर भेजे गये। दो माह पूर्व देहरादून मेडिकल कॉलेज में 100 डॉक्टरों के पदों के लिये साक्षात्कार रखे गये थे लेकिन आठ ही डॉक्टर साक्षात्कार देने आये थे। स्वास्थ्य विभाग की बात करें तो विभाग में 276 डॉक्टरों की कमी चल रही है।

## एक नजर

### अवैध शराब संग एक धरा



**हल्द्वानी :** ट्रांसपोर्टनगर चौकी पुलिस ने देवलचौड़ जूनियर हाईस्कूल के पास स्थित खंडहर से बागेश्वर जिले के कांडा थाना क्षेत्र के ग्राम दबौली निवासी सुंदर बजेठा पुत्र नारायण सिंह बजेठा को गिरफ्तार किया। उसके पास से अवैध शराब बरामद की गई। आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया गया है।

### महिला को टक्कर मारने वाले अज्ञात पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** शिकायतकर्ता चंद्रप्रभा साह ने बताया कि वह भोटिया पड़ाव स्थित अपने घर से कुछ दूरी पर मंदिर गई थी, लौटते वक्त तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गई। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# गुरुग्राम के पर्यटकों की कार खाई में गिरी, छह घायल

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** नैनीताल से वापस लौट रहे गुरुग्राम के पर्यटकों की कार रविवार देर सांय नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग पर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में 6 पर्यटक घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को खाई से बाहर निकालकर कालाढूंगी सीएचसी भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम करीब 9.30 बजे गुरुग्राम (हरियाणा) के पर्यटक इनोवा कार से नैनीताल घूमकर वापस लौट रहे थे। कालाढूंगी से आठ किलोमीटर ऊपर प्रिया बैंड के पास पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। राहगीरों ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रेस्क्यू कर 108 सेवा से सीएचसी पहुंचाया। हादसे में शशि कुमार (26), अभिषेक (28), पारस बत्रा (30), कुशल खंडेलवाल (27), साकेत सत्यम (27) निवासी आवास अपार्टमेंट्स गुरुग्राम (हरियाणा) व चालक तरुण कुमार कृष्णा कॉलोनी गुरुग्राम (हरियाणा) घायल हो गए। चिकित्सकों ने सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को हल्द्वानी रेफर कर दिया। चालक ने बताया कि कार प्रिया बैंड पर अनियंत्रित हो गई। थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।



घायलों को खाई से निकालकर 108 सेवा से अस्पताल भेजती पुलिस।

# धौलाखेड़ा में बनेगा 132 केवी पॉवर सबस्टेशन

रजनी मेहता हल्द्वानी

**अमृत विचार:** लंबी सप्लाई लाइन होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में लोड बढ़ते ही बिजली जाने की समस्या से जल्द निजात मिलने जा रहा है। ऊर्जा निगम के धौलाखेड़ा 33 केवी सबस्टेशन की जमीन पर पिटकुल एक नया 132केवी का पॉवर सबस्टेशन बनाएगा। इससे 40 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर से वोल्टेज ड्राप होने और सप्लाई डेमेज की संभावाएं कम होंगी। इसके लिए 91.64 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। पिटकुल की ओर से जमीन हस्तांतरण की कार्रवाई कर मौके पर योजना के तहत कार्य शुरू कर दिया गया है।

शहर के ग्रामीण वितरण खंड को जल्द ही एक नया पॉवर सबस्टेशन मिलेगा। इससे धौलाखेड़ा बिजलीघर पर लोड बढ़ने पर वितरण प्रणाली सामान्य रह सकेगी। वर्तमान में धौलाखेड़ा में 33 केवी बिजलीघर है। इस बिजली घर को सप्लाई काठगोदाम स्थित 132 केवी के बिजली घर से होती है। धौलाखेड़ा बिजली घर से काठगोदाम बिजली घर के बीच लगभग 16 किमी लंबी लाइन बिछी है जिससे लाइन लास काफी अधिक होता है। इसके साथ ही फाल्ट आने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में लाइन में फॉल्ट आने पर कई बार कई दिनों तक समस्या बनीं रहती है। बरेली रोड से लेकर लालकुंआ फीडर तक उपभोक्ताओं को ऐसे में परेशान होना पड़ता है। पिटकुल के अनुसार रिंगलेन बनाकर इस पॉवर सबस्टेशन से टीपीनगर बिजलीघर को भी सप्लाई हो सकेगी। इससे टीपीनगर में भी लोड बेलेंस करने के अलावा डबल लेन सप्लाई हो सकेगी। शहर में गर्मी और जाड़े के सीजन में सप्लाई लोड बढ़ने पर अक्सर ग्रामीण क्षेत्र वोल्टेज ड्रॉप होने की समस्या देखने को मिलती है। ऐसे में धौलाखेड़ा में 132 केवी का पीएसएस बनने से यहां के पांच फीडरों के अलावा टीपीनगर के छह फीडरों के लगभग 28 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को इसका फायदा मिलेगा। पिटकुल के अनुसार इसके लिए निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है पीएसएस में 40 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर स्थापित करने के साथ 500 मीटर लाइन भी बिछाई जाएगी। इस कार्य को दो साल में पूरा कर दिया जाएगा।



धौलाखेड़ा में पिटकुल की ओर से निर्माणाधीन पॉवर सबस्टेशन। ● अमृत विचार

**40** एमवीए के दो ट्रांसफार्मरों से डबल लेन होगी सप्लाई

"धौलाखेड़ा में 132 केवी पॉवर सबस्टेशन बनाने की तैयारी की जा रही है। यूपीसीएल की जमीन को खरीदकर उसमें पिटकुल की ओर से कार्य शुरू कर दिया गया है। दो साल में इस पॉवर सबस्टेशन को तैयार किया जाना है। इसका लाभ धौलाखेड़ा और टीपीनगर पीएसएस को भी होगा।
– **एलएम बिष्ट**, एसई, प्रोजेक्ट इंचार्ज

### खटीमा में भी पिटकुल बना रहा पीएसएस

नैनीताल जिले में के उधम सिंह नगर के खटीमा में भी पिटकुल एक नया बिजलीघर बनाएगा। इसमें 40 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगाकर पिटकुल खटीमा और सितारगंज की आबादी के लिए वितरण प्रणाली को मजबूत करेगा।

# बीमारी ने छीना रोजगार तो काम छोड़ तस्कर बन गया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अपराध**

- हाथ में हल्का लकवा होने के बाद बेचने लगा स्मैक
- थोड़ी सी मेहनत पर मिलने लग गया था मोटा मुनाफा



**अमृत विचार :** छोटी सी बीमारी क्या लगी पेंटर अपना काम छोड़कर स्मैक बेचने लगा। बाद में पेंटर पेशवर तस्कर बन गया। बनभूलपुरा पुलिस ने तस्कर को रंगेहाथ गिरफ्तार कर दिया।

पुलिस के मुताबिक एसआई शंकर नयाल, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, करन दानू और मो.यासीन बीते शनिवार को गशत पर थे। तीनों बनभूलपुरा में नमरा मस्जिद के पास पहुंचे तभी एक युवक उन्हें देखकर भाग खड़ा हुआ। हालांकि पुलिस ने उसे दबोच लिया। पकड़ में आते ही आरोपी ने उसके पास मौजूद स्मैक निकाल कर पुलिस को थमा दी। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गोपाल मंदिर नई बस्ती बनभूलपुरा निवासी अरशद हुसैन पुत्र शाहिद बताया। उसके पास से पुलिस को 12.02 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी ने बताया कि वह पेंट करने का काम करता है, लेकिन कुछ समय पहले शरीर के बायें हिस्से को हल्का सा लकवा लग गया। जिसकी वजह से वह काम करने में थोड़ा असमर्थ हो गया और फिर स्मैक बेचने लगा। उसने पुलिस पूछताछ में बताया कि यह काम आसान है, इसलिए यह काम कर रहा था। बरामद स्मैक वह गोपाल मंदिर नई बस्ती बनभूलपुरा निवासी मिक्की वारसी से लाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# थानों में खुलें सीएपीएफ हेल्पलाइन, पेंशन बहाली की मांग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पूर्व केंद्रीय सशक्त पुलिस बल कार्मिक संगठन ने उठाई मांग
- स्वास्थ्य और मदिरा के लिए जताया सरकार का आभार

**अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय सशक्त पुलिस बल कार्मिक संगठन ने प्रदेश के हर थाने में सीएपीएफ हेल्पलाइन खोलने समेत तमाम मांगें की। संगठन के लोगों ने इसको लेकर रविवार को नगर निगम सभागार में बैठक की।

संगठन के अध्यक्ष रिटायर्ड डिप्टी कमांडेंट डीएस बोहरा की अध्यक्षता में शुरू हुई बैठक में पूर्व सैनिकों ने केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य सुविधा और केंद्रीय मदिरा प्रबंधन प्रणाली का लाभ देने के लिए सरकार का आभार जताया। साथ ही पूर्व सैनिकों ने सेना की तर्ज पर देहरादून में सीएपीएफ निदेशालय खोलने की मांग की। उत्तराखंड के थानों में सीएपीएफ हेल्पलाइन खोलने, केंद्र सरकार की ओर से 2004 में बंद की गई पेंशन को बहाल करने व सेवानिवृत्त सैनिकों की आकस्मिक मृत्यु के बाद उन्हें आठ हजार रुपये की धनराशि सहायता अनुरूप देने का आदेश जारी करने की मांग की। इस अवसर पर बीएस टोलिया, सीएस मर्तोलिया, बीएस मर्तोलिया, श्रीराम सिंह, आरसी पलाड़िया, बीडी भट्ट, बीसी बोराई, हीरा सिंह, चंदन सिंह, प्रेम सिंह, शेर सिंह, एपी लोहनी, शेर सिंह कोरंगा, पीसी जोशी, कुंदन सिंह, राजेश बनकोटी, हयात सिंह, महेश वर्मा, मनीराम आनंद, कुंदन राम, राजेंद्र बिष्ट, बच्चीराम छिमवाल, आनंद रहे।




नगर निगम सभागार में हुई बैठक में मौजूद पूर्व सीएपीएफ संगठन के पदाधिकारी।

# हल्द्वानी में दिवाली के प्रदूषण से छाई धुंध

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में इन दिनों धुंध छाई हुई है। आमजन इसे कोहरा समझ रहे हैं लेकिन यह कोहरा नहीं है। दिवाली पर बढ़े प्रदूषण के बाद इस तरह की स्थिति बनी हुई है। बारिश होने के साथ ही धुंध छटेगी और कोहरा लगना शुरू हो जाएगा।

विगत चार से पांच दिनों से हल्द्वानी में धुंध छा रही है। पहले यह कम थी और बाद में धीरे-धीरे बढ़ती गई। रविवार को पूरे दिन ही धुंध छाई रही। मौसम विज्ञानियों के अनुसार दीपावली के दौरान नैनीताल जिले के भाबर में एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 190 माइक्रोग्राम को पार कर गया था। साथ ही करीब एक सप्ताह तक शहर में एक्यूआई का स्तर सामान्य स्तर से बढ़ा रहा। हल्द्वानी में सामान्य तौर पर एक्यूआई का स्तर 90 से 100 माइक्रोग्राम होता है। सर्द मौसम की शुरूआत में धुंध ऊपर की ओर नहीं जा पाती है इसलिए धीरे-धीरे जमीन से कुछ ऊपर छाने लगती है। इस वजह से हल्द्वानी में इन दिनों कोहरे जैसा अहसास हो रहा है लेकिन यह कोहरा नहीं है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विज्ञानी डॉ. आरके सिंह के अनुसार बारिश होने के साथ ही यह धुंध पूरी तरह से हट जाएगी।

### 15 नवंबर के बाद बढ़ेगी ठंड, सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

**काशीपुर, अमृत विचार :** तराई में अगले सप्ताह से मौसम बदलेगा और तापमान में दो से तीन डिग्री तक की कमी आने का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। डॉ. आरके सिंह ने बताया कि बरसात न होने और रात दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने के कारण अभी गर्मी बनी हुई है और सर्दी दस्तक नहीं दे रही है। अगले सप्ताह से हल्की बूंदाबांदी होने के बाद पश्चिमी विक्षोभ पूरी तरह खुल जाएगा। जिसके बाद ठंड बढ़नी शुरू होगी। रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस रहा। बारिश नहीं होने के चलते नवंबर माह तक लोगों को गर्मी का अनुभव हो रहा है। अगले सप्ताह से मौसम तराई में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। जिसके बाद तामपान दो से तीन डिग्री तक होगा।

**हाल बेहाल** गौलापार के बागजाला में एक साल पहले जल संस्थान ने खोदी लाइन, वन विभाग ने रोका काम, एक साल बाद भी लोनिवि ने नहीं बनाई सड़क

# गड्ढामुक्त सड़कों का दावा फेल, खस्ताहाल सड़कें बनी जानलेवा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** प्रदेश के मुख्यमंत्री सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने का दावा करते हैं लेकिन शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की खस्ताहाल सड़कें इन दावों पर पलीता लगा रही हैं। विभागों की लापरवाही व आपसी खींचतान से सड़कों का निर्माण नहीं हो पा रहा है और इस पर भी बनी हुई सड़कों को योजनाओं के नाम पर खोदकर छोड़ दिया जा रहा है।

गौलापार के बागजाला क्षेत्र में पेयजल लाइन बिछाने के नाम पर एक साल से सड़क खोदकर छोड़ दी गई है। इससे सड़कों में जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं और सड़क पूरी तरह उखड़ गई है। क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल लाइन बिछाने के लिए लगभग एक साल पहले जल संस्थान की ओर से पेयजल लाइन बिछाने का काम शुरू किया गया। योजना के तहत लगभग तीन किमी. सड़क खोदकर इसमें पाइप भी बिछा दिए गए थे लेकिन इसी दौरान वन विभाग ने जल संस्थान को इसे वन भूमि का हवाला देकर जल जीवन मिशन का कार्य रुकवा दिया। तब से लेकर आज तक सड़कें जस की तस हालत में हैं। क्षेत्र में सर स्टीफन पब्लिक स्कूल के पास की पूरी सड़क उखड़ी हुई है जिसमें कई बार स्थानीय लोग चोटिल हो चुके हैं। सड़क पर दोपहिया वाहन चालकों के साथ ही पैदल राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है।

इसी तरह जसबु मंदिर के पास की सड़क खस्ताहाल हालत में है। आंचल डेरी के पास की सड़क उखड़ चुकी है जिसमें दोपहिया वाहन चालक कई बार रपट चुके हैं। ओमकार इंटरप्राइजेज के पास की सड़क भी खराब हालत में है। बरसात के दिनों में स्थानीय लोगों को सड़क से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करने को विवश हैं।



गौलापार में बदहाल सड़क। ● अमृत विचार

"विभाग की ओर से जेजेएम के तहत पेयजल लाइन बिछाई जा रही थी जिसमें बजट का कुछ हिस्सा खर्च भी किया जा चुका था लेकिन वन विभाग ने काम रोककर लाइन बिछाने की अनुमति देने से मना कर दिया। विभाग की ओर से लोनिवि को सड़क निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की धनराशि दी जा चुकी है।
– **अजय कुमार**, ईई, जल संस्थान ग्रामीण क्षेत्र



"सालों बाद सड़क बनाई गई जिसे लेकर स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल था लेकिन 2-3 माह में ही पेयजल लाइन बिछाने के नाम पर बनी हुई सड़क खोद दी। खराब सड़क में कई लोग गिरकर चोटिल हो गए हैं और एक साल बाद भी सड़क नहीं बनाई गई है।
– **लीला देवी**



"स्कूल के पास सड़क खराब होने से कई बार बच्चे गिरकर चोटिल हो गए हैं और बरसात के दौरान दोपहिया वाहन चालकों के साथ ही पैदल राहगीरों के लिए सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। पूरे क्षेत्र की सड़कें खराब हैं जिसे शीघ्र ठीक किया जाना चाहिए।
– **मीनाक्षी भट्ट**



"सरकारी विभागों के बीच सामंजस्य न होने के कारण बनी हुई सड़क खोद दी गई। सड़क खोदी गई थी तो जिम्मेदार विभाग को इसे ठीक करना चाहिए था लेकिन आज तक पेयजल लाइन का काम भी अधूरा है और सड़क भी नहीं बनाई गई।
– **प्रेम सिंह**

### न तो स्थानीय लोगों को पानी मिला, न सड़क ही बनी

**हल्द्वानी :** क्षेत्र में सिंचाई के नलकूप से पानी की आपूर्ति की जाती है जिसमें नलकूप ठप होने के कारण स्थानीय लोगों को कई सप्ताह तक पानी नहीं मिल पाता है। साथ ही कई बार बिजली गुल होने से पानी नहीं मिल पाता है। जेजेएम योजना का कार्य शुरू होने पर लोगों को उम्मीद थी कि इसके पूरा होने पर पानी की समस्या दूर हो जाएगी। एक साल बीतने के बाद भी न तो पेयजल लाइन का काम पूरा हुआ और न ही सड़क बन पाई। पिछले साल जल संस्थान ने पेयजल लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी थी जबकि इससे 2 से 3 माह पहले ही नई सड़क बनाई गई थी। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब पेयजल लाइन बिछाई जानी थी तो सड़क निर्माण पहले क्यूं किया गया। फिलहाल जनता की खासी फजीहत हो रही है।

# अर्द्धनग्न होकर बनाई रील पुलिस ने किया 'लाइक'

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हाईवे पर अर्द्धनग्न होकर रील बनाना युवक को भारी पड़ गया। कमेंट और लाइक के चक्कर में बनाई रील पर पुलिस की नजर पड़ी तो तुरंत एक्शन हुआ। पुलिस युवक को थाने लाई और उसकी बाइक सीज कर दी। साथ ही युवक को माफी मांगनी पड़ी।

पुलिस के मुताबिक शनिवार रात नैनीताल रोड पर एक युवक अर्धनग्न होकर तेज रफ्तार में बाइक पर स्टंट कर रहा था। जिस कारण हाईवे पर लोगों की जान सांसत में पड़ गई। युवक के दोस्त उसकी वीडियो बना रहे थे। मामले की शिकायत 112 के माध्यम से पुलिस तक पहुंची। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने सीसीटीवी के माध्यम से स्टंटबाज युवक को खोजना शुरू किया। यूके 04 एएन 5723 नंबर पर बाइक सवार स्टंट करता युवक पुलिस को दिखाई दिया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने तत्काल पुलिसकर्मियों को वाहन नंबर की मदद से चालक का पता लगाने को कहा तो युवक की पहचान श्याम सिंह निवासी तोला रैकूनी रीठा साहिब चम्पावत के रूप में हुई। जिसे पुलिस थाने लेकर आई। जहां युवक ने माफीनामा दिया। साथ ही भविष्य में इस तरह से जानलेवा स्टंट न करने की बात कबूली। पूछताछ में युवक ने बताया कि इंस्टाग्राम पर लाइक्स के लालच में वह स्टंट कर रहा था।



### अनेक नामों से जाने जाते हैं खूबसूरत प्रवासी परिंदे, किष्किंधा पुराण में मिलता है इनका जिक्र

# कोसी बैराज में नजर आया सुर्खाब का जोड़ा

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचार :** क्या तुम पर सुर्खाब के पर लगे हैं...इस मुहावरे को सभी ने बचपन में या किस्से कहानियों में सुना होगा। यही प्रवासी परिंदे इन दिनों उत्तराखंड की झीलों में अपना रुख कर रहे हैं। वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार ने बताया कि सुर्खाब को चकवा, चकवी, लालो, कोकनद, लोहित, चक्रवात, केसर पड़िया के नाम से पुकारा जाता है।

जबकि पक्षी विशेषज्ञ इन्हें ब्राह्मणी डक एवं रेडी शैल्डेक के नाम से पुकारते हैं। इन खूबसूरत प्रवासी परिंदों की बोली कौवे जैसी कर्कश, कांव कांव से मिलती जुलती है। इन दिनों ये परिंदे कोसी बैराज में दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल इनकी संख्या कम है, लेकिन जल्द ही संख्या बढ़ने से कोसी बैराज में रौनक बढ़ जायेगी। रजवार के अनुसार सुर्खाब दक्षिणी पूर्वी यूरोप, मध्य एशिया एवं उत्तरी अफ्रीका में बड़ी-बड़ी झीलों, नदियों एवं समुंद्र के किनारे अपना समय बिताती है। सर्दियों में यह परिंदे हजारों मील का सफर तय कर भारत पहुंचते हैं और जनवरी या फरवरी माह के प्रथम सप्ताह तक यहां रहते है। अक्सर यह जोड़ो में ही दिखाई देते हैं। कहा जाता है कि यह दिन में जोड़े के साथ रहते हैं और रात के समय बिछुड़ जाते हैं, इसलिए भारतीय कवियों ने इनका चकवा, चकवी के रूप में अपनी कविताओं में उल्लेख किया है। रामचरितमानस के किष्किंधा कांड में भी इन परिंदों का उल्लेख चक्रवात के रूप में किया गया है। प्राचीन अश्वमेघ के अंतर्गत बलिजीवों की सूची ऋग्वेद (2, 39 ,3) तथा यजुर्वेद में भी इनका उल्लेख है। अलबता इन दिनों प्रवासी पक्षियों के आगमन से नेचरगाइड खासे उत्साहित हैं।



कोसी बैराज में सुर्खाब का जोड़ा। ● दीप रजवार

## वन्य जीव संघर्ष टालने को किया जागरूक

**रामनगर :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व सर्पदुली रेंज के अन्तर्गत दैवीचौड़ा गांव में लिविंग विद् टाइगर के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। समाजसेवी पिताम्बर राम की अध्यक्षता में हुई बैठक में वन आरक्षी चन्दन सिंह बिष्ट ने ग्रामीणों को वन एवं वन्य जीव तथा मानव वन्य जीव संघर्ष के न्यूनीकरण के लिए जागरूक किया। कहा कि शीतकाल के दौरान ग्रामवासी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति जैसे घास, चारा-पत्ती और जलौनी लकड़ी आदि के लिए जंगलों में प्रवेश करते हैं। जिससे उनके वन्य जीवों से टकराव की संभावना बनी रहती है। बिष्ट ने ग्रामीणों को पारिस्थितिकी तंत्र में बाघ व उसकी भूमिका के बारे में बताया। बैठक में रेंजर उमेश चन्द्र आर्या, पंकज रावत, विजयपाल, जय किशन, महेश मौजूद रहे।

# फल पट्टी कानून में संशोधन की मांग

- उद्यान मंत्री गणेश जोशी से मिला शिष्टमंडल
- पैतृक भूमि का उपयोग परिवर्तन नहीं कर पा रहे किसान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** भाजपा नेता गणेश रावत के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने देहरादून में उद्यान मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री को रामनगर फल पट्टी क्षेत्र के लोगों की समस्या से अवगत कराते हुए फल पट्टी कानून में संशोधन की मांग की।

रावत ने बताया कि वर्ष 2002 में फल पट्टी संरक्षण अधिनियम के प्रभाव से 26 गांवों में 143 पर रोक लगी है, जिससे काश्तकार मकान बनाने व व्यवसाय करने के लिए अपनी पैतृक भूमि का उपयोग परिवर्तन नहीं करवा पा रहे हैं। फल पट्टी अधिनियम के अध्ययन और कानूनी मशवरे के बाद उन्होंने पाया की अधिनियम में यह प्रावधान है कि राज्य सरकार एक अधिकारी की नियुक्ति करेगी, जो फल पट्टी क्षेत्र में 143 की अनुमति देगा। एक्ट लागू होने के बाद 22 साल से इस कार्य के लिए सक्षम अधिकारी नियुक्त नहीं हो पाया है। उन्होंने उद्यान मंत्री से काश्तकारों को राहत प्रदान करने के लिए तत्काल प्रभाव से फल पट्टी एक्ट में वर्णित अधिकारी नियुक्त करने और फल पट्टी अधिनियम 2002 में संशोधन करने की मांग की। जिस पर मंत्री गणेश जोशी ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया।



उद्यान मंत्री गणेश जोशी से मिलते भाजपा नेता गणेश रावत। ● अमृत विचार

## एक नजर

### निशुल्क नेत्र शिविर में 110 मरीजों की जांच

**हल्दूचौड़ :** वेदांता नेत्र चिकित्सालय की ओर से हल्दूचौड़ रामलीला मैदान में निशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। जिसमें 110 मरीजों ने जांच कराई। जांच के बाद मरीजों को निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर ग्राम प्रधान दीपा बिष्ट की ओर से आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि जग्गीबंगर में लगातार विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान राजीव पाठक, वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक आशुतोष अस्थाना, दिब्यम, रोहित बिष्ट, रोहित थुवाल, उज्जवल कांडपाल, गोपाल तिवारी, पूरन किरौला, कमल परवाल, मनोज पांडे मौजूद रहे।

### गौधाम की टीम ने भजनों से किया मंत्रमुग्ध

**हल्दूचौड़ :** डूंगरपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चल रहे श्रीमद् रामचरितमानस अखंड पाठ रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता व पूर्व प्रधान बीडी खोलिया की ओर से आयोजित किया गया था। मुख्य आचार्य पंडित मोहन चंद गुरुरानी ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए हवन यज्ञ किया। वहीं गौधाम की टीम ने मनमोहक भजनों के माध्यम से भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक मोहन बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, नवीन दुम्का सहित कई लोग मौजूद रहे।

# गोला फेंक में दिवाकर और दिव्यांशी ने बाजी मारी

### राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ खेल महाकुंभ का आयोजन, खो-खो में हरीश पवार स्कूल रहा विजेता

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज लालकुआं में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया। जिसमें लालकुआं, बिंदुखत्ता और बरेली रोड क्षेत्र के लगभग 100 विद्यालयों के साढ़े 1200 (अंडर 14 व 17 वर्ग) छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

खेल महाकुंभ के दौरान अंडर 14 बालक वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता हुई, जिसमें हरीश पवार स्कूल बिंदुखत्ता ने बाजी मारी। वहीं कबड्डी में दानू इंटर कॉलेज बिंदुखत्ता और वॉलीबॉल में फाउंडेशन अकादमी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा गोला फेंक प्रतियोगिता में दिवाकर पन्त, ऊंची कूद प्रियांशु बिष्ट, लंबी कूद में शुभम मेहता, 600 मीटर दौड़ में मोहित गौतम, 60 मीटर दौड़ में ऋषभ सिंह ने बाजी मारी। वहीं, अंडर 17 बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ नेहा नेगी ने अपने नाम की। 200 मीटर दौड़ में तनीषा बिष्ट, गोला फेंक में दिव्यांशी, चक्का फेंक में संध्या कौर तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिता में केवी हल्द्वानी की टीम विजेता रही। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, खंड शिक्षा अधिकारी हल्द्वानी तारा सिंह और विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश खर्कवाल ने किया गया। संचालन पुष्पा बहुगुणा ने किया। इस अवसर पर कृष्ण उप्रेती, अविनाश कुमार, सतीश चंद्र, उदयवीर सिंह, सुंदर राम, अनिल पांडे, दीपा वर्मा आदि मौजूद रहे।



लालकुआं के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित खेल महाकुंभ में अपनी प्रतिभा दिखाते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### कबड्डी, दौड़ व गोला फेंक में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**कालाढूंगी :** विकासखंड कोटाबाग में चल रहे खेल महाकुंभ में रविवार को खिलाड़ियों ने कबड्डी, ऊंची व लंबी कूद, खो–खो, गोला व चक्का फेंक प्रतियोगिता में दमखम दिखाया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सानणा में अंडर–17 बालक–बालिका वर्ग के विजेताओं व उपविजेताओं को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। इस दौरान त्रिवेणी चंद्र पंत, सुशील चंद्र पंत, ललित मोहन नेगी, सुरेश कुमार, हेमचंद तिवारी, पूरन चंद्र पंत, प्रीति जोशी, सुभाष रस्तोगी, नंदन सिंह रावत, अंकुल कुमार चौहान मौजूद रहे।



कोटाबाग में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### न्याय पंचायत स्यात में खेल महाकुंभ आज से

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्यात के मैदान में सोमवार (आज) से न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में रविवार को बैठक हुई, जिसमें खेल संयोजक त्रिभुवन पांडे ने बताया कि न्याय पंचायत के अंतर्गत सभी विद्यालयों के अंडर 14 व 17 आयु वर्ग के छात्र–छात्राएं प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जन्म प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी संलग्न करके लानी है।

# केवीएम और सिंथिया स्कूल की टीम जीती



प्रतियोगिता का उद्घाटन करते पीएसए के अध्यक्ष कैलाश भगत व अन्य।

संवाददाता, हल्दूचौड़

- एवरग्रीन स्कूल में तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू

**अमृत विचार :** एवरग्रीन सीनियर सेकेंड्री स्कूल बेरीपड़ाव में पब्लिक स्कूल एसोसिएशन (पीएसए) की ओर से आयोजित तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता रविवार से शुरू हो गई। जिसमें पीएसए के अंतर्गत आने वाले स्कूलों के बालक वर्ग में 37 व बालिका वर्ग में 16 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीएसए के अध्यक्ष व निमौनिक स्कूल के प्रबंधक कैलाश भगत एवं एवरग्रीन स्कूल के चेयरमैन एलडी पाठक ने दीप प्रज्जवलित कर किया। पहले दिन बालिका वर्ग में 8 व बालक वर्ग में 15 नॉक आउट मैच खेले गए। बालिका वर्ग में पहला मैच केवीएम सीनियर सेकेंड्री स्कूल हल्द्वानी व निमोनिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल हल्द्वानी के बीच खेला गया। जिसमें केवीएम की टीम विजयी रही। जबकि बालक वर्ग में बीबीएम मोटाहल्दू व सिंथिया सीनियर सेकेंड्री स्कूल हल्द्वानी के मध्य मैच खेला गया। जिसमें सिंथिया स्कूल की टीम विजयी रही। संचालन विद्यालय की अध्यापिका मीना कार्की व मीनाक्षी भट्ट ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सौरभ पाठक, मैनेजर गौरव पाठक, ग्राम प्रधान सीमा पाठक, प्रधानाचार्य मोहन सिंह परवाल, उप प्रधानाचार्य राजेन्द्र पाठक, भूपेश कुमार भट्ट आदि मौजूद रहे।




मंच पर लोक नृत्य की प्रस्तुति देते मदर्स ग्लोरी स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

# बेड़ू पाको बारमासा...पर थिरके बच्चे

संवाददाता, रामनगर

- मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल में हुए कई रंगारंग कार्यक्रम

**अमृत विचार :** मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल में राज्य स्थापना दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

स्कूल के बच्चों ने कुमाउनी लोकगीत बेड़ू पाको बारमासा... पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसे देखकर अभिभावक व शिक्षक मंत्रमुग्ध हो गये। इसके अलावा बच्चों ने कुमाउनी व गढ़वाली लोकगीतों, लोकनृत्यों के जरिये सबका दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान छात्रों ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन से लेकर राज्य बनने तक की गाथा का वर्णन किया। साथ ही शिक्षिकाओं ने राज्य के लिए शहादत देने वाले शहीदों का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। प्रधानाचार्य मीना पांथरी ने कहा कि हमें अपने राज्य पर गर्व है, इसकी समृद्ध परंपराओं को सहेजने का दायित्व भी हमारा है। हमें पर्यावरण को संरक्षित रखते हुए राज्य को उन्नति के पथ पर अग्रसर करना है।

# नए कानून को लेकर जन सम्मेलन 16 नवंबर को

संवाददाता, रामनगर

- विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने लिया निर्णय

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के रूप में लागू किये जा रहे नये कानून को लेकर विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने बैठक कर 16 नवंबर को रामनगर में प्रदेश स्तरीय जन सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस सम्मेलन में जानकारी साझा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समान नागरिक संहिता के नाम पर लाये जा रहे इस कानून न समान है और न ही महिलाओं के हित में है। नए प्रावधानों से निजता, उत्तराधिकार को लेकर महिलाओं के हक और नागरिकों की आजादी का हनन होगा।

इस कानून के दायरे से उत्तराखंड की जनजातियों को बाहर रखा गया है। वक्ताओं ने कहा कि कानून महिलाओं के लिए समान अधिकार, स्वतंत्रता और गैर भेदभाव पर आधारित होना चाहिए। बैठक में उत्तराखंड महिला मंच की कमला पंत, उमा भट्ट, बसंती पाठक, चंद्रकला, समाजवादी लोक मंच के मुनीष कुमार, महिला किसान अधिकार मंच की हीरा जंगपांगी, तरुण जोशी, शंकर गोपाल, विनोद बडोनी, नरेश नौटियाल आदि मौजूद रहे।

# बॉक्सिंग में रामनगर की प्रियंका ने झटका स्वर्ण पदक

**रामनगर, अमृत विचार :** संत एंथोनीस कॉन्वेंट स्कूल ज्योलीकोट में आठ से 10 नवंबर तक राज्य स्तरीय विद्यालयी बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 17 व 19 आयु वर्ग में बालिकाओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। नैनीताल की टीम से खेलते हुए रामनगर उत्तराखंड बॉक्सिंग एकेडमी की प्रियंका बिष्ट ने 60 से 63 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं कोमल चौहान ने 51 से 54 किलो भार वर्ग में रजत पदक और महिमा मनराल ने 42 से 44 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। कोच नन्दन सिंह नेगी ने बताया कि बॉक्सिंग में बच्चों का भविष्य अच्छा है। रामनगर में सुविधाओं का अभाव है। यदि सरकार अच्छी सुविधा दे तो बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा प्रियंका बिष्ट अब उत्तराखंड की टीम से खेलते हुए दिल्ली में होने वाली स्कूल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखायेंगी। छात्राओं की जीत पर कोच नन्दन सिंह नेगी, देवेंद्र भट्ट, संजीव शर्मा, प्रिंसिपल एमपी आई सी, मुकेश ध्यानी, नवीन जोशी, जितेंद्र बिष्ट, अरविंद रावत, प्रकाश रावत, पुष्पा नेहरा आदि ने बधाई दी।



प्रियंका बिष्ट।

# छात्रों को दी साइबर ठगी से बचने की जानकारी




छात्र–छात्राओं को जानकारी देते बैंक अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बैंक अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को बैंकिंग कार्यप्रणाली से अवगत कराने के साथ-साथ साइबर ठगी से बचने की जानकारी दी।

साइंस इन सर्विस ऑफ सोसायटी के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता केनरा बैंक हल्द्वानी के शाखा प्रबंधक विशाल दीक्षित ने इंटरनेट धोखाधड़ी से कैसे बचें, इसके उपाय सुझाए। संयोजक डॉ. बिपिन जोशी ने सोसायटी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एलएम पांडेय ने छात्र-छात्राओं से साइबर ठगी से सतर्क रहने का आह्वान किया गया।

# योजनाओं को स्वीकृति देने की मांग

- शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री धामी को सौंपा मांग पत्र

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** विधायक दीवान सिंह बिष्ट के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने क्षेत्र की महत्वपूर्ण योजनाओं को मुख्यमंत्री से अपनी घोषणा से स्वीकृति प्रदान करने की मांग की।

मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपते हुए गिरिजा देवी मंदिर के टीले के शेष भाग का बाढ़ सुरक्षा कार्य बरसात से पूर्व कराने, मंदिर परिसर के समीप दुकानों का सौंदर्यीकरण करने, पम्पापुरी, भरतपुरी, दुर्गापुरी व कौशल्यापुरी के विनियमितीकरण को स्वामित्व योजना के अंतर्गत कैबिनेट में लाने, ग्रामीण क्षेत्र के 40 पेयजल नलकूपों पर सर्वो वोल्टेज स्टेबलाइजर लगवाने, रामनगर रिंग रोड में 13 से 24 किमी. तक पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य कराने, नगरीय क्षेत्र में सिविल लाइन एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करने, होटल कॉर्बेट किंग्डम से चोरपानी चौराहा तक बाईपास का निर्माण करने, टेढ़ा, मड्डुया, सक्कनपुर में सिंचाई नलकूपों का निर्माण करने, उत्तरी खतरी, फॉरेस्ट कंपाउंड में पेयजल नलकूपों का निर्माण करने, आईटीआई मालधन चौड़ के परिसर में खाली पड़े भवन में वृद्धाश्रम का संचालन करने व मीडिया सेंटर की स्थापना की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री धामी ने शीघ्र उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, भगीरथ लाल चौधरी, गणेश रावत, महिपाल रावत, यशपाल रावत, अरुण कुमार, हेमंत बिष्ट आदि थे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मांग पत्र सौंपता शिष्टमंडल। ● अमृत विचार




## सार-संक्षेप


सिंथिया स्कूल में शिविर के दौरान नेत्र परीक्षण करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

### सिंथिया स्कूल में 150 लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण

**हल्द्वानी :** सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावकों, शिक्षकों, छात्रों व आम जनता के लिए निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर में 150 से अधिक लोगों का नेत्र परीक्षण हुआ। शुभानु आंखों का अस्पताल की ओर से लगाये गए शिविर में रेटिना विशेषज्ञ डॉ. भानु पांगती, सर्जन डॉ. शोभा पांगती, डॉ. अभिषेक ने नेत्र परीक्षण किया और परामर्श दिया। प्रधानाचार्या तूलिका रस्तोगी ने बताया कि शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को भी काफी लाभ मिला है। छात्र-छात्राओं को यह भी बताया कि उन्हें अपनी आंखों का ख्याल रखना चाहिये।इस दौरान आनंद फर्त्याल, कात्यायन रौतेला, इशिता, शिवानी, मनीषा, तनूजा, स्वाति, नम्रता, निकिता, हर्षी, गुंजन, वर्तिका, हिमानी थे।


हल्द्वानी में रविवार को प्रभात फेरी निकालती संगत। ● अमृत विचार

### सब ते वडा सतगुर नानक, जिन कल राखी मेरी

**हल्द्वानी :** साहिब श्री गुरु नानक देव के प्रकाश गुरुपर्व के उपलक्ष्य में रविवार को सुबह पांच बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा से प्रभातफेरी निकाली गई। यह जेल रोड हीरानगर होते हुए गुरुद्वारा पंजाबी कॉलोनी कालाढूंगी रोड पहुंची। भारी संख्या में संगत ने प्रभात फेरी में भाग लिया। शबदी जत्थों के रूप में संगत का उत्साह देखते ही बनता था। जगह-जगह संगत ने घरों को बिजली की मालाओं से सजावजट, आतिशबाजी व पुष्पवर्षा कर प्रभातफेरी का भव्य स्वागत किया। प्रभातफेरी का गुरुद्वारा चार साहबजादे कालाढूंगी रोड पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। संगत ने कीर्तन दरबार में हाजिरी भरी और मुख्य ग्रंथी ने अरदास करवा प्रभातफेरी का समापन किया। आज भी फेरी निकाली जाएगी।


लकी ड्रॉ आयोजन में मौजूद विजेता एवं प्रबंधक एवं स्टाफ के लोग। ● अमृत विचार

### नैनी इलेक्ट्रिकल्स ने लकी ड्रॉ विजेताओं को बांटे पुरस्कार

**हल्द्वानी :** खानचंद बाजार स्थित नैनी इलेक्ट्रिकल्स एंड मशीनरी स्टोर में रविवार को लक्की ड्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आशुतोष खंडेलवाल ने प्रथम पुरस्कार बिठौरिया निवासी राजेन्द्र सिंह बसेड़ा, द्वितीय पुरस्कार आनंद यादव और तृतीय पुरस्कार लामाचौड़ निवासी अर्चना बिष्ट को दिया गया। साथ ही संचिता पाठक, नीरज भट्ट, अतुल कुमार, कुमारी मानिका, श्याम, जसविन्दर सिंह, किशन सिंह कार्की व श्रीराम पाठक को अन्य पुरस्कार दिये गए। नैनी इलेक्ट्रिकल एवं मशीनरी स्टोर के प्रबंधक जय सिंह बिष्ट ने सभी पुरस्कार विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नैनी इलेक्ट्रिकल्स के निदेशक दीपक नैनवाल, जय सिंह बिष्ट, नवीन चन्द्र पांडे, राजेन्द्र सिंह चुफाल, अखिलेश, दिल नवाज, भास्कर बिष्ट, लक्ष्मण मेवाड़ी व प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# काम अधूरा, सात माह पहले लिख दिया 'पूरा'

## बमेठा बंगर में जल संस्थान के ठेकेदार की कारस्तानी, अब जुर्माना लगाकर काहिली छिपाने में जुटा विभाग

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जल संस्थान और जल संस्थान के ठेकेदार पेयजल लाइन बिछाने और कनेक्शन देने में पूरी लापरवाही कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि ठेकेदार की इस लापरवाही में जल संस्थान भी पूरा साथ दे रहा है। जब ग्रामीणों का गुस्सा फूटा तो जल संस्थान के अफसरों की नींद टूटी और अब ठेकेदार पर जुर्माना ठोकने की बात की जा रही है। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बाद भी जल संस्थान ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

बमेठा बंगर केशवदत्त गांव के राधा बंगर और हरिपुर बच्ची में वर्तमान में करीब डेढ़ हजार से अधिक परिवार रहते हैं जिन्हें बमेठा बंगर सिंचाई नलकूप हनुमान मंदिर और गंगापुर कबडवाल से पानी मिलता है। जनसंख्या बढ़ने के साथ ही जल संस्थान की ढिलाई से राधा बंगर और हरिपुर बच्ची में पेयजल संकट इस हद तक गहराया है कि लोगों को अपनी जेब से रुपया खर्च कर टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार राधाबंगर और हरिपुर में गांव में नलकूप और ओवरहेड टैंक के निर्माण के बाद अब तक पेयजल लाइनें बिछाने का काम पूरा नहीं हो पाया है। वहीं, जल संस्थान का दावा है कि राधाबंगर में नलकूप और पंप हाउस बनाकर टैंक बनाने की तैयारी की जा रही है जबकि 14 किमी में से कुछ फीसदी पेयजल लाइन बिछाने का काम अब भी बाकी है। ग्रामीणों के अनुसार कई घरों में अभी भी कनेक्शन नहीं हो पाये हैं। वहीं ओवरहैड टैंक के अलावा पेयजल लाइन बिछनी भी अभी बाकी है। यह बात दीगर है कि जनता और जनप्रतिनिधियों की आंखों में धूल झोंकने के लिए गांव में काम पूरा होने का बोर्ड पहले ही लगा दिया गया। अब फर्म और ठेकेदारों की ओर से काम में लापरवाही और देरी किए जाने पर जुर्माना लगाने की हवाला दे रहा है।



नलकूप के बाहर पेयजल योजना पूरा होने की तारीख लिखा गया बोर्ड। ● अमृत विचार

> अनुबंध की तारीख के आधार पर पेयजल योजना के बोर्ड पर कार्य शुरू होने और पूर्ण होने की तारीख लिखी गई है लेकिन ठेकेदारों की ओर से कार्य समय पर पूरा नहीं करने और नलकूप संचालन के लिए बिजली की सप्लाई लाइन नही मिल पाने के कारण योजना के कार्य समय को बढ़ाया गया है। इसके लिए ठेकेदारों पर पैनॉल्टी लगाकर कार्य को समय पर पूरा कराने की कार्रवाई की जा रही है।
> **-अजय कुमार**, अधिशासी अभियंता जल संस्थान ग्रामीण लालकुंआ

### अफसर बोले-क्षेत्रवासियों ने लगाया अडंगा

राधाबंगर हरिपुर बच्ची में पेयजल योजना के कार्य के दौरान बिजली की लाइन को लेकर विवाद होने को भी विभाग ने कार्य में देरी होने की वजह बताया है। जल संस्थान के अनुसार ऊर्जा निगम को इसके लिए धनराशि देकर कार्य को शुरू करवाया है। एई दीप बेलवाल ने बताया कि पंप हाउस तक सप्लाई लाइन ले जाने पर दो परिवारों में विवाद हो गया इससे कार्य में अडंगा लगाकर कई दिनों तक कार्य को रोका गया। इससे भी योजना में ढिलाई हुई है।

### बोले स्थानीय लोग



> गांव में लंबे समय से पानी की समस्या है। जेजेएम के तहत कार्य तो शुरू हुआ लेकिन बिना पूरा किए ही पूरा होने का बोर्ड लगा दिया है। **-हरेंद्र असगोला**, प्रधान, बमेठा बंगर



> गांव में जेजेएम योजना से पेयजल समस्या का समाधान होना था लेकिन कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है अभी तक कई घरों में कनेक्शन भी नहीं मिले हैं। **- मुकेश**, पूर्व प्रधान, बमेठा बंगर



> कार्य पूरा होना बांकी है। घरों में पेयजल किल्लत बनी है। योजना के तहत लगाए गए बोर्ड में कार्य पूरा करने की तिथि को मार्च 2024 लिखा गया है। **-लक्ष्मी दत्त बमेटा**, बमेठा बंगर

### सदा भगवान का करें चिंतन: नमन कृष्ण महाराज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** श्रीकण्ठ महादेव फाउंडेशन धर्मार्थ न्यास के तत्वावधान में रविवार को मुखानी चौराहा के पास आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन हुआ। इस दौरान धर्म मार्तंड नमन कृष्ण महाराज ने पंचम दिवस की कथा सुनाते हुए मनुष्य की प्रवृत्ति को बिगाड़ने वाले तीन मुख्य दोषों को लेकर समाज को सचेत किया।


नमन कृष्ण महाराज।

कहा कि काम वासना से मनुष्य भोग विलास में चला जाता है। काम विकार ना बने इतने के लिए जीव को सदा भगवान का चिंतन करना चाहिये। कथा में महाराज ने गोपी भक्ति, राधा भाव और भगवान की अनेक बाल लीलाओं का वर्णन किया। इस दौरान प्रदीप बिष्ट, मोहन रावत, भुवन जोशी, संजय दुमका, मधुकर श्रोत्रीय, विपिन भट्ट, संतोष ढैला, हिमांशु मिश्रा, मदन मोहन जोशी, विनीता जोशी, मोनिका ज्योति, उमेश चंद रहे।

# खेल महाकुंभ में जीआईसी डॉन परेवा ने मारी बाजी

संवाददाता, हल्द्वानी

- कोटाबाग में आयोजित हुआ खेल महाकुंभ
- एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कई स्कूलों ने किया प्रतिभाग

**अमृत विचार:** राइंका डॉन परेवा कोटाबाग में नौ से 10 नवंबर तक न्याय पंचायत आमगादी खेल महाकुंभ आयोजित हुआ। सभी वर्गों में खेल के आधार पर डॉन परेवा की टीम पहले नंबर पर रही।

खेल महाकुंभ में एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर-17 आयुवर्ग में 100 मीटर रेस में शुभम और 3000 मीटर दौड़ में सचिन प्रथम रहे। अंडर-14 आयुवर्ग के बालक ग्रुप में 60 मीटर दौड़ में गिरीश और 800 मीटर दौड़ में प्रमोद नेगी प्रथम रहे। अंडर-17 आयुवर्ग में ऊंची कूद में प्रमोद नेगी एवं लंबी कूद में कमल सिंह प्रथम रहे। टीम प्रतियोगिता में अंडर-17 और अंडर-14 बालक व बालिका वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज डॉन परेवा की टीम विजय रही। वॉलीबॉल व कबड्डी में व्यायाम शिक्षक हरि प्रसाद ने खेल संचालन किया। प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज अमगढ़ी, कुंखेत, ओखलढुंगा, जूनियर हाईस्कूल अमतोली ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में संजय कुमियाल, जतिन हरबोला, आविद सिद्दीकी, रश्मि नेगी, जैनेंद्र रावत, जगदीश, बालवीर रावत रहे। इस दौरान प्रधानाचार्य रविशंकर पांडे, क्षेत्र पंचायत सदस्य चंपा देवी, खेल समन्वयक हरीश चंद्र आर्य, डॉ. हरिओम, अनुराग यादव, महेश यादव, दीपा बिष्ट, भावना पंत, पुष्पा यादव, अतुल कुमार रहे।

# शिक्षा से जनजातीय का आत्मसम्मान बढ़ेगा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में शिक्षाशास्त्र विभाग की ओर से रविवार को आजादी के 75 वर्ष जनजाति शिक्षा और चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार की शुरुआत हुई।

सेमिनार के मुख्य वक्ता पूर्व विभागाध्यक्ष व डीन शिक्षाशास्त्र विभाग एसएसजे परिसर अल्मोड़ा के प्रो. एनसी ढौंडियाल ने पिछले 35 सालों की जनजाति क्षेत्र में किये गए अपने शोध प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विविधता का संरक्षण करते हुए शिक्षा के माध्यम से जनजातीय समाज के आत्मसम्मान को कायम रखते हुए उनका जीवन स्तर समृद्ध किया जा सकता है। आईसीएसएसआर के शोध निदेशक डॉ. जीएस सौन ने कहा कि यह संगोष्ठी नवीन शोधार्थियों के लिए शिक्षा का माध्यम बनेगी।


दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

त्रिभुवन विश्वविद्यालय नेपाल के प्रो. वेद राज आचार्य ने भारत व नेपाल के विभिन्न जनजातीय समूह पर चर्चा करते हुए कहा कि जनजातीय समाज के बच्चे उच्च शिक्षा के लिए जब बाहर जाते हैं तो वह अपनी मातृभाषा नहीं बोलते हैं, जिससे वह अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। इस दौरान ऑनलाइन जुड़े कन्नड़ विश्वविद्यालय के प्रो. केएम मैत्री ने कहा कि आज जनजाति समाज अपनी भाषा व संस्कृति से दूर होते जा रहा है जिसे रोकने की जरूरत है। संयोजक डॉ. सोनी टम्टा ने कहा कि शिक्षाशास्त्र विभाग इन गतिविधियों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रयास कर रहा है। सेमिनार का संचालन प्रो. कमला पंत व डॉ. नवल लोहनी ने किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। सेमिनार में डॉ. मनीषा नौरियाल, डॉ. संजय खत्री, डॉ. दिनेश जायसवाल, डॉ. कमरुद्दीन, डॉ. उर्वशी पांडे, डॉ. ममता अधिकारी, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. संजय, डॉ. हरीश पाठक, गौर्वेंदर आर्य व नवीन शर्मा ने सक्रिय सहयोग किया। इस दौरान लखनऊ विवि से आई डॉ. किरण लता डंगवाल, प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी, उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग डॉ. आरएस भाकुनी, विषय विशेषज्ञ डॉ. बीआर पंत, डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. अनिता जोशी, डॉ. टीसी पांडे आदि मौजूद रहे।

# नई बसें दिल्ली और पुरानी पहाड़ जाएंगी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन निगम को 130 नई बसों की सौगात मिली है। नई बसों को विभिन्न डिपो को आवंटित किया जा रहा है। हल्द्वानी डिपो को भी 7 बसें मिल चुकी हैं जिनका संचालन दिल्ली मार्ग पर किया जा रहा है। शीघ्र ही डिपो को कुछ बसें और मिलने की उम्मीद है।

कई पर्वतीय मार्गों पर परिवहन निगम की बसों का अभाव होने के कारण यात्री केमू व टैक्सी में यात्रा करते हैं। सीजन के दौरान इन वाहनों में चालक भी अधिक मुनाफे के चक्कर में वाहन की क्षमता से अधिक सवारियों को भरते हैं जिससे ओवरलोड होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही यात्रियों को अधिक किराया चुकाना पड़ता है। नई बसों के दिल्ली मार्ग पर चलने से यहां चल रही पुरानी बसों को मैदान के साथ ही पर्वतीय मार्ग पर भी चलाया जाएगा जिससे पर्वतीय क्षेत्रों के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। वर्तमान में हल्द्वानी डिपो के पास कुल परिवहन निगम की 68 बसें और अनुबंध की 34 बसें हैं जिसमें 5 वॉल्वो, 1 जनरथ, 12 साधारण, 16 सीएनजी शामिल हैं। काठगोदाम डिपो को भी 2 निगम की 5 सीएनजी बसें मिल चुकी हैं। इसी तरह भवाली डिपो को 4 बसें मिली हैं जिसमें 2 बसों का संचालन भवाली-नैनीताल से दिल्ली व 2 भवाली-सुरईखेत से दिल्ली मार्ग पर किया जाएगा। रानीखेत डिपो को 2 बसें मिली हैं जो रानीखेत-गैरसैंण से दिल्ली चलाई जा रही हैं। भवाली डिपो के एआरएम राजेंद्र सिंह ने बताया कि डिपो को 3 बसें और मिलनी हैं। उन्होंने बताया कि डिपो की 2 सेवाएं स्टाफ की कमी के कारण बंद हैं। बताया कि नई बसें मिलने से दिल्ली चलने वाली पुरानी बसों को इन मार्गों पर चलाया जा सकता है। साथ ही पुरानी बसें भवाली-घोड़ाखाल से नैनीताल, भवाली-नैनीताल से हल्द्वानी और भवाली-मुक्तेश्वर से हल्द्वानी मार्ग पर बसें चलाई जा सकती हैं।




- पर्वतीय मार्ग पर रोडवेज चलने से ओवरलोड वाहन होंगे कम
- हल्द्वानी, काठगोदाम, भवाली व रानीखेत डिपो को मिली नई बसें

### इन रूटों पर ठप है सेवा

हल्द्वानी डिपो से उत्तराखंड परिवहन निगम की लमगड़ा-पौधार, जैंती-भनोली, मौरनौला, खनस्यू सहित कई पर्वतीय रुट पर चलने वाली बसों का संचालन लंबे समय से बंद है हालांकि लंबे समय से बंद पड़े कुछ पर्वतीय रुटों पर बसों का संचालन फिर से शुरू किया गया है जिसमें मुक्तेश्वर, दूनागिरी, जौरासी, रीठासाहिब और गंगोलीहाट सेवाएं शामिल हैं।

### कर्मचारियों की भी है कमी

परिवहन निगम में बसों के साथ ही अधिकांश डिपो में कार्मिकों का अभाव है। अधिकांश डिपो में संविदा, विशेष श्रेणी व आउटसोर्स कार्मिकों के भरोसे काम चलाया जा रहा है। विभिन्न डिपो के अधिकांश नियमित कार्मिक सेवानिवृत्त हो चुके हैं। चालक व परिचालक की कमी होने से भी कई रुटों पर बसों का संचालन बंद किया गया है। निगम के विभिन्न संगठन समय-समय पर संविदा, विशेष श्रेणी कार्मिकों के नियमितीकरण के साथ ही नई नियमित भर्ती करने की मांग करते आ रहे हैं।

## रिंग रोड के विरोध में धरना जारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** रिंग रोड परियोजना के विरोध में किसान मंच एवं किसान मकान बचाओ संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी रामलीला मैदान रामपुर रोड गन्ना सेंटर में जारी रहा।

कार्तिक उपाध्याय ने कहा कि अगले जिन प्रश्नों के साथ आंदोलन शुरू किया है यदि उनके उत्तर प्रशासन अगले 10 दिनों में नहीं देता है तो उग्र आंदोलन शुरू किया जायेगा। अन्य ने कहा कि रिंग रोड परियोजना के सर्वे को लेकर प्रशासन और लोनिवि को स्थिति स्पष्ट करनी होगी क्योंकि हमें जो जानकारी मिली है उसके अनुसार प्रशासन और लोनिवि दोनों ही ग्रामीणों को धोखे में रख रहे हैं। इस दौरान ललित मोहन जोशी, कौशल चंद्र जोशी, गोविंद सिंह रजवार, चंद्र प्रकाश उपाध्याय, कैलाश कुल्याल, हेमू रंगवाल, हरि प्रसाद रहे।

# जगदीश बने रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शीशमहल स्थित रामलीला मैदान में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के कुमाऊं क्षेत्र की बैठक आयोजित की गई। साथ ही वर्ष 2024- 25 के वार्षिक चुनाव संपन्न हुए। जिसमें जगदीश कांडपाल को तीसरी बार क्षेत्रीय अध्यक्ष चुना गया। क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह नेगी निर्वाचित हुए, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पीसी बिष्ट, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बालम सिंह व राहुल रावत, संयुक्त मंत्री उमेश जोशी व पुष्कर सिंह, संगठन मंत्री अनवर कमाल व संप्रेक्षक डीडी जोशी चुने गए।

चुनाव अधिकारी विक्रम सिंह डंगवाल और डूंगर सिंह संभल की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। बैठक में रानीखेत, अल्मोड़ा, भवाली, काशीपुर, रुद्रपुर, हल्द्वानी, रामनगर, काठगोदाम के समस्त पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रांतीय प्रतिनिधि आन सिंह जीना, जगमोहन, राजेश कोहली, शंकर सिंह, गोपाल पपनोई, श्याम सिंह शाही, मनोहर सिंह रावत, मदन सिंह, तारा देवी, अमनदीप, पवन जोशी, चुन्नु अंसारी, गोविंद प्रसाद, टीका सिंह, इमरान खान, आनन्द बल्लभ जोशी, त्रिलोक गिरी, बीडी सांगुडी आदि मौजूद रहे।


रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की नई निर्वाचित कार्यकारिणी। ● अमृत विचार

**राजनीति** संगठन पर्व के तहत शुरू हुई प्रक्रिया, जल्द ही मंडल और अन्य पदों पर भी होंगे चुनाव

# 10-20 नवंबर तक होगी भाजपा की बूथ समिति की गठन प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा की बूथ समिति गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 10 से 20 नवंबर तक चलने वाली इस प्रक्रिया में बूथ समिति में महिला, युवा, एससी-एसटी सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया जिस प्रकार किसी भी इमारत की मजबूती में उसकी नींव का अहम योगदान होता है, उसी तरह भाजपा में बूथ समितियों की भूमिका है। केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार बूथ समितियों का गठन 10 से 20 नवंबर तक किया जाएगा। बूथ की टोली में अध्यक्ष और 10 सदस्यों का चयन किया जाएगा। पन्ना प्रमुखों की भी नियुक्ती की जाएगी। बूथ समिति में 11 सदस्यों में 3 महिलाएं होनी जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि बूथ समिति के गठन के लिए एक वरिष्ठ कार्यकर्ता को शक्तिकेन्द्र संगठन पर्व सहयोगी के रूप में नियुक्त किया है। जिन्हें पूरी प्रक्रिया में शक्तिकेन्द्र संयोजक के साथ मिलकर काम करना है। सभी जिला कार्यालयों में सक्रिय सदस्यों की पहली सूची 5 नवंबर को सार्वजनिक कर दी गई है।

जिला इकाई बूथवार प्राथमिक सदस्य सूची और वर्तमान बूथ समिति व पन्ना प्रमुख सूची शक्तिकेन्द्र संगठन पर्व सहयोगी को दे दी गई है। बूथ समिति के लिए बूथ के सभी प्राथमिक सदस्यों की बैठक होगी। इसमें सर्वसम्मति, नामांकन फार्म सी से चुनाव के माध्यम से गठन होगा। चयन उपरांत, बूथ समिति को बूथ रजिस्टर एवं मंडल को दिए जाने वाले प्रारूप में अंकित कर एक-एक प्रति जिला एवं प्रदेश नेतृत्व को भी भेजनी होगी। इसी क्रम में 16 नंवबर से जिलों में सरल पोर्टल पर डाटा एंट्री की व्यवस्था शुरू होगी। 10 से 20 नवंबर के मध्य भाजपा संगठन का आधार, बूथ समितियों के अस्तित्व में सामने आ जाएगा ।


चंदन सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

### अध्यक्ष समेत कई अहम जिम्मेदार पद है समिति में

बूथ समिति में एक अध्यक्ष, सचिव, बीएलए-2, मन की बात प्रमुख, व्हाट्सएप प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, सामाजिक श्रेणी (ओबीसी, एससी, एसटी व अल्पसंख्यक) प्रमुख, प्रभावी मतदाता (की-वोटर्स) प्रमुख और एक को छह कार्यक्रमों का प्रमुख के रूप में चयन किया जाएगा।


लामाचौड़ स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुई कार्यशाला में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### संगठन पर्व को लेकर कार्यशाला संपन्न

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भाजपा की बिठौरिया मंडल की संगठनात्मक पर्व को लेकर रविवार को लामाचौड़ स्थित एक निजी बैंक्वेट हॉल में कार्यशाला हुई। इसका शुभारंभ प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा कि संगठन कार्यकर्ताओं से चलता है, हर बूथ अध्यक्ष हमारी रीढ़ है। दिनेश खुल्बे ने संगठन के बारे में और रूपरेखा बताई। बूथ ही भाजपा को चुनाव जिताते हैं। प्रभारी हरिमोहन अरोड़ा ने कहा कि संगठन में सभी लोगों को एकत्रित होकर के आगे की चुनाव की प्रक्रिया में जुट जाना चाहिए, संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ में लगातार काम करना है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुरेश गौड़, मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, विनोद मेहरा, अमित चौधरी, दीपक सनवाल, दीपक बिष्ट, दीपक सनवाल रहे।

### दुर्घटनाएं रोकने को दी जाएं नई बसें

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने प्रदेश के पर्वतीय जिलों में दुर्घटनाओं को कम करने के लिए नई बसें उपलब्ध कराने और पर्वतीय क्षेत्रों में नए बस स्टेशन बनाने की मांग को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजा है।

संगठन ने पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के लिए 500-500 बसें उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने सीमांत पर्वतीय जिलों उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी और देहरादून के कालसी में नए बस स्टेशन बनाने की मांग की है। साथ ही कहा कि परिवहन निगम को सरकार की ओर से दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाया जाए। कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में उत्तराखंड को काफी कम अनुदान मिलता है जिसे बढ़ाया जाए।

## एक नजर

### भाजपा नेता के बड़े भाई का आकस्मिक निधन


राजेंद्र कुमार ।

**रुद्रपुर :** फुलसुंगी वार्ड नबंर एक के निवर्तमान पार्षद एवं भाजपा नेता सुरेश गौरी के बड़े भाई राजेंद्र कुमार सिंह का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से शहर के तमाम राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने शोक जताया है। भाजपा नेता गौरी ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार सोमवार को हल्द्वानी के रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में किया जाएगा।

### 40 पाउच कच्ची शराब के बाद युवक गिरफ्तार

**बाजपुर :** केलाखेड़ा थाने की पुलिस ने ग्राम मोतियापुर गदरपुर निवासी मनजिंदर सिंह को 40 पाउच (20 लीटर) कच्ची शराब के साथ ग्राम लंकुरा रोड के मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में एसआई उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह अधिकारी, हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार, कांस्टेबल महेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# धान क्रय केंद्र पर कभी लिमिट तो कभी बारदाना खत्म

## धान तौल के इंतजार में पांच दिन से रतजगा कर रहे किसान, दो हजार बारदाना भेजे गए थे, जो मात्र दो किसानों के धान खरीद में ही खत्म हो गए

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार :** इसे जिम्मेदारों की उदासीनता कहें या खेती-किसानी से जुड़े अन्नदाताओं की बदकिस्मती। सरकार की ओर से न्यूनतम समर्थ मूल्य पर किसानों की उपज खरीदने के लिए खोले गए सरकारी क्रय केंद्रों पर कभी लिमिट, तो कभी बारदाना खत्म हो जा रहा है। इससे किसान त्रस्त हैं।

जिले में सरकारी क्रय केंद्रों पर पहली अक्तूबर से धान खरीद शुरू हुई है। इसके लिए सहकारिता विभाग की ओर से 214 क्रय केंद्र (यूसीएफ-176, खाद्य विभाग-25 व एनसीसीएफ-13) खोलकर 1,85,000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। यूसीएफ की ओर से पंतनगर के हल्दी और बेनी में क्रय केंद्र खोला गया है। बेनी केंद्र पर 18 अक्तूबर से शुरू हुई खरीद के लिए 25 सौ क्विंटल धान की लिमिट स्वीकृति के साथ ही दो हजार बारदाना (बोरे) भेजे गए थे, जो मात्र दो किसानों के धान खरीद में ही समाप्त हो गए। इसके बाद एक-दो दिन के अंतराल पर बारदाना आता रहा और रूक-रूककर तौल होती रही। लिमिट खत्म होने पर दो दिन बाद बढ़ी जब तक तीन किसानों का धान केंद्र पर ही पड़ा रहा। उनका धान तुलने के बाद विवि फार्म का धान केंद्र पर पहुंच गया और तीन दिन वहीं पड़ा रहा। जिसकी तौल में पुनः बारदाना और लिमिट खत्म हो गई। चार-पांच दिन से धान लेकर पड़े किसान सिस्टम से त्रस्त हैं और रतजगा कर रहे हैं। मौसम का मिजाज उन्हें डरा रहा है कि केंद्र पर न तो बारदाना है और न ही लिमिट, ऐसे में उनके धान का क्या होगा।


बेनी क्रय केंद्र पर लिमिट और बारदाने के इंतजार में पड़ा किसानों का धान। ● अमृत विचार

### सूखने से वजन में आती है कमी और टूटन भी

**पंतनगर :** वैज्ञानिकों के अनुसार तीन दिन तक खुले में पड़े रहने से धान के वजन में 15 प्रतिशत तक की कमी आ जाती है। साथ ही अधिक सूखने की वजह से कूटने के दौरान चाल के दाने टूटने का खतरा बढ़ता जाता है। इतना ही नहीं यदि धान को खोलकर न सुखाया जाया तो नमी के कारण धान की गुणवत्ता (काला पड़ना) भी खराब हो जाती है। बाजार में इस समय आढ़ती किसानों का धान 19 सौ से दो हजार रुपये में खरीद रहे हैं, जबकि सरकार एमएसपी पर 2300 रुपये में खरीद कर रही है।

### धान का भुगतान जल्द कराने की मांग उठाई



पूर्व दर्जामंत्री एवं कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से फोन पर वार्ता कर किसानों के धान की फसल का जल्द ही भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने सरकार के कोर्ट में दिए हलफनामे, जिसमें 48 घंटे से एक सप्ताह के भीतर प्रत्येक दशा में किसानों को उनकी फसल का भुगतान करने, की याद दिलाई।

> बेनी केंद्र पर दो बार में पांच हजार क्विंटल खरीद लिमिट सहित प्रभारी की मांग के अनुरूप बारदाना भेजा जा रहा है। वहां लिमिट और बारदाना खत्म होने की जानकारी नहीं है। मैं केंद्र प्रभारी और उच्चाधिकारियों से बात कर कल सुबह तक लिमिट और बारदाने की व्यवस्था करवाता हूं।
> **-प्रशांत आर्या**, पर्यवेक्षक यूसीएफ

> मैंने 34 एकड़ क्षेत्र का धान काटकर बीते बुधवार को केंद्र पर पहुंचा दिया था, लेकिन विवि फार्म का धान तुलने तक मेरा धान नहीं तुल सका। अब फिर से धान लिमिट और बारदाना दोनों खत्म हो गए हैं। केंद्र प्रभारी नबताया कि उन्होंने अधिकारियों को सूचित कर दिया है, संभवत : सोमवार-मंगलवार तक लिमिट और बारदाना आ जाएगा।
> **-दिनेश मंडल**, लीज होल्डर-विवि फार्म पंतनगर।

> मेरा लगभग सवा सौ क्विंटल धान तीन दिन से केंद्र पर पड़ा है। जो लिमिट और बारदाना खत्म होने से नहीं तुल पा रहा है। इस बीच सूखने से कम हुए वजन की भरपाई सहित बारिश होने पर होने वाले नुकसान का खामियाजा कौन भुगतेगा। सरकार एमएसपी पर हमारी उपज खरीद रही है, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।
> **-विक्रमजीत सिंह**, लीज होल्डर-विवि फार्म पंतनगर।

> मेरा लगभग चार सौ क्विंटल धान एक सप्ताह से केंद्र पर पड़ा है। जो विवि फार्म का धान तुलने एवं लिमिट और बारदाना खत्म होने से नहीं तुल पा रहा है। धान खराब न हो इसके लिए मुझे रोज सुबह धान को फैलाना और शाम को इकट्ठा करना पड़ता है। इसमें होने वाले खर्च और सूखने से कम होने वाले वजन की जिम्मेदारी किसकी होगी। **-नरेश छाबड़ा**, लीज होल्डर-विवि फार्म पंतनगर।

> लगभग 10 दिन पूर्व केंद्र पर धान लेकर पहुंचने के बारदाना खत्म होने से चार दिन बाद मेरा धान तुलना शुरू हुआ। चार सौ क्विंटल धान ही तुल पाया कि लिमिट समाप्त हो गई। जिसके बाद मेरा 40 क्विंटल धान वहीं पड़ा रहा, जिसे वह अब उठाकर ले जा रहे हैं।
> -एलडी जोशी, लीज होल्डर-विवि फार्म पंतनगर।

### सुरक्षा कर्मी ने तार चोरी कर रहे युवक को दबोचा

**किच्छा:** सरिया फैक्ट्री में बॉयलर की रिपेयरिंग करने के बाद कंपनी गेट पर सिक्योरिटी गार्ड ने चेकिंग के दौरान आरोपी को चोरी की कॉपर वायर के साथ दबोच लिया। आरोपी को सिक्योरिटी गार्ड ने चोरी की तार सहित कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कंपनी मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

किशनपुर स्थित मां शीतला वेंचर्स के मैनेजर कुंडेश्वरी, काशीपुर निवासी सोहन सिंह सिक्योरिटी गार्ड के साथ एक आरोपी को लेकर कोतवाली पहुंचे। मैनेजर सोहन सिंह ने बताया कि ग्राम जामा, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली निवासी मोहम्मद आरिफ कंपनी के अंदर प्लांट पर बॉयलर की मरम्मत करने पहुंचा था। काम निपटाने के बाद आरोपी मोहम्मद आरिफ की कंपनी से बाहर जाते समय सिक्योरिटी इंचार्ज सुरेंद्र कुमार ने तलाशी ली। इस दौरान आरोपी मोहम्मद आरिफ के पास से सुरक्षाकर्मी ने कंपनी से चुराई गई करीब 4 किलो कॉपर वायर बरामद की। पुलिस ने मैनेजर सोहन सिंह की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कृत्रिम अंगों के लिए नाप ली


शिविर में दिव्यांगों की नाप लेती दिल्ली से आयी टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा रुद्रपुर की ओर से संचालित विवेकानंद सेवा केंद्र ने दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया। इस दौरान दिल्ली से आयी टीम ने 29 दिव्यांगों के कृत्रिम अंगों की नाप ली। सभी को 25 नवंबर कृत्रिम अंग वितरित किए जाएंगे।

रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय राधू, विवेकानंद सेवा केंद्र के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विमल अरोरा और विवेकानंद शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। इस दौरान शाखा सचिव अक्षय गहलोत ने बताया कि परिषद द्वारा संचालित विवेकानंद सेवा केंद्र का यह तीसरा शिविर है।

उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से ऐसे दिव्यांग जिनके हाथ अथवा पैर दुर्घटना अथवा बीमारी से कट गए हैं अथवा पोलियो आदि के कारण टेढ़े मेढ़े हो गये हैं। उनकी नाप लेकर कृत्रित अंग दिए जाते हैं। परिषद के सेवा सूत्र के तहत चलने वाले शिविरों के माध्यम से विवेकानंद शाखा रुद्रपुर अभी तक 600 से अधिक कृत्रिम अंग उपलब्ध करवा चुका है। इस मौके पर शाखा कोषाध्यक्ष अभी अग्रवाल, सदस्य प्रतीक तुलस्यान, शीशपाल सिंह, मनीष अग्रवाल, लक्ष्य अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# 20 हजार रुपये का इनामी आरोपी किया गिरफ्तार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2022 से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी के नेतृत्व में टीम ने कोतवाली में वर्ष 2022 में दर्ज मामले के दो साल से फरार आरोपी नरीचंद निवासी कुटरा की गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि नरी चंद विगत दो वर्षों से नेपाल में परचून की दुकान चला रहा था। खटीमा पुलिस लगातार आरोपी की गतिविधियों पर नजर रख रखे हुए थी। रविवार को सुबह करीब पौने 11 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे देवकला से भूड़ाकिशनी जाने वाले रोड पर बनी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। कोतवाल दसौनी ने बताया कि आरोपी ने चंद के खिलाफ छह मामले दर्ज हैं। नरी चंद के खिलाफ वन कर्मियों पर हमला, ट्रैक्टर चोरी कर पैसों की मांग करने, अवैध असलहा रखना, ट्रैक्टर लूटने, जनता से मारपीट करने और वन विभाग से खनन संबंधी मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम में नवीन खोलिया, रोहित, मोनू आदि शामिल रहे।


इनामी आरोपी के साथ पुलिस टीम।

# मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत मिला एक करोड़ रुपये का बजट

**पहल**

- पशुपालकों को बैंकों के माध्यम से लेना होगा ऋण
- जिले में पशुपालकों की संख्या है तीन लाख से अधिक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** राज्य में किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन योजना संचालित की गयी है। इसके तहत किसानों को बैंक से ऋण लेना होगा। इसमें 90 प्रतिशत ब्याज विभाग की ओर से वहन किया जाएगा, जबकि 10 प्रतिशत ब्याज खुद पशुपालकों को देना होगा। इसके लिए पशुपालन विभाग को शासन से एक करोड़ दो लाख का बजट भी स्वीकृत हो गया है।

विगत दिनों केंद्र सरकार की राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना की तर्ज पर राज्य में मुख्यमंत्री राज्य पशुधन योजना शुरू की गयी है। इसके लिए 13 जनपदों को लक्ष्य दिया गया है। योजना का उद्देश्य पशुधन विकास और पशुपालन संबंधी गतिविधियों के लिए संसाधनों की मांग और उपलब्धता के अंतर को दूर करना है। मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन योजना के तहत बड़े पशुओं, लघु पशुओं और कुक्कुट विकास शामिल किया गया है।

इसके लिए इच्छुक पशुपालकों को बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराकर 90 प्रतिशत ब्याज विभाग की ओर से वहन किया जाएगा। योजना के तहत पशुपालकों की ओर से लिए गये ऋण को बैंक को भुगतान की अवधि तीन साल तक होगी। पशुपालन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में पशुपालन करने वाले परिवारों की संख्या तीन लाख 654 है। इसमें 89467 परिवार गाय और भैंस का पालन करते हैं, जबकि 14266 परिवार भेड़ और बकरी और 9938 परिवार मुर्गी पालन करते हैं।



> जिले में किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए राज्य में मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन योजना संचालित है। इसके लिए तहत पशुपालन के लिए बैंकों से ऋण लेने पर पशुपालकों को 10 प्रतिशत ब्याज वहन करना पड़ेगा, जबकि 90 प्रतिशत ब्याज विभाग की ओर से वहन किया जाएगा।
> **-डॉ. आशुतोष जोशी**, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, यूएसनगर

# भूमिधरी के अधिकारों को लेकर आंदोलन जारी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बीस गांव की भूमि पर भूमिधरी के अधिकार वापस लौटाने की मांग को लेकर तहसील परिसर में भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन 470वें दिन भी जारी रहा। जिसमें रविवार को सिकंदर सिंह, हरदेव सिंह, महेंद्र सिंह, जसवीर सिंह, रणजीत सिंह क्रमिक अनशन पर बैठे जिनका फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, मंजीत सिंह, हरनाम सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं आंदोलन को लगभग 15 माह होने के बाद भी सरकार द्वारा किसानों को भूमि के अधिकार नहीं दिए जाने से आक्रोशित भूमि पुत्रों ने आंदोलन स्थल पर जोरदार हुंकार भरते हुए कहा कि हमारा हक इत्थे रख अर्थात सरकार हमारा हक हमें दे। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा द्वारा कहा गया कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया तो किसान अपने हक पाने के लिए हर वह कदम उठाएंगे जिससे उन्हें उनके अधिकार वापस मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता से आक्रोश पनप रहा है। आक्रोशित आंदोलनकारियों ने सरकार के विरोध में जोरदार नारेबाजी भी की।



बाजपुर तहसील परिसर में क्रमिक अनशन के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

### रोडवेज में महीनों से खराब जनरेटर लाइट जाने पर हो रही परेशानी

**काशीपुर:** रोडवेज बस स्टैंड पर बिजली आपूर्ति बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से मुहैया कराया गया जनरेटर खराब पड़ा है। बिजली गुल होने पर स्टैंड के कार्यालयों में लगे कंप्यूटर ठप हो जाते हैं। इससे यात्रियों और निगम कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। काशीपुर रोडवेज में लगे जनरेटर को बिजली आपूर्ति के लिए स्टैंड के विभिन्न शाखा कार्यालयों में लगे कंप्यूटरों को जोड़ा गया। लेकिन बीते आठ महीने से जनरेटर तकनीकी कारणों से बंद हो गया। जनरेटर खराब होने और कभी बिजली आपूर्ति बंद होने पर कंप्यूटर कार्य प्रभावित होता है। यात्रियों को बस टिकट देने में दिक्कत होती है। कर्मचारियों को कार्यालय संबंधी दैनिक कार्य निपटाने के लिए बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है। इन समस्याओं के बावजूद निगम प्रशासन जनरेटर की मरम्मत करवाकर सुविधा बहाल कराने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा। वहीं रोडवेज के वरिष्ठ वरिष्ट डिपो इंचार्ज हरिंद्र सिंह ने बताया कि जनरेटर को ठीक करने के लिए उच्चाधिकारियों से पत्र भेजा गया है। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।


दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 9412962333,
रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 7906999205,
रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)


# 55 बूथों के चुनाव 20 नवंबर तक करें


चकरपुर मंडल की बैठक करते भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** भाजपा चकरपुर मंडल की बैठक में जिला सह चुनाव अधिकारी हिमांशु बिष्ट ने कहा कि 10 से 20 नवंबर तक बूथ के चुनाव संपन्न कराने हैं। इसके लिए शक्ति केन्द्र प्रभारी नियुक्त कर दिये हैं। बिगराबाग स्थित भाजपा कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला सहचुनाव अधिकारी बिष्ट ने कहा कि चकरपुर मंडल के 55 बूथों के चुनाव होने हैं। यह चुनाव 9 शक्ति केंद्र प्रभारियों की देखरेख में होंगे। प्रत्येक बूथ में एक अध्यक्ष सहित 11 सदस्यों की कार्यकारिणी गठित होगी। उन्होंने इसके साथ ही सरल ऐप भी अपडेट करने को कहा। बैठक में प्रदेश ओबीसी मोर्चा के मंत्री व मंडल सहयोगी कुलदीप गंगवार, मंडल अध्यक्ष विक्रम भाट, डॉ नवीन भट्ट, कमलदीप राणा व गणेश दत्त चौसाली महामंत्री, विमला मुडेला, ईश्वर दत्त पांडे, राम पांडे, गणेश खोलिया, बॉबी सामंत, महेंद्र दिगारी, ललित कठायत, नितिन राणा, कृपाल सिंह राणा आदि मौजूद थे।


शाहजी पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में उपस्थित बच्चे। ● अमृत विचार

### शाहजी स्कूल में उत्तराखंड को जानो प्रतियोगिता हुई

**खटीमा।** शाहजी पब्लिक स्कूल में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तराखंड को जानो प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में उत्तराखंड राज्य की स्मृद्धि, संस्कृति, इतिहास और भूगोल के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। स्कूल कैंपस में आयोजित प्रतियोगिता में पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक टीम ने अपनी जानकारी एवं कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में घोषित परिणामों में जावेद, एलेना और अमान की टीम ने प्रथम अदीबा, जुनैद व इकरा की टीम द्वितीय, सायना व जैब की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रविन्द्र मिश्रा ने उत्तराखंड की धरोहर, इतिहास से जुड़े ज्ञान को और बढ़ाने को कहा। स्कूल प्रबंधक काशिफ सिद्दीकी, आसिफ सिद्दीकी, फैज सिद्दीकी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संचालन फैजान शाफी ने किया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रूद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### मासूम के साथ गलत हरकतें करने पर किशोर पकड़ा

**बाजपुर :** ढाई-तीन वर्षीय मासूम के साथ गलत हरकत करने के आरोपी किशोर को पुलिस ने घर से पकड़ लिया जिसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस चौकी दोराहा क्षेत्रांतर्गत एक गांव में शनिवार की सायं ढाई-तीन वर्षीय मासूम बच्ची घर की छत पर गई थी। आरोप है कि उसे वहां पड़ोस में रहने वाले 13 वर्षीय एक किशोर ने पकड़ लिया और बच्ची के साथ गलत हरकत कर दी। बच्ची के चीखने-चिल्लने पर उसकी मां छत पर पहुंची तो आरोपी गाली-गलौज व मारपीट करने लगा। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे पीड़ित परिजनों ने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण करवाया गया और पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल ने बताया कि बच्ची के साथ गलत हरकत करने के आरोपी नाबालिग किशोर को उसके घर से पकड़ लिया है जिसे रविवार को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

### शनिवार रात दो बजे क्रेन से हटाई कार, दीवार की भी मरम्मत शुरू, कार चालक और सह यात्री को भी आईं चोटें

# बेकाबू कार महिला छात्रावास में घुसी, दीवार क्षतिग्रस्त

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** शनिवार देर रात एक बेकाबू कार महिला छात्रावास में जा घुसी। जिसमें चालक और सहयात्री को तो हल्की-फुल्की चोटें आईं, लेकिन दीवार टूट गई और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के तत्काल बाद क्रेन बुलाकर रात दो बजे ही कार को वहां से हटवा दिया गया, वहीं सुबह होते ही दीवार की भी मरम्मत शुरू हो गई।

शनिवार रात करीब 10.40 बजे दो युवक तेज रफ्तार आल्टो कार से मंदाकिनी भवन (महिला छात्रावास) के पीछे की ओर से गुजर रहे थे। इसी दौरान कार बेकाबू होकर दीवार तोड़ती हुई अंदर जा घुसी। वहां ड्यूटी पर



हादसे के बाद टूटी मंदाकिनी भवन की दीवार। ● अमृत विचार

मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने घायल कार सवारों को बाहर निकालकर अपने उच्चाधिकारियों को सूचित किया। इसी दौरान वहां पर उनका तीसरा साथी भी पहुंच गया। इसके बाद क्रेन बुलाकर रात 2.08 बजे ही कार को परिसर के बाहर भेज दिया गया। इतना ही नहीं सुबह होते ही युद्धस्तर पर दीवार की मरम्मत भी शुरू करवा दी गई।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

बताते हैं कि कार किसी रामपाल सिंह के नाम पर पंजीकृत है और उस पर पुलिस का सिंबल भी लगा है। एएसओ पंतनगर विवि रविंद्र मिश्रा का कहना है कि मामले में कार सवारों द्वारा क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत करवाने के आश्वासन और अधिकारियों के निर्देश पर क्रेन से कार को ले जाने दिया गया है।

# बिंदुखेड़ा में जमीन पर कब्जा करने का प्रयास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बिंदुखेड़ा क्षेत्र में जमीन पर कब्जा करने और विरोध करने पर मारपीट के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चकबंदी पटवारी समेत पांच लोगों पर प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर दी है। साथ ही पुलिस अब मामले की जांच में जुट गयी है।

धर्मपुरा छतरपुर निवासी जसविंदर सिंह ने बताया कि उसकी बिंदुखेड़ा स्थित जमीन का वाद न्यायालय में चल रहा है। उसकी जमीन को सत्यवती ने फर्जी तरीके से किच्छा खमिया नंबर तीन निवासी ईश्वर सिंह, ग्राम शिमला बहादुर रुद्रपुर निवासी ख्यालीराम सती, ट्रांजिट कैंप निवासी सुधान राय, मिनाती को बेच दिया था। जबकि जमीन पर कब्जा उसका था। 23 फरवरी 2024 की सुबह चकबंदी पटवारी बिंदुखेड़ा अपने साथ सात आठ लोगों के साथ पहुंचा। इस दौरान उसने कहा कि वह जमीन की नापजोख करने के लिए आया है। इसका उसने जब विरोध किया तो वह लोग गाली गलौज करने लगे। साथ ही अपनी पहुंच का हवाला देते हुए जमीन पर कब्जा करने की बात कहते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब उसने कब्जा नहीं दिया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इसकी शिकायत उसने पुलिस से की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय में आवेदन किया। साथ ही जसविंदर सिंह ने सत्यवती, ईश्वर सिंह, ख्यालीराम सती, सुधान राय, मिनाती के साथ ही 7-8 अन्य लोग और चकबंदी पटवारी बिंदुखेड़ा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

# मेडिकल स्टोरों पर मारे ताबड़तोड़ छापे

### अनियमितताएं पाई गईं, दवाइयों के सैंपल लिए गए, जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

**कार्रवाई**

- **अनियमिताएं पाए जाने वाले मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई शुरू**
- **कागजात न दिखाए जाने पर एक मेडिकल स्टोर को कराया बंद**

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** जसपुर क्षेत्र में ड्रग्स इंस्पेक्टर व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मेडिकल स्टोरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। इस दौरान मेडिकल स्टोरों अनियमितताएं पाई गईं। ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा संबंधित मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निरस्त करने की प्रारंभिक कार्रवाई शुरू कर दी गई।

ड्रग्स इंसस्पेक्टर ऊधम सिंह नगर नीरज व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर जगदीश ढकरियाल द्वारा संयुक्त रूप से टीम बनाकर रविवार को अचानक जसपुर क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर मेडिकल स्टोरों में ताबड़तोड़ छापे मारे गये। इस दौरान जसपुर के अलहोदा मेडिकल स्टोर मोहल्ला जुलाहन, एयाज मेडिकल स्टोर चांद मस्जिद चौराहा, नफीस मेडिकल स्टोर चांद मस्जिद चौराहा, भारद्वाज मेडिकल स्टोर निकट होली चौक,



जसपुर में एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारती ड्रग्स इंस्पेक्टर व पुलिस की टीम।। ● अमृत विचार

आजाद मेडिकल स्टोर मेघावाला में निरीक्षण किया गया। मेडिकल स्टोरों पर अनियमितताएं पाई गईं। पाया गया कि कुछ मेडिकल स्टोर स्वामी द्वारा सैम्पल की दवाईयों की बिक्री की जा रही थी, कुछ के द्वारा एक्सपायर दवाइयों को बिक्री डेस्क के पास रखा गया था। कुछ मेडिकल स्टोरों में दवाइयों का रखरखाव ठीक नहीं था। ड्रग्स इंस्पेक्टर ने बताया कि अनियमितताएं पाये जाने पर सभी का मेडिकल लाइसेंस निरस्त करने की प्राम्भिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। भारद्वाज मेडिकल स्वामी द्वारा मेडिकल लाइसेंस न दिखाए जाने पर मेडिकल स्टोर को बंद करवा दिया गया और कागजात दिखाने के लिए 7 दिन का समय दिया गया।

नफीस मेडिकल स्टोर व अलहोदा मेडिकल स्टोर से जांच हेतु दवाइयों के सैम्पल लिए गए। उक्त दोनों मेडिकल स्टोरों को अग्रिम कार्रवाई तक बंद करा दिया गया। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि सैम्पल की जांच करने के उपरान्त संबंधित मेडिकल स्टोर स्वामियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी ।

### अवैध मिट्टी खनन में लगी ट्रैक्टर ट्रॉली सीज

**नानकमत्ता :** अवैध मिट्टी खनन में लगी ट्रैक्टर ट्रॉली को राजस्व विभाग ने पकड़कर सीज कर दिया। राजस्व विभाग के क्षेत्रीय पटवारी अजय शर्मा ने अधिकारियों के आदेश पर ध्यानपुर कैथुलिया गांव में छापा मारा और खनन कर रहे मौके से एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ कर सीज कर दिया और वन विभाग रनसाली रेंज के सुपुर्द कर दिया है।

### बिलासपुर के युवक का शव मिला

**रुद्रपुर:** रामपुर रोड पर कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मृतक की जेब से एक आधार कार्ड भी बरामद हुआ है। इससे उसकी पहचान बिलासपुर निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है।

रविवार को काशीपुर रोड स्थित गल्ला मंडी गेट के सामने सड़क किनारे एक अज्ञात शव पड़ा देख लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गयी। इसी बीच सूचना पर एसएसआई ललित मोहन रावल और रम्पुरा पुलिस चौकी के एएसआई नवीन जोशी, अमित जोशी, महेंद्र कुमार घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पुलिस ने मौजूद लोगों से मृतक के बारे में पूछताछ की। लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।वहीं एसएसआई ललित मोहन ने बताया कि तलाशी के दौरान मृतक की जेब से आधार कार्ड मिला है। आधार कार्ड में मृतक का नाम सुभान अली निवासी हरमत नगर टांडा बिलासपुर रामपुर यूपी लिखा हुआ है। उम्र 45 वर्ष है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गयी है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के पहुंचने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम प्रधान के हमलावरों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई



कोतवाली में नाराजगी जताते ग्राम प्रधान व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**रोष**

- **भाजपा पदाधिकारियों ने ग्राम प्रधान के साथ कोतवाली पहुंचकर जताई नाराजगी**
- **27 अक्टूबर को लंबाखेड़ा में हमले का है मामला**

**अमृत विचार:** विगत दिनों लंबाखेड़ा में ग्राम प्रधान पर जानलेवा हमले के मामले में भाजपा पदाधिकारियों ने कोतवाली में आक्रोश जताया। इस दौरान उन्होंने मामले में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं कोतवाल ने बताया कि पुलिस ने हमलावरों की पहचान कर ली है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

यहां बता दें कि 27 अक्टूबर को लंबाखेड़ा के ग्राम प्रधान विक्रम सिंह पर अपने घर के बाहर टहलने के दौरान कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। इस दौरान अज्ञात लोगों ने प्रधान के हाथ और कंधे पर तलवार से वार कर दिया था। इससे वह लहुलुहान होकर जमीन पर गिर गए। बाद में परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था। साथ ही घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगाले थे।

इसको लेकर रविवार को घायल प्रधान विक्रम सिंह, भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, पूर्व जिपं सदस्य राजेश बजाज सहित बड़ी संख्या में लोग कोतवाली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कोतवाल मनोज रतूड़ी से मामले में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। प्रधान ने कहा कि उन पर रंजिशन हमला किया गया था।

# 105 नशीले इंजेक्शन के साथ तस्कर दबोचा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने नशे के इंजेक्शन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस अब नशे के इंजेक्शन सप्लायर की तलाश में जुट गयी है।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि शनिवार रात पुलिस टीम गश्त कर रही थी। एसआई कौशल भाकुनी, कांस्टेबल संतोष रावत, विनोद खत्री ने ब्लॉक रोड पर जब वाहनों की चेकिंग शुरू की। इस बीच सामने से एक बाइक सवार आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस कर्मियों को देखते ही वह बाइक वापस मोड़ने लगा। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम इंदिरा कालोनी रुद्रपुर निवासी कपित उर्फ विक्की उर्फ संकट बताया। तलाशी के दौरान पुलिस को उसके बैग से 105 नशीले इंजेक्शन लूप्पी, डायजा और एविल के मिले। पूछताछ में कपित ने बताया कि वह नशे का आदी है और इंजेक्शन लगाता है। कुछ इंजेक्शन वह लोगों को भी बेचता है। वह नशीले इंजेक्शन मुरादाबाद ढिंगरपुर निवासी सरफराज से लाया है। एसपी सिटी ने बताया कि सप्लायर सरफराज की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शराब के नशे में दो भाइयों ने की थी हीरा की हत्या

**कार्रवाई**

- **हीरा सिंह हत्याकांड का खुलासा दोनों आरोपी गिरफ्तार**

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार:** हीरा सिंह हत्याकांड का रविवार को पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। आरोपियों के अनुसार दोनों ने शराब के नशे में हीरा सिंह की हत्या कर दी थी।

थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव ने बताया कि 1 नवंबर की देर रात्रि पुलिस को एक अज्ञात शव नग्न अवस्था में बरामद हुआ था। 4 नवंबर को पिता केशर सिंह निवासी चौड़ा कोट थाना पाटी जिला चम्पावत ने नानकमत्ता पहुंचकर शव की शिनाख्त अपने पुत्र हीरा सिंह (25 वर्ष) के रूप में



नानकमत्ता पुलिस की गिरफ्त में हीरा सिंह के हत्यारोपी। ● अमृत विचार

की। पिता की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर खुलासे के लिये चार टीमें गठित की गईं। इस दौरान 150 लोगों से पूछताछ की गयी।

हीरा सिंह ने दो माह पहले नानकमत्ता गुरुद्वारा मार्केट में किराये पर केक की दुकान खोली थी। वह शराब पीने का आदी था। 31 अक्टूबर को वह दुकान बंद कर श्मशान घाट के पास सिद्ध नवदिया गांव में शराब पीने गया था। वहां सिद्ध नवदिया बिजली कॉलोनी निवासी अजय और विजय पाल निवासी गरगईया थाना देवरनिया जिला बरेली उत्तर प्रदेश जो कि आपस में ममेरे फुफेरे भाई हैं, मिल गए। आरोपी विजय पाल कुछ माह से नानकमत्ता में मजदूरी कर रहा था। पुलिस को दोनों ने पूछताछ में बताया कि शराब के नशे में विवाद के बाद हीरा सिंह की उन्होंने बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक के कपड़े चप्पलें बेल्ट और ईंट बरामद कर दोनों हत्यारोपियों को जेल भेज दिया है। टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, अनिल जोशी, उप निरीक्षक संजय कुमार, रजनी गोस्वामी, उप निरीक्षक अशोक कांडपाल, उपनिक्षक कृपाल सिंह, कनिष्ठ प्रकाश आर्य, कनिष्ठ मोहन बोरा कोतवाली खटीमा, एसओजी प्रभारी संजय पाठक, भूपेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दो दिन पूर्व पंतनगर एयरपोर्ट गेट के पास टक्कर मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब पुलिस वाहन के नंबर के आधार पर वाहन चालक की पहचान करने में जुट गयी है।

ओमेक्स रिवेरा निवासी राजेश चावला ने बताया कि उनकी पांच मंदिर रोड पर एसटीएन इंफोटेक नाम से फर्म है। वे इंटरनेट का काम करते हैं। 7 नवंबर की शाम पंतनगर एयरपोर्ट गेट पर ट्रक संख्या एनएल-01एबी-5348 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से एयरपोर्ट के गेट की दीवार पर टक्कर मारी दी। इससे एयरपोर्ट के गेट की दीवार, एक बिजली का खंबा, तार, एक स्कूटी और उनकी फर्म का 1.50 लाख रुपये कीमत का इंटरनेट, टीवी केबल और सीसीटीवी से जुड़े कंट्रोल पैनल भी क्षतिग्रस्त हो गये। अज्ञात ट्रक की टक्कर इतनी तेज थी कि इससे उनका पूरा नेटवर्क बंद हो गया था। इससे उन्हें काफी आर्थिक क्षति पहुंची है। उन्होंने पुलिस को तहरीर सौंपकर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक पर प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। ट्रक के नंबर के आधार पर चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

**परेशानी** जल्द सड़क का निर्माण नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी, बोले-जगह-जगह होता है जलभराव

# कृष्ण विहार में सड़क को लेकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** फुलसुंगा वार्ड नंबर एक कृष्ण विहार कॉलोनी में सड़क नहीं होने और मार्ग में जलभराव होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में लोगों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने जल्द सड़क का निर्माण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

रविवार को कृष्ण विहार कॉलोनी की महिलाएं कॉलोनी में एकत्रित हुई और नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित स्थानीय लोगों ने कहा कि क्षेत्र में सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। इस कारण जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं जिनमें पानी



सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

भरा रहता है। इससे स्थानीय लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासकर बरसात के मौसम में।

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण को लेकर वे कई बार प्रशासन और निगम को जानकारी दे चुके हैं। लेकिन क्षेत्र में सड़क निर्माण की जहमत किसी ने नहीं उठायी। उन्होंने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर राम कृष्ण सैनी, संगीता चौरसिया, पिंकी वर्मा, संगीता यादव, कमलेश देवी, अनीता भट्ट, माया विशिष्ट, रेखा चौहान, जया मिश्रा, हेमा चौहान, अंकित सिंह, प्यारे लाल समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### कैंटर की चपेट में आकर क्लीनर घायल

**बाजपुर:** कैंटर की चपेट में आकर क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। कैंटर चालक सुल्तानपुर पट्टी निवासी वसीम व क्लीनर पीपलसाना भोजपुर मुरादाबाद (उप्र) निवासी मुख्तार आलम (40) पुत्र अमीर हुसैन वाहन में सीमेंट के कट्टे लेकर रविवार को हरिद्वार से बाजपुर आए थे। बताया जाता है कि बेरिया रोड स्थित एक दुकान पर कैंटर को बैक करते वक्त कैबिन से नीचे उतर रहे क्लीनर मुख्तार आलम का संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिरकर अगले पहिये की चपेट में आ गया। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए मुख्तार आलम को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# क्षत्रिय महासभा ने किए कई प्रस्ताव पारित

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष ठाकुर उदयराज सिंह की अगुवाई में संपन्न हुई जिसमें संस्था की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई प्रस्ताव पारित किए गए।

रविवार को क्षत्रिय भवन धर्मशाला सभागार में आयोजित बैठक में सबसे पहले पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। साथ ही एक जुलाई से 31 अक्टूबर 2024 तक के आय-व्यय का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की। बैठक में खटीमा व वनवसा नगरों में शाखा इकाई का गठन करवाने, आगामी




क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हिस्सा लेते पदाधिकारी।

दिसंबर माह में निर्धन विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर का वितरण करवाने, काशीपुर इकाई का पुनर्गठन करवाने, शासन-प्रशासन से महाराणा प्रताप जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग करने से संबंधित प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सेवानिवृत्त प्रोफेसर पंतनगर यूनिवर्सिटी डा.पीएन सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शिवपाल सिंह चौहान सितारगंज को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया। इस मौके पर संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री संजीव कुमार सिंह, सूर्यप्रताप सिंह, अशोक चौहान, एसएन सिंह, डीबी सिंह, महिपाल सिंह, केपी सिंह, लाल सिंह शाह, बाबू सिंह चौहान, प्रभात सिंह, संजय कुमार सिंह, लोकेंद्र सिंह, प्रताप सिंह सेंगर, देवेंद्र सिंह रावत, महेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, हरीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है।

## संपादकीय

# दावे और हकीकत

किसानों की परेशानी समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। खाद के लिए किसानों को मारामारी झेलनी पड़ रही है। अधिकांश राज्य उर्वरक की आवश्यक मात्रा प्राप्त न होने या आवंटित न होने की शिकायत कर रहे हैं। इस कारण किसान अपनी फसल की बिजाई समय पर नहीं कर पा रहे हैं। मामले की गंभीरता को इस बात से समझा सकता है कि सरकार के दावों के विपरीत देश में डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की कमी के चलते कई राज्यों में उर्वरक के लिए कुछ वितरण केंद्रों पर भीड़ को संभालने के लिए पुलिस को तैनात किया जा रहा है। डीएपी भारत में यूरिया के बाद दूसरा सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला उर्वरक है। गौरतलब है कि उर्वरक, पौधों को जरूरी पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटेशियम (एनपीके) देते हैं। इन पोषक तत्वों की वजह से पौधे स्वस्थ रूप से बढ़ते हैं। डीएपी में 46 प्रतिशत फॉस्फोरस होता है। किसान इसे बीज के साथ बुवाई के समय डालते हैं। रबी के मौसम के दौरान अनुमानित 60 लाख टन डीएपी का अधिकांश उपभोग अक्टूबर और दिसंबर के मध्य होता है। सरकार की ओर से हर वर्ष दावे किए जाते हैं कि किसानों को डीएपी को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सरकार के दावों के विपरीत किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रही है। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को उर्वरकों की कमी नहीं होनी चाहिए। प्रदेश में दो लाख मीट्रिक टन डीएपी और 2.47 लाख मिट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। विभाग की ओर से कहा जा रहा है कि ओडिसा के पारादीप पोर्ट पर पर्याप्त मात्रा में स्टाक उपलब्ध है, लेकिन रेल की अनुपलब्धता के कारण प्रदेश में उर्वरक नहीं पहुंच पा रहा है।

दरअसल समय से उर्वरक के पर्याप्त स्टाक की व्यवस्था की जानी चाहिए। किसानों को विवेकपूर्ण ढंग से यूरिया, डीएपी और म्यूरेट ऑफ़ पोटाश का उपयोग करने से हतोत्साहित किया जाना चाहिए, जिसमें नाइट्रोजन, फॉस्फोरस या पोटेशियम की मात्रा बहुत ज़्यादा होती है और खाद को लगातार इस्तेमाल करना या रखने पर पर्यावरण और इंसानों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। उर्वरक को लेकर, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 जैसे कानून हैं। फिर भी किसानों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन को सतर्कता बरतनी होगी ताकि खाद की कालाबाजारी न हो सके।

# संस्कृति को समझना मनुष्य को समझने के समान



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कोई भी भाषा अथवा संस्कृति उन लोगों से भिन्न नहीं हो सकती, जो उस भाषा या संस्कृति को धारण करने वाले हैं। वे लोग जितनी अधिक भाषाओं और उनके बोलने वाले लोगों के संपर्क में आएंगे, विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के उतने ही अधिक भाषा तत्व उनकी अपनी भाषा में अंतर्भुक्त हो जाएंगे।

भाषा का इतिहास उस जाति का इतिहास होता है। इतिहास के मोड़ भाषा को भी दिशा देते हैं। विजेता जाति की भाषा पराजित जाति की भाषा को उसी अनुपात में प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए आप एक गांव की ही बोली का अध्ययन करके वहां के समाजशास्त्र और अर्थव्यवस्था, वहां की संस्कृति को समझ सकते हैं। जैसे भाषा का व्याकरण होता है, वैसे ही संस्कृति के भी कुछ नियम होते हैं। ये नियम असल में जीवन के प्रवाह के ही नियम होते हैं। इसी प्रकार से आदमी से आदमी मिलता है, बिछुड़ता भी है। उनके बीच द्वंद्व होता है, समायोजन भी होता है। प्रभाव पड़ता है, आदान-प्रदान भी होता है। अनुकरण भी होता है। अध्यारोपण भी होता है, अंतर्भुक्ति भी होती है। एक साहित्य दूसरी भाषा में जाता है तब उसे अनुवाद कहा जाता है। जब एक संस्कृति दूसरी संस्कृति में संक्रमण करती है तो उसे अवतार कहते हैं।

यदि आदमी अकेला ही होता तो उसे न किसी भाषा की जरूरत होती और न संस्कृति की। अकेले आदमी के लिए अभिव्यक्ति की भी क्या जरूरत होती? अभिव्यक्ति का प्रश्न तो तब आया, जब एक से दो आदमी हुए। दो से चार और फिर हजारों, लाखों, करोड़ों, अरबों। इसीलिए भाषा सामाजिक प्रक्रिया है, समाज का विकास होता है तो उसके साथ ही भाषा और संस्कृति का भी विकास होता है। जैसे -जैसे लोगों का पारस्परिक-संपर्क बढ़ता है, वैसे-वैसे भाषा तत्व और सांस्कृतिक तत्वों का आदान-प्रदान, प्रभाव-प्रतिक्रिया और परस्पर अंतर्भुक्ति भी होती रहती है। इस प्रकार भाषा अथवा संस्कृति की रचना एक दिन, एक महीना, एक वर्ष या एक युग में ही होने वाली परिघटना नहीं है, यह एक निरंतर प्रक्रिया है।

कोई भी भाषा अथवा संस्कृति उन लोगों से भिन्न नहीं हो सकती, जो उस भाषा या संस्कृति को धारण करने वाले हैं। वे लोग जितनी अधिक भाषाओं और उनके बोलने वाले लोगों के संपर्क में आएंगे, विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के उतने ही अधिक भाषा तत्व उनकी अपनी भाषा में अंतर्भुक्त हो जाएंगे। बात यह है कि भाषा का विकास सामाजिक संपर्क से होता है। भाषा का उदय और विकास कैसे हुआ? ऐसा नहीं है कि भाषा पहले से बनी हुई थी या किसी देवता या कोई विचारक अथवा किसी राजा ने बनाकर हमको सिखा दी थी। भाषा किसी एक जाति ने बनाई है, ऐसा भी नहीं है। भाषा का जन्म मनुष्य की पारस्परिकता या आपसदारी से हुआ।

भाषा का उदय और विकास साथ-साथ की भावना से हुआ, सहयोग और सामंजस्य की भावना से हुआ, एक दूसरे के समीप आने की भावना से हुआ, भाषा का उदय और विकास कुछ बताने और कुछ सीखने की भावना से हुआ, भाषा का उदय और विकास कुछ कहने और कुछ सुनने की भावना से हुआ। इस पारस्परिकता को हम दूसरे शब्दों में समष्टि प्रक्रिया अथवा सामाजिक प्रक्रिया भी कह सकते हैं। अब समझने की बात यह है कि जैसे भाषा का उदय और विकास समष्टि प्रक्रिया से हुआ, किसी एक आदमी या किसी एक वर्ग ने भाषा का विकास नहीं किया, उसी प्रकार संस्कृति का जन्म भी समष्टि प्रक्रिया से हुआ। संस्कृति का उदय और विकास भी मनुष्य की पारस्परिकता या आपसदारी से हुआ।

भाषा की ही तरह संस्कृति भी किसी एक आदमी या किसी एक वर्ग ने नहीं बनाई। भाषा और संस्कृति की तरह कला, साहित्य, राज्य, न्याय, नीति, अर्थव्यवस्था और मानव संबंध समष्टि की प्रक्रिया से ही जन्म लेते हैं। समष्टि की प्रक्रिया से ही मानव इतिहास बनता है, जिस राजा, विचारक और देवता का उल्लेख किया गया है। वह राजा, विचारक और देवता भी इसी समष्टि प्रक्रिया या मनुष्य की पारस्परिकता की देन है। धर्म भी मनुष्य की इसी पारस्परिकता के गर्भ से ही पैदा हुआ। सच्चाई तो यह है कि धर्म पारस्परिकता का ही रूप है। संसार की सभी संस्कृतियों का जन्म मनुष्य की इसी पारस्परिकता से हुआ। भगवान और देवी-देवताओं का आविष्कार भी समष्टि प्रक्रिया की देन है। मामूली से मामूली आदमी भी इस पारस्परिकता का अंग है। व्यक्ति और उसके परिवार की पारस्परिकता से समुदाय बनता है और समुदायों की पारस्परिकता से समाज बनता है। एक समुदाय की आंतरिक पारस्परिकता होती है, जिससे उस समुदाय की भाषा-संस्कृति, विश्व बोध और मनुष्य संबंधों का विकास होता है। विभिन्न समुदायों के विभिन्न स्तर होते हैं, इसलिए हमें भाषा में भी वे स्तर दिखलाई देते हैं, संस्कृति में भी और मानव संबंधों में भी। संसार की किसी भी भाषा का अध्ययन आप करिए, भाषा को वहां के जीवन और जीवन की निरंतर परंपरा से या जीवन की अविच्छिन्न धारा से अलग करके नहीं समझा जा सकता। भाषा का एक-एक शब्द आपको अपने परिवेश की कहानी सुना सकता है।

एक एक शब्द का अपना भूगोल होता है, अपना सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक परिवेश होता है। उस भाषा में किन-किन संस्कृतियों की अंतर्भुक्ति हुई है, क्यों उसमें अन्य संस्कृतियों से आगत शब्द हैं? आदमी है तो उसके पास उसकी भाषा भी है, जो उस आदमी की जिंदगी में समाई हुई है, आदमी चलता है तो उसके साथ उसकी भाषा चलती है, दो आदमी मिलते हैं तो दो भाषाएं भी मिल जाती हैं, एक आदमी शक्तिशाली है, दूसरे को प्रभावित कर सकता है तो उसकी भाषा भी दूसरे आदमी को प्रभावित करेगी ही। इसी प्रकार से एक जाति दूसरी जाति से मिलती है तो उनकी भाषाएं भी मिल जाएंगी, जो जाति जितनी उन्नत होगी, उसकी शब्दावली भी उतनी ही विस्तृत होगी। उन्नत भाषा के शब्द अन्य भाषाओं में समा जाएंगे। इसलिए भाषा को उन्नत करने का सवाल उस जाति को उन्नत करने से जुड़ा हुआ है, जिस मानव जाति के ज्ञान में विज्ञान में नए-नए पुरुषार्थ होंगे तो उसके पास भाषा का भी उतना ही बड़ा पुरुषार्थ होगा।

भाषा का इतिहास उस जाति का इतिहास होता है। इतिहास के मोड़ भाषा को भी दिशा देते हैं। विजेता जाति की भाषा पराजित जाति की भाषा को उसी अनुपात में प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए आप एक गांव की ही बोली का अध्ययन करके वहां के समाजशास्त्र और अर्थव्यवस्था, वहां की संस्कृति को समझ सकते हैं। जैसे भाषा का व्याकरण होता है, वैसे ही संस्कृति के भी कुछ नियम होते हैं। ये नियम असल में जीवन के प्रवाह के ही नियम होते हैं। इसी प्रकार से आदमी से आदमी मिलता है, बिछुड़ता भी है। उनके बीच द्वंद्व होता है, समायोजन भी होता है। प्रभाव पड़ता है, आदान-प्रदान भी होता है। अनुकरण भी होता है। अध्यारोपण भी होता है, अंतर्भुक्ति भी होती है। एक साहित्य दूसरी भाषा में जाता है तब उसे अनुवाद कहा जाता है। जब एक संस्कृति दूसरी संस्कृति में संक्रमण करती है तो उसे अवतार कहते हैं।

सब मिलाकर इन नियमों को हम सांस्कृतिक प्रक्रिया कहते हैं। संस्कृति लोक जीवन में व्याप्त है, वह किसी किताब में तो रह नहीं सकती। जीवन के साथ बदलाव साथ-साथ ही चलते हैं, इसलिए किताब ठहर जाती है, जीवन और संस्कृति आगे चले जाते हैं। संस्कृति को समझना मनुष्य को समझने के समान है। संस्कृति मनुष्य जीवन की ही संपदा है। पशुओं की संस्कृति नहीं होती। मनुष्य ही है, जो विराट प्रकृति के आंगन में सभ्यता के रूप में अपना भौतिक परिवेश और प्रणाली रचता है। मनुष्य ही संस्कृति के रूप में मनोवैज्ञानिक प्रणाली और परिवेश की रचना करता है। जैसे भाषा विज्ञान एक स्वायत्त अनुशासन है, उसी प्रकार से संस्कृति शास्त्र भी एक गंभीर और व्यापक अनुशासन है।

## प्रसंगवश

# वक्फ संशोधन बिल पर मतभेद

केंद्र सरकार ने पिछले दिनों वक्फ संशोधन विधेयक संसद में पेश किया था, जिस पर इंडी गठबंधन ने प्रबल विरोध किया और मुस्लिम समुदाय में भी रोष था। परिणामतः संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक समुदाय मंत्री किरन रिजिजू द्वारा पेश इस बिल को संयुक्त संसदीय समिति को जांच और रिपोर्ट हेतु सौंपा गया था। इसके अध्यक्ष जगदम्बिका पाल हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

बिल पर बैठकें होती रहीं और ओवैसी, कल्याण बनर्जी आदि विपक्षी सदस्यों ने स्पीकर से मिलकर समिति के अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाया है। संभव है कि ये लोग समिति से अलग भी हो जाए या बहिष्कार करें। अब 25 नवंबर से प्रारंभ होने जा रहे संसद के शीतकालीन सत्र में समिति अपनी रिपोर्ट सदन पेश करेगी तथा भाजपा इसे पारित कराने का प्रयास करेगी। जैसा कि सर्वविदित है कि लोकसभा में भाजपा का अपना बहुमत नहीं है और वह मुख्यतया चंद्रबाबू नाइडू की तेलगूदेशम पार्टी और नीतीशकुमार की जद(यू) पर अवलंबित है। ये दल कथित सेकुलर हैं और अंतर्मन से यह विधेयक पारित नहीं कराना चाहेंगे। नीतीश भाजपा के एक 'मजबूर' समर्थक हैं। लालू से उनका मोह भंग हो चुका है, क्योंकि वे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। हालांकि नाइडू के साथ ऐसा नहीं है। वे इस बिल के विरोध में हैं और माना जा रहा है कि बिल संयुक्त संसदीय समिति को उनके कहने से ही भेजा गया था। अभी-अभी उनकी पार्टी के आंध्रप्रदेश उपाध्यक्ष नवाब जान उर्फ अमीर बाबू ने कहा भी है कि नाइडू इस विधेयक के विरुद्ध हैं। वे अभी संपन्न हुए जमीयत-उल-माए-हिंद के दिल्ली सम्मेलन में गए भी थे तथा बिल के विरुद्ध बोले भी, उन्होंने कहा कि उनके नेता चंद्रबाबू नाइडू इस पर एक व्यापक सर्वे चाहते हैं तथा मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को साझा करते हैं।

जमीयत प्रमुख ने सम्मेलन में कहा कि उनके फोन पर नाइडू ने उपस्थित न होने के लिए माफी मांगी और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष को भेजा है, जो हमारे साथ मंच पर है। ऐसे में राजग में इस बिल पर स्पष्ट फूट के चलते इसके पास होने में ग्रहण दर्शित हो रहा है। अब देखना है शीत सत्र में क्या होता है, जिसमें यह और समान नागरिक संहिता पर चर्चा और पारित कराने के प्रयास संभाव्य है।

# महिलाओं के लिए खतरा बनी साइबर की दुनिया

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से उत्पन्न सामग्री के उदय ने डिजिटल स्पेस में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को और बढ़ा दिया है, जिससे ऑनलाइन उत्पीड़न और गोपनीयता उल्लंघन के नए रूप सामने आए हैं। इसने टेक कंपनियों और सरकारों दोनों को तत्काल कार्यवाही करने की आवश्यकता बताई है।

आज जब साइबर क्षेत्र में महिलाओं के लिए खतरे कई गुना बढ़ गए हैं तो ऐसा कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है, जहां वह छुप सकें और न ही कोई कड़ी सुरक्षा वाला इलाका है, जहां बैठकर वह अपने सम्मान पर डाका डालने वाले साइबर खतरों के खत्म होने का इंतजार कर सकें। एक वैश्विक सर्वे में पता चला है कि 60 प्रतिशत लड़कियों और महिलाओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उत्पीड़न का सामना किया है और इनमें से लगभग 20 प्रतिशत ने इसके चलते या तो सोशल मीडिया को अलविदा कह दिया या फिर उसका इस्तेमाल कम कर दिया। इसी तरह यूएन विमेन ने पाया है कि दुनियाभर में 58 प्रतिशत महिलाएं और लड़कियों को किसी न किसी तरह के ऑनलाइन शोषण का शिकार होना पड़ा है। इनमें ट्रोलिंग, पीछा करने, डॉक्सिंग और लैंगिकता पर आधारित दूसरे तरह के ऑनलाइन हिंसक बर्ताव हैं, जो डिजिटिल युग के नए खतरों के तौर पर उभर रहे हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग डीपफेक वीडियो और चित्र बनाने के लिए किया जा रहा है, जो महिलाओं को मनगढ़ंत सामग्री के साथ लक्षित करते हैं, जो अक्सर प्रकृति में यौन या मानहानिकारक होती है। यूएस की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को 2024 के राष्ट्रपति पद के लिए अपने अभियान के दौरान झूठे और हानिकारक संदर्भों में उन्हें चित्रित करने वाले डीपफेक का सामना करना पड़ा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल महिलाओं के चरित्र और विश्वसनीयता को कम करने के लिए डिजाइन की गई झूठी कथाएं या स्त्री-द्वेषी सामग्री फैलाते हैं, विशेष रूप से नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं को लक्षित करते हैं। रिपब्लिकन प्राइमरी के दौरान निक्की हेली हेर-फेर की गई छवियों और फर्जी खबरों का शिकार हुईं।



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

सरकारों को एआई नैतिकता बोर्ड और रूपरेखाएं स्थापित करनी चाहिए, जो नैतिक एआई विकास को अनिवार्य बनाती हैं।

महिलाओं को ऑनलाइन वस्तुकरण और यौन रूप से स्पष्ट सामग्री का असंगत स्तर का सामना करना पड़ता है, जो वास्तविक नकली सामग्री बनाने की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमता द्वारा बढ़ाया जाता है। इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बनाई गई स्पष्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुईं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बनाई गई डीपफेक और बदली हुई तस्वीरें महिलाओं की निजता का उल्लंघन करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर प्रतिष्ठा को काफी नुकसान होता है और मानसिक परेशानी होती है।

बांग्लादेशी राजनेता रूमिन फरहाना को चुनावों से पहले डीपफेक सामग्री के साथ निशाना बनाया गया था। कंपनियों को त्रुटियों को रोकने के लिए मानवीय निगरानी के साथ, हानिकारक सामग्री को व्यापक रूप से प्रसारित होने से पहले सक्रिय रूप से चिह्नित करने और हटाने के लिए उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिटेक्शन सिस्टम में निवेश करना चाहिए। मेटा (फेसबुक) ने हाल ही में डीपफेक से निपटने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल की घोषणा की, लेकिन उनका कार्यान्वयन असंगत बना हुआ है। प्लेटफॉर्म को स्पष्ट जवाबदेही उपाय प्रदान करने चाहिए और रिपोर्ट करनी चाहिए कि वे अपनी मॉडरेशन नीतियों के पारदर्शी ऑडिट के साथ फ्लैग की गई सामग्री को कैसे संभालते हैं। गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिद्धांत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार उपयोग पर प्रकाश डालते हैं, लेकिन अधिक कार्यान्वयन की आवश्यकता है।

सरकारों को डेटा सुरक्षा कानूनों को लागू करना चाहिए और डीपफेक विशिष्ट कानूनों सहित एआई जनरेटेड सामग्री के दुरुपयोग को संबोधित करने के लिए विशिष्ट कानूनी प्रावधान बनाने चाहिए। भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 सामग्री मॉडरेशन के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है, लेकिन इसमें कड़े एआई विशिष्ट नियमों का अभाव है। सरकारों को एआई नैतिकता बोर्ड और रूपरेखाएं स्थापित करनी चाहिए, जो नैतिक एआई विकास को अनिवार्य बनाती हैं, लिंग आधारित भेदभाव को रोकने पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

भारत का राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल एआई-जनरेटेड कंटेंट से जुड़े साइबर अपराधों की आसान रिपोर्टिंग की सुविधा देता है। निर्धारित समय सीमा के भीतर हानिकारक कंटेंट को हटाने में विफल रहने पर तकनीकी कंपनियों को मौद्रिक दंड के माध्यम से जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# आचरण में झलकें विचार

मनुष्य के जीवन की यही खूबसूरती होती है कि वह देवता की तरह न बने। गलतियां करना उसके मनुष्य होने की गारंटी है। लज्जास्पद, अपमानजनक और अप्रिय दुर्घटनाओं का उसे अनुभव हुआ ही न हो तो वह दुनिया के बड़े लेखक से परिचित ही नहीं है। आपने तोल्स्तोय का पुनरुत्थान पढ़ा होगा, उसमें मारिया कितनी बार गिरती है? गिरना महत्वपूर्ण नहीं है, महत्वपूर्ण है गिरने के बाद खड़ा होना।



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

मारिया बार-बार गिरती है और खड़े होने की कोशिश करती है। अन्ना कारेलिना में तो लेविन मरते समय कहता है कि जीवन के कुछ पल अब भी शेष हैं। इन पलों को इस नए अहसास के साथ मुझे जिंदगी को निचोड़ लेने दो। आप यूरोपीय रचनाकारों की आत्मकथाएं, जीवनियां जरूर पढ़िए। आप घनानंद और राजस्थान के अमर कवि बांकीदास की जीवनी को ही जानिए। मगर जानिए जरूर! इसलिए कि आप लेखक बनकर भी अंदर के रूढ़ संस्कारों से अभी मुक्त नहीं हो पाए हैं। आज भी हिन्दी के लेखक प्रेम, यौन और स्त्री-पुरुष संबंध को लेकर स्वस्थ और निष्कलुष मन से बात नहीं कर सकते। वे क्या बोलते हैं, इस पर आप ध्यान कम दीजिए, जो नहीं बोलकर उनकी संपूर्ण अभिव्यक्ति में उनसे झलकती है, उस पर गौर कीजिए। असलियत का अंदाज हो जाएगा। हिन्दी में लेखकों के लिए आधुनिकता विचार तक सर्वस्वीकार है, मगर आचरित नहीं होती है। इसका अहसास तक नहीं कि हम कितने पिछड़े हैं हमारे संस्कार, हमारी सोच? सहज और स्वाभाविक हम हो ही नहीं सकते हैं। इसीलिए हम भारतीय उपमहाद्वीप के लोग भारी पाखंडी लोग हैं। बात में महान और अंदर से निकृष्ट। स्त्री हो या पुरुष सबका अपना व्यक्तित्व है। अपनी सोच है और अपनी जिंदगी। हम किस हैसियत से उस पर टीका-टिप्पणी करें? हम होते कौन है? फिर भी हम कहते हैं, नहीं जी, मैंने तो आजादी दे रखी है। तुम कौन हो आजादी देने वाले? उसके पास भी समझ है, उसे समान समझ रहे हो तो समान इज्जत दो। उसकी गरिमा को स्वीकार कर उससे बात करो, मगर नहीं, हम तो उसके निजी कक्ष में ताक-झांक करने वाले हैं, उस पर कुत्सित बात करने वाले हैं। खुद सोचिए कि हम वास्तव में कितने निकृष्ट हैं?

-फेसबुक वॉल से

## व्यंग्य

# जिम्मेदार होने की निशानी खराब हैंडराइटिंग



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

मरीज जल्दी ठीक होने पर कभी डॉक्टर का अहसानमंद नहीं होता। वो मानता है वो मातारानी की कृपा से, अपने नसीब से, भरे हुए पर्स की बदौलत ठीक हुआ है। जल्द ठीक हुआ मरीज मानता ही नहीं कि वो बीमार हुआ भी था। वो ठगा महसूस करता है।

खबर यह कि दिल्ली के एक डॉक्टर अच्छी हैंड राइटिंग में पर्चा लिखते पकड़े गए। पकड़े गए तो मेडिकल काउंसिल से माफी मांग कर छूटे। हद है ये तो। पता नहीं ये खबर कितनी सच्ची, कितनी झूठी। झूठी हो तब भी सच्ची मानी जानी चाहिए। ऐसी हरकत करने वाले बंदों पर कड़ी नजर रखी जानी चाहिए और पकड़े जाते ही उनके खिलाफ फौरन कार्रवाई भी की जाना चाहिए। एक स्टडी बताती है, दुनिया भर में हर साल तकरीबन सात हजार लोग डॉक्टरों की खराब हैंड राइटिंग की वजह से मर जाते हैं। मेरा मानना है कि डॉक्टर भी पढ़ने लायक लिखने लगे तो मरने वाले मरीजों की तादाद हजारों से लाखों में पहुंच सकती है। तीन चौथाई मरीज बीमारी और दवाओं की समझ से मारे डर के कल के बजाय आज ही मर सकते हैं। यह भी मुमकिन है कि उन्हें पढ़ कर कुछ बदमाश किस्म के मरीज, कंपाउंडर ज्ञानी हो जाएं। खुद डॉक्टर होने की कोशिश करें। खुद भी मरें और आसपास वालों को भी मार दें।

इस अच्छी हैंडराइटिंग वाले डॉक्टर को अंदाजा नहीं हैं, उसकी इस हरकत से कितने केमिस्ट बर्बाद होंगे। कितनी दुकानें बंद होंगी और कितने मरीज वाकई ठीक हो जाएंगे। मरीज जल्दी ठीक होने पर कभी डॉक्टर का अहसानमंद नहीं होता। वो मानता है वो मातारानी की कृपा से, अपने नसीब से, भरे हुए पर्स की बदौलत ठीक हुआ है। जल्द ठीक हुआ मरीज मानता ही नहीं कि वो बीमार हुआ भी था। वो ठगा महसूस करता है। भरोसा उठता है, उसका चिकित्सा व्यवस्था से। ऐसे में इस डॉक्टर का अच्छी हैंडराइटिंग में पर्चा लिखना उसके बचपने से ज्यादा कुछ नहीं और उसे आगे डॉक्टरी करने देना अपने आप में बड़ी गलती है। सभी को अच्छी हैंडराइटिंग से बचना चाहिए। आप जैसे ही किसी को समझ में आने लगते हैं वो आपको हल्के में लेने लगता है। आसान होना मामूली होना है और हम में से कोई ऐसा नहीं होना चाहता। फिर अच्छी हैंडराइटिंग लिखना बाबुओं का काम। डॉक्टर-अफसर ऐसा करने लगे तो इतनी मेहनत कर डॉक्टर बनने की क्या जरूरत थी। अच्छी हैंडराइटिंग आराम तलबी की निशानी। देखने वाला फौरन समझ जाता है कि बंदा फालतू बैठा है। खराब हैंडराइटिंग बताती है आप जिम्मेदार और व्यस्त हैं। ऐसा करने वालों को लोग तारीफ की निगाह से देखते हैं।

यह बात पचासों बार साबित हो चुकी है, खराब हैंड राइटिंग वाले अक्लमंद, काबिल, भरोसेमंद, दूरदर्शी और लीडर होते हैं। महात्मा गांधी की भी हैंडराइटिंग खराब थी और मेरी भी खराब है। गांधीजी की इज्जत होती है और मेरी भी। खराब हैंडराइटिंग न लिखे डॉक्टर तो कोई वजह नहीं कि उसकी इज्जत की जाए या उसे समझदार और भरोसेमंद माना जाए। फिर सबसे बड़ी बात खराब हैंडराइटिंग पैसे बनाने का सबसे कारगर जरिया है। अक्षर जमा-जमा कर लिखने वाला डॉक्टर जितने वक्त में एक मरीज देखता है, खराब राइटिंग वाला उतनी देर में तीन मरीज निपटा देता है। लिहाजा डॉक्टरों को इस आसान तरीके पर कायम रहना चाहिए और बदस्तूर खराब हैंड राइटिंग में पर्चे लिखना जारी रखना चाहिए।

# शिक्षा में परिवर्तन का अर्थ

नई शिक्षा नीति पर विचार-विमर्श करते हुए मन-मस्तिष्क में मंथन होता है। क्या शिक्षा में परिवर्तन के नाम पर मानव को परिसंपत्ति अथवा राष्ट्रीय संसाधन के रूप में विकसित करना एक उपयोगितावादी दृष्टिकोण नहीं है? शिक्षा मानव राष्ट्र और समाज की सतत विकासमान एक बहुआयामी इकाई है। इसके मानवीय, सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयाम हैं। मानव स्वतः साध्य है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मानव का समग्र विकास शिक्षा से ही संभव है। वस्तुतः हमें उस शिक्षा नीति की तलाश है, जो मूल्यपरक हो, जो मानव की पहचान को बरकरार रख, उसे प्रकृति और समाज के साथ जोड़ सके। साथ ही जीवन के लिए अभ्यास और अनुशासन बन सके, जिससे व्यक्ति में उचित सामर्थ्य और शक्ति विकसित हो सके और जो हमारे अहंकारों, उन्मादों, पूर्वाग्रहों तथा उन सभी ताकतों के विरुद्ध क्रांति का उद्घोष कर सके, जो हमारे शाश्वत मानवीय मूल्यों का विनाश कर रहे हैं। क्या वह शिक्षा, शिक्षा है, जो मानव को किंकर्तव्य विमूढ़ बनाते हुए उसकी पहचान ही कम कर दे? छान्दोग्य उपनिषद् के नारद-सनत्कुमार आख्यान शिक्षा के अर्थ को स्पष्ट करता है। नारद ने कम से कम बीस विषयों का अध्ययन किया और उसमें निष्णात हो गए, पर उन्हें अपने ज्ञान से तृप्ति नहीं मिली और उन्होंने अनेक ज्ञानीजनों से संपर्क किया फिर भी संतुष्टि न मिलने पर वे सनतकुमार के पास आए।

सनत्कुमार ने नारद से कहा उन्होंने जो कुछ भी सीखा है वह सब मात्र शाब्दिक है अतः नितांत अपूर्ण है। इस ज्ञान को आत्मज्ञान से ही पूर्ण किया जा सकता है। इस आख्यान का निर्देश है कि यदि हम किसी को पूर्ण रूप से शिक्षित बनाना चाहते हैं तो उसे न केवल विविध विषय पढ़ाने होंगे वरन उसमें पूर्णतया शारीरिक, जैविक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास लाना होगा, जिससे वह अपने व्यक्तित्व का केंद अहम तत्व के बदले उस अंतरात्मा को समझे, जो समाज और प्रकृति से जुड़ती हो। यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा विद्या तस्य करोति किम्।

# मुद्दा घर की सुरक्षा का

बचपन में एक फिल्म देखी थी रोटी कपड़ा और मकान, इस फिल्म के गानों ने काफी धूम मचाई थी। इंसान की बुनियादी जरूरतों रोटी कपड़ा और मकान पर आधारित इस फिल्म ने काफी प्रभावित किया था, लेकिन आज के दौर में घरों पर बुलडोजर चलाकर गिराने का काम शुरू हुआ है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने घरों को जमींदोज करने के बुलडोजर न्याय को न्याय विरुद्ध और सभ्य समाज के खिलाफ बताकर कुछ राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति के पास जो अंतिम सुरक्षा होती है वो उसका घर है। वैसे भी एक साधारण इंसान पाई-पाई जोड़ कर बड़ी मुश्किल से घर बना पाता है अपने घर से हर व्यक्ति की भावनाएं जुड़ी रहती हैं। बुलडोजर न्याय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का फैसला विगत बुधवार को आ चुका है और अब तो इस विस्तृत फैसले को शनिवार को नेट पर भी अपलोड कर दिया गया है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आशा है कि इस फैसले के आने के बाद आमजन घर की सुरक्षा के मामले में राहत महसूस करेंगे, क्योंकि घर में ही सुकून मिलता है। घर हमें सुरक्षा, अपनापन और निजता प्रदान करता है। घर सर्दी, हवा और तेज गर्मी से बचाता है यानी बुनियादी जरूरतें पूरी करता है और जब बुनियादी जरूरतें पूरी होती हैं तो सभी बेहतर महसूस करते हैं।

# रंगारंग कार्यक्रमों से बच्चों ने मोहा सबका मन

## समर स्टडी हॉल स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर के कुंडेश्वरी रोड स्थित समर स्टडी हॉल स्कूल में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** काशीपुर के कुंडेश्वरी रोड स्थित समर स्टडी हॉल स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा इंटरमीडिएट तक छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। साथ ही स्कूल में वर्ष भर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

शनिवार की शाम समर स्टडी स्कूल के सभागार में हुए वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्ड से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय पोलो प्लेयर समीर सुहाग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य नाटिकाओं के द्वारा समाज में एकता और अखंडता का संदेश दिया।

इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य अनुज भाटिया ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्कूल में छात्र-छात्राओं को संस्कारों के साथ ही खेल, शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल रहना चाहिये। वहीं विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह ने स्कूल के विभिन्न क्षेत्रों में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान रिचा अधिकारी, मनु अग्रवाल, पूनम अरोरा, अनीता तिवारी, राहुल पैगिया, अनुराग सिंह, हरीश सिंह, अलका पाल, पूजा सिंह, सुरेश शर्मा, जितेन्द्र सरस्वती, जय सिंह गौतम समेत कई लोग मौजूद रहे।


काशीपुर में कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

### पंत विवि का 65वां स्थापना सप्ताह समारोह आज से

**पंतनगर :** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय का 65वां स्थापना दिवस कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में एक सप्ताह तक मनाया जाएगा। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों एवं विवि स्तर पर शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निदेशक संचार एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. जेपी जायसवाल ने बताया इन कार्यक्रमों में मुख्य रूप से स्थापना दिवस एवं पंतनगर कृषि विवि का ऐतिहासिक महत्व, रन फार यूनिवर्सिटी, नवाचार पर आधारित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा मॉडलों का प्रदर्शन, महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता, यूनिवर्सिटी बैंड शो आदि होंगे।

### देवरी में एक माह का हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**खटीमा :** व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना के अंतर्गत देवरी गांव में एक माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उद्योग विभाग के महाप्रबंधक विपिन कुमार ने किया। कार्यक्रम में देहरादून से आए डिजायनर रियाज अंसारी द्वारा महिलाओं को विभिन्न डिजाइन की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य चंदशेखर मुंडेला, ग्राम प्रधान सचिन राणा, जिला उद्योग केंद्र प्रशिक्षण संचालक भीम सिंह बोहरा ने महिलाओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। संचालन ज्योति भट्ट ने किया। बैठक में सोनी भट्ट, अनीता राणा, गुड़िया देवी, लक्ष्मी देवी, जयवती देवी मौजूद रहे।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते कुलपति डॉ मनमोहन सिंह चौहान। ● अमृत विचार

# खेल भावना को रखें सर्वोपरि : डॉ. चौहान

- पंतनगर स्टाफ स्पोटर्स क्लब की स्टीवेंसन स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के स्टीवेंसन स्टेडियम में पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने किया। उन्होंने प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों का आह्वान किया कि वह खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें।

कहा कि प्रतियोगिता में जीतना अहम नहीं होता, बल्कि इसमें भाग लेना महत्वपूर्ण होता है। कुलपति डॉ. चौहान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। क्रिकेट संयोजक शशांक शर्मा ने प्रतियोगिता का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बताया कि प्रतियोगिता में विवि की आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिसको दो वर्गों में बांटा गया है। कार्यक्रम का संचालन क्लब के सचिव योगेश पंत ने किया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष व डीएसडब्ल्यू डॉ. एएस जीना, प्रभारी शारीरिक शिक्षा डॉ. ओम प्रकाश, एडीएसडब्ल्यू डॉ. राजीव रंजन आदि मौजूद रहे।

उद्घाटन मैच में प्रशासनिक भवन ने कृषि महाविद्यालय को 28 रन से हरा दिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बल्लेबाज उमेश कुमार को दिया गया।

## सार-संक्षेप


काशीपुर में निकलती शोभायात्रा। ● अमृत विचार

### सात नदियों के जल के साथ निकाली शोभायात्रा

**काशीपुर :** विवेक प्रेम ट्रस्ट ने भारत की सात पवित्र नदियों के जल के साथ शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली। इसके साथ ही कलश यात्रा भी निकाली गई। यात्रा के दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष स्वामी शुद्ध महेशानंद पुरी महाराज ने बताया कि यात्रा आश्रम के 33वें स्थापना दिवस के अवसर पर निकली गई। इसमें भारतवर्ष की पवित्र 7 नदियों का जल लाकर कलशों में डाला गया और दुर्गा माता की अगुवाई में श्री नंगली निवासी भगवान को तीन रथों में विराजमान कर बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। उन्होंने बताया कि यात्रा आश्रम से मिल रोड, एलआईसी दफ्तर, आवास विकास होते हुए आश्रम तक पहुंची। जहां कलशों के पवित्र जल से भगवान का अभिषेक किया गया। इस दौरान चमन सिंह, अंकित पाल, आकाश गुप्ता, अभिषेक उपाध्याय, दीपक कश्यप, राजीव यादव, आदि मौजूद रहे।


वरिष्ठ पदाधिकारी को सम्मानित करते कायस्थ महासभा के लोग।

### भगवान चित्रगुप्त महाराज की जयंती पर किया हवन

**खटीमा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की देखरेख में भगवान चित्रगुप्त महाराज की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गयी। इस अवसर पर देर सायं तक विशाल भंडारा आयोजित हुआ। पीलीभीत रोड स्थित पशुपति नाथ मंदिर परिसर में भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति पर भव्य पूजा अर्चना की गयी। पंडित वीपी मिश्रा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ हवन कराया गया। कार्यक्रम में चित्रांश बंधुओं का परिचय एवं कर्मठ मेहनती चित्रांशों को सम्मानित किया। इसके साथ आयोजित भंडारे का कार्यक्रम देर शाम तक चला। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष/ संरक्षक पीएन सक्सेना, अध्यक्ष रवीश भटनागर, कार्यकारी अध्यक्ष पवन जौहरी ने अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर महामंत्री अशोक भटनागर, कोषाध्यक्ष सुमित भटनागर, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ विनीता सक्सेना, जिलाध्यक्ष (महिला) योगेश्वरी देवी, ऊषा सक्सेना, नीरज सक्सेना, मुकेश चौधरी, अमित सक्सेना, राजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### खंड स्तरीय खेलकूद 14 से 17 नवंबर को

**खटीमा, अमृत विचार :** खेल महाकुंभ 2024 के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं 14 से 17 नवंबर तक विकासखंड के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जा रही हैं। क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी इमरान खान ने बताया कि 14 नवंबर को पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बंडिया में अंदर 14 , 17, 20 बालक बालिका एथलेटिक्स, 15 नवंबर को इसी विद्यालय में कबड्डी बालक बालिका अंडर 14, 17, 20 सिटी कान्वेंट स्कूल में 16 को वॉलीबॉल अंडर 14, 17, 20 आयु वर्ग तथा रोग के पब्लिक स्कूल हैप्पी चारुबेटा में 17 नवंबर को खो खो बालक बालिका अंडर 14, 17, 20 आयु वर्ग में संपन्न होगी। बीओ खान ने बताया कि प्रतियोगिता प्रतिदिन 9:00 बजे से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को khelouk.in पर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा।

# हर्षोल्लास के साथ मना अमेनिटी स्कूल का वार्षिकोत्सव


दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि अभिनेता हेमंत पांडे। ● अमृत विचार


रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली छात्र। ● अमृत विचार

- अभिनेता हेमंत पांडे ने दीप जलाकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ
- स्कूल में खेल और शिक्षा के समन्वय की सराहना की

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** अमेनिटी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शीर्षक युगांतर रखा गया।

इस दौरान स्कूली छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ अभिनेता हेमंत पांडे ने दीप जलाकर किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, बिलासपुर विधायक एवं राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि हेमंत पांडे ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गए और विद्यालय द्वारा खेल एवं शिक्षा दोनों के समन्वय को लेकर काफी प्रशंसा की।

वहीं विशिष्ट अतिथि बिलासपुर विधायक बलदेव सिंह औलख, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय ने विद्यालय के खेलों एवं शिक्षा के क्षेत्र मे किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। साथ ही कहा कि स्कूल के खिलाड़ियों ने फुटबाल एवं किक्रेट में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। आने वाले समय में अधिक ऊर्जा के साथ खेल एवं शिक्षा दोनों के क्षेत्र में प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

इस दौरान विद्यालय के व्यवस्थापक सुभाष अरोरा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्या इंद्रा त्रिपाठी ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, गुरदीप अरोरा, प्रीतम अरोरा, दिलीप अरोरा समेत विद्यार्थियों के अभिभावक व शहर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# बिक्रम अध्यक्ष , जगदीश महासचिव बने

- पूर्व सेनानी एकता समिति के चुनाव हुए संपन्न

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में चुनाव के बाद नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पूर्व सेनानी एकता समिति के चुनाव में बिक्रम सिंह (सूबेदार मेजर सेनि) अध्यक्ष व जगदीश चंद्र बौड़ाई (नायब सूबेदार सेनि) महासचिव चुने गए।

रविवार को समिति के संरक्षक कैप्टन किशन सिंह दसौनी की अध्यक्षता में संपन्न हुए चुनाव में पूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान बिक्रम सिंह रावत (सूबेदार मेजर सेनि) अध्यक्ष, जगदीश चन्द्र बौड़ाई महासचिव, चंद्र सिंह रावत वरिष्ठ कोषाध्यक्ष (निर्विरोध), त्रिलोक सिंह नेगी उपाध्यक्ष (काशीपुर पश्चिमी क्षेत्र), सुरेन्द्र सिंह रावत (कैप्टन सेनि) उपाध्यक्ष (निर्विरोध पूर्वी क्षेत्र), हरदीप सिंह (कैप्टन सेनि) उपाध्यक्ष (काशीपुर उत्तरी क्षेत्र) व रणबीर सिंह (कैप्टन सेनि) कोषाध्यक्ष चुने गए। यह चुनाव महिपाल सिंह नेगी मुख्य पर्यवेक्षक, भवान सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह रावत व तुलाराम उप्रेती की देखरेख में हुआ। बैठक में पूर्व सैनिकों के सम्मेलन के लिए काशीपुर में उपयुक्त स्थान की व्यवस्था किए जाने, काशीपुर में सीएसडी कैंटीन खोले जाने, बाहरी राज्यों से बने शस्त्र लाइसेंस की एनओसी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने, पूर्व सैनिकों पर दाखिल मुकदमों का त्वरित निस्तारण कराने, सैनिक विश्रामगृह का निर्माण समेत अन्य कई मांगों पर चर्चा की गई। बैठक में सैनिक परिवार से संबंध रखने वाली सामाजिक कार्यकर्ता कुसुम लता बौड़ाई को मेयर पद पर चुनाव लड़ाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। सभी ने कुसुमलता के चुनाव में सहयोग करने की बात भी कही। वहीं महिपाल सिंह नेगी (कैप्टन सेनि), गिरीश चन्द्र, तुलाराम उप्रेती, अरविंद सिंह रावत, दिलवर सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह रावत, मनवर सिंह रावत को वरिष्ठ सलाहकार व रमेश सिंह रावत को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### जीवन में सफलता के लिए किताबों से जुड़ाव जरूरी

**शांतिपुरी :** जवाहरनगर सैम मानेकशॉ ग्लोबल स्कूल में क्रियेटिव उत्तराखंड के तत्वावधान में आयोजित पंतनगर किताब कौतिक के अंतिम दिन मुख्य अतिथि फिल्म कलाकार हेमंत पांडे ने पहाड़ी खेती पुस्तक का विमोचन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सिने कलाकार पांडे ने लोगों से जीवन में सफलता पाने के लिए किताबों से जुड़ाव होना जरूरी बताया। पशु वैज्ञानिक डॉ. मधुसूदन व डॉ. जार्ज ने पशुपालकों को अच्छे दुग्ध उत्पादन के लिए डिवर्मिंग, चारा प्रबंधन एवं नस्ल सुधार आदि की जानकारी दी। किताब कौतिक में लगाए गए नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपना उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस दौरान उमेश चंद भट्ट, टीका सिंह नेगी, राजेश भट्ट, बसंत पाण्डे, दयाल पाण्डे, डॉ. प्रमिला जोशी, हेम पंत, डॉ. मंजूषा, दीपा दानू, मनीश सुन्दरियाल, जीवन सिंह दानू, उदय सिंह किरौला मौजूद रहे।


पुस्तक का विमोचन करते सिने कलाकार हेमंत पाण्डे व अन्य अतिथि।

# एसबीएस कॉलेज रुद्रपुर बना चैंपियन

- अंतर महाविद्यालय मिनी गोल्फ (पुरुष) प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में विजेता टीम के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज में आयोजित कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय मिनी गोल्फ (पुरुष) प्रतियोगिता में एसबीएस कॉलेज रुद्रपुर चैंपियन बना। जबकि एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी की टीम उपविजेता रही।

रविवार को संस्थान परिसर में प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं योगाचार्य सुखविंदर सिंह, कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा, मिनी गोल्फ एसोसिएशन के प्रदेश एग्जीक्यूटिव मेंबर नीरज कांडपाल, चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय आदि ने मां सरस्वती एवं संस्थान के संस्थापक स्व. सत्येंद्र चंद्र गुड़िया के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रतियोगिता में पांच टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता में एसबीएस कॉलेज रुद्रपुर ने एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी कों 38 अंकों के बड़े अंतर से पराजित कर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। यहां डॉ. नीरज आत्रेय, संस्थान के निदेशक डॉ. केवल कुमार, प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल, रजिस्ट्रार विशाल शर्मा, रजिस्ट्रार विधि सुधीर दुबे आदि मौजूद रहे।

### हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**काशीपुर :** अल्मोड़ा के सल्ट में हुई बस दुर्घटना के मृतकों को काशीपुर मीडिया सेंटर के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी। साथ ही मृतक आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। रविवार को काशीपुर मीडिया सेंटर के कार्यालय में हुई शोकसभा में मीडिया सेंटर के अध्यक्ष दिलप्रीत सेठी ने कहा कि कहा कि बीते दिनों हुए बस हादसे में 38 लोगों की मौत हो गई। कहा कि उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में आए दिन घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने दुर्घटना के जिम्मेदार पर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान एसडीएम अभय प्रताप सिंह, एएसपी अभय प्रताप सिंह, समेत मीडिया सेंटर के पत्रकार मौजूद रहे।

# शिविर में जांच के बाद दी दवा

- समाजसेवी राकेश मंडल व युवाओं ने की निर्धन परिवारों के इलाज के लिए पहल

संवाददाता, दिनेशपुर


निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

**अमृत विचार :** निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच के बाद बीमारियों व स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गई। स्वस्थ रहने के लिए बदलते मौसम में ताजा भोजन व स्वच्छ जल पीने के साथ खान-पान में सावधानी रखने, सुबह व्यायाम करने की सलाह दी। मरीजों को आयुष्मान कार्ड से संबंधी बीमारियों के इलाज करवाने की विस्तृत जानकारी दी गई।

रविवार को युवा समाजसेवी राकेश मंडल ने गौतम अस्पताल के सहयोग से वार्ड- आठ में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ नबील फिरोज, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अलीजा रिजवी, ऑर्थो विशेषज्ञ डॉ संदेश रॉउत व जरनल सर्जन डॉ शैलेश कुमार ने मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा दी। सर्जन डॉ. शैलेश कुमार ने मरीजों से स्वास्थ्य में सुधार न होने पर अस्पताल में आकर चिकित्सक से परामर्श करने की सलाह दी। इस मौके पर समाजसेवी रमेश बैरागी, इंद्रजीत मंडल, रवि कुमार, सौरव मंडल, राजेश दास, प्रमित राहा, मोनू रावत, दिवास राय, सुजय कुमार, मुकेश मंडल , सूरज गोस्वामी, मनोज कुमार, विजय ढाली आदि मौजूद रहे।

# सेंट टेरेसा स्कूल की टीम बनी ओवरऑल चैंपियन

## ओवर ऑल रनर अप रहा काशीपुर का मारिया अस्मिता स्कूल, विजेता टीम को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

**आयोजन**

- किच्छा के सेंट पीटर स्कूल में आयोजित दो दिवसीय 20 वीं मदर टेरेसा मेमोरियल एथलेटिक मीट का हुआ समापन

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी किच्छा में आयोजित दो दिवसीय मदर टेरेसा एथलेटिक मीट में सेंट टेरेसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल काठगोदाम ओवर ऑल चैंपियन रहा। जबकि मारिया अस्मिता सीनियर सेकेंडरी स्कूल काशीपुर ओवर ऑल रनर अप रहा।

इससे पूर्व एथलेटिक मीट के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत 1500 मीटर ओपन दौड़ से हुई। जिसमें प्रथम स्थान पर आदित्य बिष्ट, सेंट थेरेसा काठगोदाम, द्वितीय उज्ज्वल कोहली, डॉन बॉस्को पिथौरागढ़ तथा तृतीय स्थान पर हार्दिक पनेरु, सेंट थेरेसा काठगोदाम रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य फॉदर अलेक्सांडर मोंतेरो और एजुकेशन सेक्रेट्री फादर रॉयल एंथोनी की अगुवाई में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। एथलेटिक मीट में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के करीब 27 स्कूलों के 1022 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में सब जूनियर बालक वर्ग में सैंट अलोयसिस पीलीभीत के फ़ज़ल मोहम्मद खान तथा बालिका वर्ग में सेंट पीटर बैलपड़ाव की समीक्षा राणा इंडिविजुअल चैंपियन रही। जूनियर बालक वर्ग में सैंट अलोयसिस पीलीभीत के हारून अहमद तथा बालिका वर्ग में सेंट थेरेसा काठगोदाम की अवनी चड्ढा इंडिविजुअल चैंपियन रही। सीनियर बालक वर्ग में मारिया अस्मिता काशीपुर के अंशदीप सिंह तथा बालिका वर्ग में देबोश्री भट्टाचार्य इंडिविजुअल चैंपियन रही। सेंट पीटर स्कूल में आयोजित 20 वीं मदर टेरेसा मेमोरियल एथलेटिक मीट में ओवर ऑल चैंपियन काठगोदाम का सेंट थेरेसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल और ओवर ऑल रनर अप काशीपुर का मारिया अस्मिता सीनियर सेकेंडरी स्कूल रहा। सभी विजेताओं को प्रधानाचार्य फादर अलेक्सांडर मोंतेरो व एजुकेशन सेक्रेटरी फादर रॉयल एंथोनी द्वारा प्रशस्ति पत्र व पदक देकर और विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के फादर साबू, सिस्टर लूसिया, सिस्टर सिल्वी, सिस्टर बसंती, हंसराज उपाध्याय, संजय नेगी, प्रमिला, प्रियंका, इंदर कार्की, श्वेता बेंजामिन, रुकमणी, एलन बर्नार्ड, मनीष थापा, मालविका, राज अरोरा, विजय पांडे, मीनू चौहान आदि मौजूद रहे।



किच्छा के सेंट पीटर स्कूल में विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपते अतिथि। ● अमृत विचार


खटीमा के गुरुद्वारा सत्संग सभा में आयोजित बैठक में उपस्थित सिख संगत। ● अमृत विचार

# प्रकाश पर्व की तैयारी को लेकर मंथन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा सत्संग सभा में गुरु नानकदेव जी के प्रकाश पर्व को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें बताया गया कि प्रकाश पर्व के चलते 14 को अखंड पाठ रखा जाएगा जिसका भोग 16 को पड़ेगा।

बैठक में गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष हरभजन सिंह खिंडा ने बताया कि 9 जनवरी 2025 को सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती को मनाए जाने की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। नगर कीर्तन का आयोजन भी होना तय हुआ है। इस दौरान सभी पदाधिकारी को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अनिल बत्रा, गुरमीज सिंह, सचिव जगजीत सिंह माली, मनदीप सिंह, गुरवंत सिंह सोनी डायरेक्टर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता, रमनदीप सेठी कोषाध्यक्ष, पपिंदर सिंह खिंडा, विजय अरोड़ा, जतिन ग्रोवर मौजूद रहे।


आनंद विहार कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सुनतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## भागवत कथा मनुष्य का करती है कल्याण : कृष्ण दास

**काशीपुर।** काशीपुर की आनंद विहार कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक कृष्ण दास सारंग महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते हैं। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एकमात्र उपाय है। रविवार को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कृष्ण दास ने कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। कथा मनुष्य का कल्याण करती है।

## रामलीला में सूर्पणखा की नाक कटी

**खटीमा :** आदर्श श्री रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला में छठे दिन सूर्पणखा नासिका छेदन एवं उसके ममेरे भाई खरदूषण के वध की लीला दिखाई गई। तिगरी–भुड़ाई अमाउं में मंचित लीला को देखने दूरदराज के ग्रामों से बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। दर्शकों की दीर्घा में राजेन्द्र सिंह भंडारी राजू, उमेश राठौर बॉबी, देवेंद्र कन्याल, विनोद चंद, रवीश भटनागर, रंदीप पोखरिया, पूरन बिष्ट आदि मौजूद रहे। रामलीला कमेटी अध्यक्ष मोहन सिंह पोखरिया, कैप्टन विक्रम सिंह बसेड़ा, भूपाल सिंह नगरकोटी, डॉ. केसी उप्रेती, राजेन्द्र बसेडा, अनिल जोशी, रमेश सिंह मेहरा, दरवान सिंह पोखरिया, गोविन्द मेहता, पंकज पंत आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

# एसकेएम स्कूल ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एसकेएम स्कूल ने अल्मोड़ा के मार्चुला में हुए बस हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने शहीद पार्क में पहुंच कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा ने कहा कि इस हादसे में लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों को खोया है।

प्रबंधक यूसी जोशी, सचिव पुष्पा जोशी, प्रशासक ऋषभ जोशी, भामिनी जोशी ने सभी विद्यार्थियों को उत्तराखंड दिवस की बधाई दी। साथ ही मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार जनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की।


बस हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देते एसकेएसम स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# हिमचूली मा घाम लागी... नेपाल की छोरी छू मैं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** दो दिनों से शहर के एमबी इंटर कॉलेज मैदाम में चल रहे तीन दिवसीय जोहार महोत्सव का रविवार को समापन हो गया। इस दौरान दोपहर में फैंसी ड्रैस, मेंहदी, चित्रकला और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद शाम के समय में रंगरंग कार्यक्रमों में नेपाल के लोक गायक रामचंद्र काफले, जुनु रीजाल काफले और गढ़वाली लोकगायिका मीना राणा, संजय कुमौला के गीतों ने समां बांधा।

जोहार वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आयोजित तीन दिन दिवसीय 15वें जोहार महोत्सव के शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के शुभारंभ हुआ। इस मौके पर गणेश मर्तोलिया ने तिमरो माया पीतल को... समेत कई नैपाली गीत प्रस्तुत किया। लोक गायक चंद्र प्रकाश ने रंगीलो ज्वार मां... मैं नाचूं हो... मै गाउं हो गीतों पर प्रस्तुति दी। इस दौरान पहाड़ी चेली समेत कई सांस्कृतिक दलों ने रंगरंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धारचूला विधायक हरीश धामी और विशिष्ट अतिथि नरेंद्र सिंह जंगपांगी ने भी आयोजन करी सराहना की।



इस दौरान गढ़वाली लोकगायिका मीना राणा और संजय कुमौला के गीतों में दर्शकों ने गढ़वाल और कुमाऊं की संस्कृति के संगम का आनंद लिया। समिति के महासचिव धीरेंद्र सिंह पांगती, संरक्षक गजेंद्र सिंह पांगती, जोहार मिलन केंद्र के अध्यक्ष डीएस धर्मशक्तू, कोषाध्यक्ष धाम सिंह, महिला शौका समिति की अध्यक्ष पुष्पा धर्मशक्तू तोलिया, महासचिव गंगा सिंह धर्मशक्तू और संयोजक कैलाश आदि मौजूद रहे।

## फैंसी प्रतियोगिता में अहाना बनीं विजेता

जौहार महोत्सव में दोपहर में शौका समाज के बच्चों की फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर नन्हे–मुन्ने बच्चे पारंपरिक परिधानों में सजधज कर पहुंचे। इस प्रतियोगिता में वेदिका मर्तोलिया चतुर्थ, युवान बर्फाल तृतीय, मायरा मर्तोलिया द्वितीय और प्रथम पुरस्कार अहाना मर्तोलिया ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक देवराज सिंह रावत, डॉ. कुलदीप सिंह मर्तोलिया और डॉ. चंद्र मोहन सिंह तोलिया रहे। सभी प्रतिभागितयों को नरेंद्र सिंह जँगपांगी ने पुरस्कृत किया।

## भूपेन्द्र सिंह बृजवाल की पुस्तकों का हुआ विमोचन

जोहार महोत्सव के मौके पर कवि एवं साहित्यकार भूपेन्द्र सिंह बृजवाल “निर्बाध” तीन पुस्तक और एक पत्रिका की विमोचन हुआ। बुदली, अनवरत कविता कोश और नौनु नौनु अनमोल कहानियाँ समेत हरीश सिंह धर्मस्क्तू की प्योली आदि पुस्तकों का विमोचन किया गया।

## हेमंत पांडे ने आयोजन की सराहना की

जोहार महोत्सव में पहुंचे फिल्म अभिनेता हेमंत पांडे ने पहाड़ की संस्कृति को बचाने और सहेजने में ऐसे आयोजनों को सशक्त बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति पूरे विश्व में जानी जाती है। कहा कि अब इंटरनेट के माध्यम से पहाड़ों से दूर भी लोग अपने वहां के आयोजनों को देख पा रहे हैं। उन्होंने पारंपरिकता को बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजन को सफल सीढ़ी बताया।

## एफआईआर की निष्पक्ष जांच की मांग

**हल्द्वानी :** पहाड़ी आर्मी ने पुलिस को ज्ञापन सौंप कर संस्थापक के खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने उत्पीड़नात्मक कार्रवाई की तो उग्र आंदोलन होगा। रविवार को जिलाध्यक्ष मोहन कांडपाल के नेतृत्व में सदस्य कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर कहा कि पहाड़ी आर्मी के अध्यक्ष हरीश रावत के खिलाफ एससी–एसटी एक्ट समेत कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि जबकि पहाड़ी आर्मी राज्य में मूल निवासियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। संगठन जाति–धर्म के आधार पर कोई भी भेद भाव नहीं करता है। उन्होंने केस में दर्ज पता, संगठन के अध्यक्ष का आधार कार्ड उपलब्ध कराने वाले की जांच होनी चाहिए। यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश में जो भी जनता की आवाज उठा रहा है, उसको झूठे मुकदमे दर्ज कर चुप कराया जा रहा है। इस दौरान कैलाश डालाकोटी, विनोद नेगी, प्रदीप बिष्ट, विक्रम नौला, उदय भानू बिष्ट, हिमांशु शर्मा, अमित कोहली, पंकज बिष्ट, राजेंद्र सिंह, रमेश पंत, ललित पांडे, राजेंद्र भंडारी मौजूद रहे।

## ऊर्जा आउटसोर्स श्रम संगठन का हुआ गठन

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम में आउटसोर्स माध्यम से कार्य करने वाले कर्मचारियों ने रविवार को उत्तराखंड ऊर्जा आउटसोर्स श्रम संगठन यूनियन का गठन किया। इस मौके पर सर्वसम्मति से रविद्र सिंह को यूनियन का अध्यक्ष बनाया गया जबकि अंकित और उमेश चंद को यूनियन का संयोजक बनाया गया। इसके अलावा बिपिन रावत को उपाध्यक्ष, पान सिंह को सचिव मनोनीत किया गया। सचिन पान सिंह ने बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की ओर से भविष्य में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कार्य किया जाएगा।

## रक्तदान और नेत्रदान के लिए जागरुक किया

**हल्द्वानी :** नगर की सामाजिक संस्था लायन्स क्लब ग्रीन सिटी की ओर से रक्तदान और नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लायंस साथियों, महिलाओं और बच्चों ने रक्तदान के महत्व को समझा। ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर बेस्ट टाइमिंग, अंक कार्ड प्रतियोगिता, लकी ड्रा और पानी की बाल्टी में कॉइन डालने की प्रतियोगिता हुई। लकी ड्रॉ के विजेताओं में डॉक्टर अभिषेक मित्तल, अंकुर गुप्ता, विजय कुमार शर्मा, मुकेश गुप्ता पवन गुप्ता को पुरस्कृत किया गया।

## वर्ग पहेली-248

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है,टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रथी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर, जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर ; छेद।



## वर्ग पहेली -247 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | ■ | ■ | 2 गों |
| रा | ■ | ■ | 3 ज़ो | ■ | द |
| लुं | ■ | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | ■ | ■ | दा | ■ | ■ |
| त | ■ | 5 अ | र | का | न |
| ■ | ■ | ज़ा | ■ | ■ | ■ |
| 6 लं | घ | न | ट | ■ | ■ |

## सुडोकू -161

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 6 | 3 | | | | | | |
| | | 2 | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| | 5 | | | | | 4 | | |
| 8 | | | | | | 7 | | |
| | | | | | | 2 | | |

## सुडोकू - 160 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 नवंबर सोमवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–कार्तिक, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–दशमी 18 .46 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष** – आज जॉब में आपको मनोनुकूल काम दिया जा सकता है। आपके सहकर्मी आपकी उन्नति से काफी प्रसन्न रहेंगे। आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित करने में सफल रहेंगे। रियल एस्टेट कारोबारियों का रुका हुआ धन एक साथ प्राप्त हो सकता है।

**वृष** – आज आपको घर में भी ऑफिस का काम करना पड़ सकता है। आपको किसी भी मामले पर त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचना चाहिए। दूसरों के अटके हुए मामलों को सुलझाने में आप सफलता रहेंगे। अनुसंधान से जुड़े कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है।

**मिथुन** – आज आप घर की जिम्मेदारियों से घिरे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ एकांत में समय बिताना चाहेंगे। आप किसी विशेष पूजा में भी भाग ले सकते हैं। लोगों की सलाह और बातों से ज्यादा प्रभावित न हों। अपने विवेक से ही निर्णय लेना हितकर होगा।

**कर्क** – आज नए कार्यों से पूरी तरह दूरी बनाकर रखें। योग और संतुलित जीवनशैली अपनाने का प्रयास करें। आपके सही कार्यों को भी लोग निशाने में लेंगे। आपको व्यवसाय में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह** – आज कमीशन से जुड़े कार्यों से आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। साझेदारी में नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बना सकते हैं। परिजन आपका उत्साहवर्धन करेंगे। युवा प्रेमी अपने प्रेम की अभिव्यक्ति भी कर सकते हैं। बच्चों की शिक्षा को लेकर चिंता दूर होगी।

**कन्या** – आज नौकरीपेशा लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है। ऑनलाइन कारोबार में बिक्री बढ़ने के योग बन रहे हैं। आप अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

**तुला** – आज मीटिंग और महत्वपूर्ण बैठकों में आपको सम्मानित किया जा सकता है। सोशल मीडिया पर आपसे नए लोग जुड़ सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य को लेकर आप थोड़े कनफ्यूज रहेंगे, लेकिन शाम तक आप किसी न किसी निष्कर्ष में पहुंच जाएंगे।

**वृश्चिक** – आज व्यापारियों के लिए दिन विशेष नहीं है। विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी के कारण विषय समझने में कठिनाई हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कार्यक्षेत्र में नए प्रतिद्वंदी उत्पन्न हो सकते हैं। उच्चाधिकारियों की मदद आपको मिलती रहेगी।

**धनु** – आज किसी बड़ी कंपनी के साथ इंटरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं, जिसमें आपको सफलता भी मिलेगी। व्यवसाय में अपनी सेवाओं और उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन उत्साह से भरपूर रहेगा।

**मकर** – आज दांपत्य संबंधों में मिठास बढ़ेगी। व्यापारिक यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ के कार्यों में आप समय बर्बाद कर सकते हैं। उधार लिए हुए धन को वापस लौटाने का दबाव रहेगा। दूसरों की जिम्मेदारी अपने ऊपर न लें।

**कुंभ** – आज आपकी अहमियत को लोग समझेंगे। नए कार्यों को शुरू करने में आ रही बाधा दूर होगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। बिगड़े हुए संबंधों को सुधारने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मीन** – आज घर पर अधिकाधिक समय बिताना लाभकारी होगा। सेहत पर आपको धन खर्च करना पड़ेगा। आपको उधार में धन देने से बचना चाहिए। सरकारी नियमों की अनदेखी न करें। वरना अर्थदंड का सामना करना पड़ सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–हेमंत।
चन्द्रबल– मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल– अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र– शतभिषा 09 .40 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- प्यार के काबिल – सुबह : 09 .00
- थानेदार – शाम : 06 .00

&pictures
- बिम्बिसार – सुबह : 11.03
- तिरंगा – रात : 07 .30

SONY PIX
- 2012 – सुबह : 09 .28
- मोर्टल कॉम्बेट – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- साथी – सुबह : 08 .55
- मालामाल वीकली – रात : 08 .45

ZEE ACTION
- हफ्ता बंध – सुबह : 11 .00
- सूर्या 3 – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से–कैसे हो?
पति – ठीक हूं
पत्नी– जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति – तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी– मैं भी ‘ रॉयल स्टेज ’काक्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)– आप काम क्या करते हैं?
दामाद– जी मैं पायलट हूं।
सास– अच्छा कौन–सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद– अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

### स्टार नाइट में प्रियंका और सूरज के गीतों ने मचाया धमाल, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ गोल्ज्यू महोत्सव संपन्न

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में आयोजित पांच दिवसीय गोल्ज्यू महोत्सव का समापन हो गया है। शनिवार देर शाम विभिन्न लोक गीतों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रमों का आनंद लेने पहुंचे।

नगर के मल्ला महल में संस्कार सांस्कृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से आयोजित महोत्सव के समापन मौके पर स्टार नाइट में लोक गायिका प्रियंका राजन और सूरज प्रकाश ने कुमाऊनी-गढ़वाली, जौनसारी समेत हिन्दी गानों की शानदार



लोक गायिका प्रियंका राजन।

प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रियंका राजन ने हिट दगड़ी कमला, अल्मोड में म्यर बंगला..., थल की बाजारा..., नंदा-सुंनदा तू दैण हे जाए...., आदि कुमाऊनी लोक गीतों से दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया। वहीं, महोत्सव



अल्मोड़ा गोल्ज्यू महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते राजस्थान के कलाकार। ● अमृत विचार

में नन्ही कलाकार रिधिमा बिष्ट ने अपने नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। यहां कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, सचिव प्रकाश बिष्ट, रवि चौहान, महिपाल सिंह मेहता, मिंटू कुमार, टेनी वर्मा, राजेंद्र तिवारी, प्रीति बिष्ट समेत कई लोग मौजूद रहे।

# नगर मंडल के हर बूथ में बूथ समिति का होगा गठनः राजेंद्र

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** संगठन पर्व के तहत भाजपा नगर मंडल की ओर से रविवार को संगठन चुनाव की मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तय किया गया कि आगामी 20 नवंबर तक नगर मंडल के हर बूथ में बूथ समिति का गठन किया जाएगा। इसके तहत हर बूथ में 11 सदस्यों की बूथ समिति गठित होगी।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता राजेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि 11 सदस्यों की बूथ समिति में अधिकतम तीन महिलाओं समेत समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व होगा। जिला सक्रिय संस्था अभियान के संयोजक कैलाश



अल्मोड़ा में भाजपा की आयोजित कार्यशाला में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

गुरुरानी ने कहा कि जिन सदस्यों ने अभी तक सक्रिय सदस्यता के लिए आवेदन नहीं किया है, वह तत्काल सक्रिय सदस्यता को आवेदन कर लें, जिससे बूथों के गठन में सक्रिय सदस्यों की सहभागिता हो सके। नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू ने कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ समिति के गठन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं नगर के सात शक्ति केंद्रों के शक्ति केंद्र सहयोगी भी बनाए गए। यहां जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, ललित लटवाल, मनोज जोशी, किरन पंत, बीना नयाल, मनोज वर्मा, अजय वर्मा, जगत तिवारी, विनीत बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# चौखुटिया में 1.294 किलो चरस संग दो लोग गिरफ्तार

### बरामद चरस की कीमत 1 लाख 29 हजार 400 रुपये आंकी गई



चौखुटिया पुलिस की गिरफ्त में चरस तस्करी के आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** चौखुटिया पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने 1.294 किलो चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस और एसओजी टीम ने रविवार को चौखुटिया के अगनेरी मंदिर झूला पुल के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान स्कूटी संख्या यूके 19-1610 को रोका गया। तलाशी लेने पर स्कूटी में सवार गिरीश सिंह बिष्ट पुत्र भगवत सिंह बिष्ट, निवासी चौना, चौखुटिया और मोहन चंद्र गैरोला पुत्र गंगा दत्त, निवासी फड़ीका चौखुटिया के कब्जे से 1.294 किलो चरस बरामद की गई। मौके पर पुलिस ने चरस को सीज कर दोनों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार बरामद चरस की कीमत करीब 1 लाख 29 हजार 400 रुपये आंकी गई। मामले में थानाध्यक्ष सतीश चंद्र कापड़ी ने बताया कि आरोपी चरस को जौरासी की तरफ से ला रहे थे। जिसे बेच कर मुनाफा कमाना चाहते थे। चेकिंग के दौरान गिरफ्त में आए। टीम में चौकी प्रभारी मासी एसआई बृजमोहन भट्ट, हेड कांस्टेबल मनोज कोहली, कांस्टेबल रजनीश वर्मा, परवेज अली, दीवान सिंह बोरा शामिल रहे।

# तीन दिवसीय कुमाउनी भाषा सम्मेलन शुरू



चम्पावत में कुमाउनी साहित्य का विमोचन करते अतिथिगण। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

**अमृत विचार :** चम्पावत में कुमाउनी भाषा का 16वां सम्मेलन रविवार को शुरू हो गया है। तीन दिवसीय इस भाषा सम्मेलन का शुभारंभ भाषा संचालन की उपनिदेशक सुखविंदर कौर ने किया। उन्होंने कहा कि संस्थान कुमाउनी भाषा के साथ-साथ अन्य तमाम भाषाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि कुमाउनी भाषा के संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। संस्थान के सदस्य कौस्तुभानंद चरोला की अध्यक्षता में उद्घाटन मौके पर विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय ने कहा कि कुमाऊंनी बोलने वाले उत्तराखंड राज्य में ही नहीं बल्कि देश के तमाम राज्यों में भी है।

उन्होंने कुमाउनी भाषा के उत्थान पर बल दिया। इस दौरान कुमाउनी साहित्य की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर पहरु पत्रिका के संपादक डॉ. हयात सिंह रावत, शिक्षक नवीन पंत, सतीश चंद्र पांडे, ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी, उप प्रमुख मोनिका बोहरा, पूर्व प्रमुख भगीरथ भट्ट, नीरज पंत, नीरज जोशी, डॉ. दिनेश जोशी, हेमलता जोशी, महेंद्र ठाकुराठी, डॉ. टीआर जोशी, हिमांशु जोशी, डॉ. सतीश पांडे, प्रकाश जोशी, भूपेंद्र देव, डॉ. बीसी जोशी समेत तमाम साहित्यकार व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल महासचिव साह को पितृ शोक

**अल्मोड़ा, अमृत विचारः** प्रांतीय उद्योग प्रतिनिधि व्यापार मंडल अल्मोड़ा के नगर महासचिव वकुल साह के पिता गिरीश लाल साह का आकस्मिक निधन हो गया है। रविवार को स्थानीय विश्वनाथ घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। गिरीश लाल साह के निधन पर अल्मोड़ा के तमाम संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतक आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।



इस दौरान विधायक मनोज तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, वैभव पांडे, मनोज सिंह पवार, भैरव गोस्वामी, मनोज बिष्ट, सुशील साह, अजय वर्मा, विपुल कार्की, हरेंद्र वर्मा, अरुण साह, महेश चंद्र साह, सुधांशु साह, परितोष जोशी, दिनकर पांडे, भूपेंद्र राणा, मनोज वर्मा, समित वैष्णव, शेखर जोशी, दीपक वर्मा, पवन मेहरा, निरंजन साह, निर्देश साह, भगवती साह, ललित सतवाल, पवन साह, अभिषेक रावत, वेद प्रकाश, अनुज साह, सन्नी साह, रमेश साह, भुपाल चिलवाल आदि ने शोक संवेदना जताई।

# खो-खो में चौनलिया, कबड्डी में भिकियासैंण की टीमें जीतीं



खेल मैदान में खेल महाकुंभ प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भिकियासैंण के मैदान में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ जारी है। रविवार को विभिन्न वर्गों की खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें चौनलिया और भिकियासैंण की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की।

रविवार को अंडर 17 आयु वर्ग की बालिका गोला क्षेपण में ज्योतिका रावत प्रथम, शोभा बिष्ट दूसरे, दीक्षा तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा बालक वर्ग की गोला क्षेपण प्रतियोगिता में विनय, प्रियांश बिष्ट, पंकज रावत ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा चंद्रा बिष्ट, आकांक्षा लक्षिता ने लंबी कूद में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान, बालिका वर्ग की तीन हजार मीटर दौड़ में मनीषा बिष्ट पहले, गीता नेगी दूसरे और रितिका रावत तीसरे, 100 मीटर में मनमोहक, प्रियंका और चंद्रा बिष्ट ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा अन्य खेल प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। यहां प्रधानाचार्य भवानी राम, महेंद्र सिंह बिष्ट, नरेंद्र बिष्ट, अखिलेश बिष्ट, ममता रावत आदि मौजूद रहे।

# सरयू-सेराघाट पंपिंग योजना को वित्तीय स्वीकृति मिली

संवाददाता, अल्मोड़ा

- **सीएम ने दिए वित्तीय-प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के आदेश**
- **योजना के पूरा होने पर अल्मोड़ा को मिलेगा पर्याप्त पानी**

**अमृत विचारः** सरयू-सेराघाट पंपिंग योजना को वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। योजना का कार्य पूरा होने के बाद जिला मुख्यालय समेत तमाम जल संकट ग्रस्त इलाकों में पर्याप्त पानी मुहैया हो सकेगा।

दरअसल, जिला मुख्यालय समेत तमाम जल संकट ग्रामीण इलाकों को कई बार पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के निदान को जल निगम की ओर से सरकार को सरयू-सेराघाट योजना का प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया था। इसके बाद सरकार की ओर से पूर्व में योजना निर्माण के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई थी। इधर, अब राज्य स्थापना दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा के अंतर्गत वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के आदेश सचिव पेयजल को दे दिए हैं। इसके साथ ही अब अल्मोड़ा नगर व इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता हो सकेगी। पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश के बाद जल्द योजना का कार्य शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने योजना के लिए वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति के आदेश करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# जन औषधि केंद्र में पर्याप्त दवाइयां नहीं मिलने पर रोष

सवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** गोविंद सिंह माहरा राजकीय नागरिक चिकित्सालय परिसर में स्थित जन औषधि केंद्र में पर्याप्त दवाई न मिलने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जिसको लेकर रानीखेत विकास समिति के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि सोमवार (आज) दोपहर 12 बजे से जन औषधि केंद्र में धरना-प्रदर्शन कर विरोध किया जाएगा।

गौरतलब है कि जन औषधि केंद्र की स्थापना नागरिक चिकित्सालय रानीखेत परिसर में की गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य था कि इस केंद्र से गरीब मरीजों को सस्ते दामों पर औषधि उपलब्ध हो सके। लेकिन इस केंद्र से पर्याप्त दवाइयां न मिलने पर स्थानीय लोगों की शिकायत पर



रानीखेत नागरिक चिकित्सालय। ● अमृत विचार

इस केंद्र को एनजीओ को सौंप दिया गया था। लेकिन उसके बावजूद भी हालात जस के तस बने हुए हैं।

विगत दिनों यहां रानीखेत पहुंचे जिलाधिकारी के सम्मुख रानीखेत विकास समिति के सदस्यों ने यह मुद्दा उठाया था। जिस पर जिलाधिकारी ने संयुक्त मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया था कि स्थिति का जायजा लेकर आम लोगों को दवाइयां मुहैया कराये। उसके बावजूद भी इस केंद्र से आम लोगों को दवाइयां उपलब्ध न होने पर लोगों में भारी रोष व्याप्त है। समिति की एक बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 नवंबर को दोपहर 12 बजे से जन औषधि केंद्र में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। गिरीश भगत ने बताया जन औषधि केंद्र में निर्धारित समय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश

# नशीली शिकंजी पिलाकर महिला से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** नागफनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने अपने रिश्तेदार पर नशीली शिकंजी पिलाकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर पैसे हड़पने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी ससुराल की ओर से रिश्तेदार वहाबुद्दीन निवासी नवाबपुरा का उसके घर आना जाना था। वहाबुद्दीन की मां बीमार रहती है, इसलिए पीड़िता उसकी मां के लिए खाना बनाकर देती थी। महिला का पति केरल में रहकर मजदूरी करता है। इसी का फायदा उठाकर रिश्तेदार ने पीड़िता को घर में अकेला पाकर उसे नशीली शिकंजी पिला दी। जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना ली। आरोप है कि अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर आरोपी ने कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया और ब्लैकमेल करके उससे 3,70,000 रुपये भी हड़प लिए। बाद में पीड़िता ने परेशान होकर आरोपी को पैसे देने बंद कर दिए और उसकी बात मानने से इनकार कर दिया। इस पर आरोपी ने उसके पति के मोबाइल पर अश्लील फोटो भेज दी।

## गैस सिलेंडर में भड़की आग, बच्चे समेत पांच झुलसे

**अमरोहा, अमृत विचार :** गांव दाउदपुर मेहरुनिशा निवासी चंद्रप्रकाश की तीन माह की बेटी काजल का तिगरी गंगा पर मुंडन संस्कार होना था। खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में आग भड़क गई। जिसकी चपेट में आने से नीतू पत्नी चंद्र प्रकाश, सरूचि पत्नी करन सिंह तथा पास बैठे बच्चे नकुल पुत्र जयवीर, नैतिक पुत्र करन सिंह, लक्षित पुत्र जितेंद्र सिंह गंभीर रूप से झुलस गए। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से गंभीर रूप से झुलसी नीतू चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया है। जबकि अन्य घायलों को निजी चिकित्सकों के भर्ती कराया गया है।

# जन चेतना दिवस के रूप में मनाई गई चंदी प्रसाद की पुण्यतिथि

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** भारतीय जन चेतना परिषद द्वारा रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और नगर के पूर्व चेयरमैन स्व. चंदी प्रसाद की 29वीं पुण्यतिथि जन चेतना दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सभासद भगवत सरन ने चंदी प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाया। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निर्वतमान नगर पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार ने कहा कि स्व. प्रसाद के जीवन के आदर्शों का अनुसरण करते हुए हर असहाय,




स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंदी प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

निर्धन, वंचित शोषितवर्ग की सहायता करने एवं उनके अधिकारों व न्याय के लिए संघर्ष करने का संकल्प लेते हुए जन चेतना दिवस मनाया जाता है।

इस दौरान उप जिला अस्पताल में मरीजों को फल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में जन चेतना परिषद की अध्यक्ष निशा वर्मा, नारायण वाल्मीकि, एडवोकेट विनोद प्रकाश, शिव कुमार, नवल किशोर, अनूप सिंह यादव, अजय कुमार, फिरोज अंसारी, लाल बहादुर आदि मौजूद रहे।

## संजीव कुमार अध्यक्ष व राजेंद्र बिष्ट मंत्री चुने गए

**टनकपुर, अमृत विचार :** रविवार को रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रधान कार्यालय देहरादून के कार्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद क्षेत्र के टनकपुर में चुनाव अधिकारी मोहन सिंह कार्की एंव रेवाधर चौड़ाकोटी टनकपुर की देख-रेख में चुनाव संपन्न कराए गए। टनकपुर क्षेत्र में क्षेत्रीय अध्यक्ष में संजीव कुमार, मंत्री में राजेन्द्र सिंह बिष्ट और कोषाध्यक्ष के लिए दिनेश भट्ट को सर्वसम्मति से चुना गया। चुने गए नव नियुक्त पदाधिकारियों ने सभी कर्मचारियों का आभार जताते हुए कहा कि वह हमेशा परिवहन निगम के साथ-साथ कर्मचारियों और संगठन हित में कार्य करेंगे। इस मौके पर पंकज पंत, भूपाल सिंह, मोहसिन एजाज, करन सिंह नेगी, प्रमोद सिंह, संजय भट्ट, योगेश सिंह, कैलाश मुरारी, कुशल वर्मा, सूरजभान सिंह, अमर सिंह, सुन्दर लाल, दीपक कठायत, नवीन कोठारी, शशांक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



टनकपुर में रोडवेज कर्मचारी परिषद के नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## जंगल में ले जाकर किया कुकर्म, धरा

**रामपुर, अमृत विचार :** बालक को जंगल में ले जाकर आरोपी ने उसके साथ कुकर्म किया। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। वह पीड़ित को थाने ले गए और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। के पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

कोतवाली के एक गांव निवासी 12 वर्षीय बालक शनिवार को गांव में खेल रहा था। इस दौरान गांव का ही आसिम उसे फुसलाकर जंगल ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। इसके बाद आरोपी बच्चे को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। बालक घर पहुंचा और परिजनों को सारी बात बताई। पिता उसे लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी।

# अश्लील वीडियो बनाकर प्रेमी कर रहा ब्लैकमेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **महिला ने पुलिस पर अपमानित कर भगाने का लगाया आरोप**
- **एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री के सख्त आदेश के बावजूद पुलिस महिला अपराधों को गंभीरता से नहीं ले रही है। एक महिला को प्रेमी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहा है। महिला का आरोप है कि थाना इज्जतनगर में शिकायत करने पर पुलिस ने उसे अपमानित कर भगा दिया। अब एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। मार्च में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर उसकी राहुल से बातचीत शुरू हुई। राहुल ने उसका मोबाइल नंबर लेकर फोन पर बातचीत शुरू कर दी। एक दिन उसने व्हाट्सएप कॉल पर उसका नग्न वीडियो बना लिया और उसकी चचेरी बहन के नंबर पर भेज दिया। अब आरोपी वीडियो डिलीट करने के बदले में 50 हजार रुपये की मांग कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि वह 3 नवंबर को थाना इज्जतनगर में तहरीर लेकर गई थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की, बल्कि उसे अपमानित करके भगा दिया, तब एसएसपी कार्यालय में जाकर शिकायत की।

## एक नजर

### कनाडा में एसबीआई के परिचालन पर असर नहीं

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक तनाव की स्थिति पैदा होने के बावजूद कनाडा में अपनी गतिविधियों के संचालन में किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। बैंक के एक शीर्ष बैंक अधिकारी ने यह बात कही है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि वर्ष 1982 से ही कनाडा में बैंकिंग सेवाएं देने वाले एसबीआई को उत्तरी अमेरिकी देश में सभी हितधारक स्थानीय बैंक के रूप में देखते हैं।

### कोयला आयात अप्रैल-सितंबर में आठ प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि में 7 .8 प्रतिशत बढ़कर 14 .06 करोड़ टन हो गया। ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार एक साल पहले इसी अवधि में देश का कोयला आयात 13 .03 करोड़ टन था।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5300 मसूरी- 5100 बासमती- 9200 परमल- 3750 **दाल दलहन :** काला चना- 8300 साबुत चना दाल- 9100 मूंग साबुत- 10400 राजमा- 11200-15400 दाल उड़द- 10600 साबुत मसूर दाल- 7500 मसूर दाल- 8500 उड़द साबुत- 11400 काबुली चना- 12600-14400 अरहर दाल- 12800-14200 लोबिया/करमानी- 8200 सोयाबीन- 5100 मूंगफली- 11400 मटर (सूखी)- 5600 मक्का- 3900

# ईंधन का सबसे बड़ा निर्यातक बना भारत

## भारत के रास्ते यूरोप पहुंच रहा रूसी तेल, डीजल जैसे ईंधन का निर्यात 58 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूक्रेन युद्ध के बाद भारत की रूस से तेल खरीद बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो गई
- दिसंबर 2022 में यूरोपीय संघ और जी7 देशों ने रूस पर लगा दिया था प्रतिबंध



वर्ष 2024 की पहली तीन तिमाहियों में भारत से यूरोपीय संघ को डीजल जैसे ईंधन का निर्यात 58 प्रतिशत बढ़ गया। एक मासिक निगरानी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ऐसे में माना जा रहा है कि इसमें रूस से आने वाले कच्चे तेल की बड़ी हिस्सेदारी है, जिसे परिष्कृत करके यूरोप भेजा जा रहा है।

दिसंबर 2022 में यूरोपीय संघ और जी7 देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाते हुए उसके कच्चे तेल के आयात पर मूल्य सीमा और प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, रूस के कच्चे तेल से बने परिष्कृत ईंधन पर नीति में स्पष्टता की कमी का मतलब था कि प्रतिबंध नहीं लगाने वाले देश बड़ी मात्रा में रूसी कच्चे तेल का आयात कर सकते हैं और उन्हें परिष्कृत उत्पादों में बदलकर प्रतिबंध लगाने वाले देशों को कानूनी रूप से निर्यात कर सकते हैं। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद भारत रूसी कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया है।

देश का रूस से आयात यूक्रेन युद्ध से पहले कुल आयातित तेल के एक प्रतिशत से भी कम था और युद्ध के बाद खरीद बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो गई है। ऊर्जा और स्वच्छ वायु पर शोध केंद्र (सीआरईए) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि शोधन नियमों में खामियों का लाभ उठाते हुए, भारत अब यूरोपीय संघ को तेल उत्पादों का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली तीन तिमाहियों में जामनगर, वडिनार (गुजरात) और मैंगलोर रिफाइनरी से यूरोपीय संघ को निर्यात सालाना आधार पर 58 प्रतिशत बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की जामनगर में तेल रिफाइनरियां हैं, जबकि रूस की रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी की वडिनार में एक इकाई है। मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) सरकारी स्वामित्व वाली ओएनजीसी की सहायक कंपनी है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 682.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार में भारी कमी होने से 01 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 682.1 अरब डॉलर पर आ गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर गिरकर 684.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.9 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 589.8 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं स्वर्ण भंडार 1.2 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 69.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 10 लाख डॉलर की गिरावट आई और यह 18.2 अरब डॉलर पर आ गया।

# सिंगापुर एयरलाइंस एयर इंडिया में करेगी 3,195 करोड़ निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- सिंगापुर एयरलाइंस के पास विस्तारित एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी हो जाएगी

सिंगापुर एयरलाइंस नवंबर में विस्तारा के विलय के बाद टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया में 3,194.5 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगी। इस विलय समझौते की घोषणा 29 नवंबर, 2022 को की गई थी और यह 11 नवंबर, 2024 को पूरा होने जा रहा है। इस विलय की वजह से सिंगापुर एयरलाइंस के पास विस्तारित एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी हो जाएगी।

विस्तारा ने नौ जनवरी, 2015 को उड़ानों का परिचालन शुरू किया था। टाटा समूह के साथ स्थापित इस संयुक्त उद्यम में सिंगापुर एयरलाइंस की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) समूह ने शुक्रवार को कहा कि विलय के लिए उसके विचार में विस्तारा में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी और विस्तारित एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी के बदले में 2,058 करोड़ रुपये नकद शामिल हैं। विलय पूरा होने के बाद एसआईए को लगभग 1.1 अरब सिंगापुर डॉलर के गैर-नकद लेखांकन लाभ को मान्यता देने और एयर इंडिया के वित्तीय परिणामों में अपने हिस्से के लिए इक्विटी लेखांकन शुरू करने की उम्मीद है। शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, विलय में एसआईए के लिए एक समझौता शामिल है, जो विलय के पूरा होने से पहले टाटा द्वारा पहले प्रदान की गई किसी भी फंडिंग में अपना हिस्सा देने के लिए है। साथ ही 5,020 करोड़ रुपये तक की फंडिंग लागत भी है।

# धोखाधड़ी कॉल रोकने की प्रणाली ने 2,500 करोड़ की सार्वजनिक संपत्ति बचाई : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय संचार मंत्री ने बताया कि रोजाना 1.35 करोड़ कॉल रोक रही

सरकार ने धोखाधड़ी वाली कॉल रोकने के लिए तकनीकी प्रणाली तैनात की है, जो रोजाना ऐसी 1.35 करोड़ कॉल को रोक रही है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसने अब तक लोगों की 2,500 करोड़ रुपये की संपत्ति बचाने में मदद की है।

मंत्री ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि ज्यादातर फर्जी कॉल देश के बाहर के सर्वर से आते हैं, और प्रणाली ऐसी ज्यादातर धोखाधड़ी वाली कॉल को रोकने में सक्षम हैं। सिंधिया ने कहा, आपके फोन पर आने वाली मार्केटिंग कॉल और धोखाधड़ी वाली कॉल से निपटने के लिए हमने एक पूर्ण प्रणाली लागू की है। हमारे दूरसंचार विभाग के धोखाधड़ी का पता लगाने वाले नेटवर्क ने आज संचार साथी और चक्षु के की मदद से लोगों की लगभग 2,500 करोड़ रुपये की संपत्ति बचाई है। उन्होंने कहा कि इन प्रणालियों के कारण करीब 2.9 लाख फोन नंबर बंद हो गए हैं और करीब 18 लाख हेडर ब्लॉक हो गए हैं, जिनका इस्तेमाल संदेश भेजने के लिए किया जाता था।

मंत्री ने कहा कि इसके अलावा ऐसे धोखेबाज जो भारत के बाहर के सर्वर का इस्तेमाल करते थे, लेकिन खुद को 91 नंबर (भारतीय नंबर) के रूप में पेश करते थे, उनकी पहचान भी की जा रही है। उन्होंने बताया, हमने ऐसे सॉफ्टवेयर लगाए हैं जो इन कॉल को रोकते हैं। जो औसतन प्रतिदिन 1.35 करोड़ ऐसे कॉल को ब्लॉक कर रहे हैं।

## वेदांता रिसोर्सेज का कर्ज 4.7 अरब डॉलर घटाः अनिल अग्रवाल

**नई दिल्ली।** सूचीबद्ध खनन समूह वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज का कर्ज दो वर्षों में 4.7 अरब डॉलर घटा है। चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वित्तीय अनुशासन से समूह को ऋणमुक्त बनाने में मदद मिली। उन्होंने शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कहा कि वेदांता लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 20,639 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक एबिटडा दर्ज किया। ऐसा उच्च उत्पादन, परिचालन उत्कृष्टता और गतिशील वैश्विक वातावरण से लाभ उठाने के कारण हुआ।

# मोदी सरकार में निजी निवेश और व्यापक उपभोग पटरी से उतरे : जयराम रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी



- दावा- लगातार आय में स्थिरता के कारण मांग संकट का सामना कर रहा देश

कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि भारत लगातार आय में स्थिरता के कारण मांग संकट का सामना कर रहा है। मुख्य विपक्षी दल ने कहा कि संप्रग सरकार के दौरान लगातार जीडीपी वृद्धि को गति देने वाला निजी निवेश और व्यापक उपभोग का दोहरा इंजन मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों में पटरी से उतर गया है।

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सरकार से कहा कि वह कांग्रेस के प्रस्तावों को स्वीकार करे, जिसमें ग्रामीण भारत में आय वृद्धि को गति देने के लिए मनरेगा मजदूरी को न्यूनतम 400 रुपये प्रतिदिन तक बढ़ाना, किसानों के लिए एमएसपी और ऋण माफी की गारंटी देना तथा महिलाओं के लिए मासिक आय सहायता योजना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि समय बीतने के साथ ही भारत के घटते उपभोग की त्रासदी अधिक स्पष्ट होती जा रही है। उन्होंने एक बयान में कहा कि पिछले सप्ताह, भारतीय उद्योग जगत के कई सीईओ ने सिकुड़ते मध्य वर्ग पर चिंता जताई थी और अब, नाबार्ड के अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वेक्षण (एनएएफआईएस) 2021-22 के नए आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत के मांग संकट की वजह लगातार आय में स्थिरता है। रमेश ने सर्वेक्षण के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि औसत मासिक घरेलू आय कृषि परिवारों के लिए 12,698 रुपये से 13,661 रुपये और गैर-कृषि परिवारों के लिए 11,438 रुपये है।



## एक नजर

### प्रसिद्ध लेखिका इंदिरा सौंदरराजन का निधन

**चेन्नई।** प्रसिद्ध तमिल उपन्यासकार एवं लेखिका इंदिरा सौंदरराजन का रविवार को मदुरै में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 65 वर्ष की थी। सौंदरराजन अपनी असाधारण कहानी कहने की कला के लिए जानी जाती थीं। उनकी कहानियां रहस्यवाद, रहस्य और हिंदू परंपरा के तत्वों को सहजता से जोड़ती हैं। उनकी रचनाओं में शिवम मय्यम, मरगधा वीनाई, मर्म देशम, विद्यु करुप्पु, कात्रई वरुवेन और स्वर्ण रेखा जैसे प्रतिष्ठित उपन्यास शामिल हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, सूचना मंत्री एमपी समिनाथन और विभिन्न दलों के नेताओं और तमिल साहित्य जगत ने निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### प्रख्यात तमिल अभिनेता दिल्ली गणेश का निधन

**चेन्नई।** प्रख्यात तमिल अभिनेता दिल्ली गणेश का बीमारी के कारण यहां उनके आवास पर शनिवार देर रात निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष के थे। दिल्ली गणेश के परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटा और दो बेटियां हैं। उन्हें उनकी विभिन्न सहायक भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, जिनमें हास्यपूर्ण और नकारात्मक भूमिकाएं भी शामिल हैं। फिल्म जगत ने उनके निधन पर शोक जताया और अभिनेताओं और फिल्म निर्देशकों ने गणेश के आवास पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। तमिलनाडु सरकार की ओर से स्वास्थ्य मंत्री एम. सुब्रमण्यम ने पुष्पांजलि अर्पित की। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने गणेश के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि यह तमिल सिनेमा उद्योग के लिए बड़ी क्षति है।

### असम : उपचुनाव से पहले हुई हिंसा से हिला सामागुरी

**नगांव (असम)।** असम में सामागुरी विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव से पहले हिंसा की घटनाओं के बीच सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दल कांग्रेस ने पिछले 24 घंटे में एक-दूसरे के समर्थकों को निशाना बनाते हुए गोलियां चलाए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह भी आरोप लगाया गया कि हिंसा पर रिपोर्टिंग करने गए तीन पत्रकारों से कांग्रेस समर्थकों ने मारपीट की।

# समाज की ताकत को तोड़ना चाहती है कांग्रेस

## झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी की हुंकार, एकजुट रहने का संदेश देते हुए एक हैं तो सेफ हैं का नारा बुलंद किया

बोकारो, एजेंसी



गुमला जिले में एक रैली के दौरान झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और अन्य द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। • एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को तोड़कर उन्हें छोटी-छोटी जातियों में बांटना चाहती है। उन्होंने झारखंड की जनता को एकजुट रहने का संदेश देते हुए एक हैं तो सेफ (सुरक्षित) हैं का नारा भी बुलंद किया। झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद समाज के इस बिखराव का चुनावी फायदा उठाया और केंद्र में सरकारें बनाती रही।

उन्होंने कहा, कांग्रेस हमेशा से एससी (अनुसूचित जाति), एसटी (अनुसूचित जनजाति) और ओबीसी की एकजुटता की घोर विरोधी रही है। आजादी के बाद जब तक एससी, एसटी और ओबीसी समाज बिखरा रहा, कांग्रेस बांटो और राज करो के सिद्धांत के जरिये केंद्र में सरकारें बनाती रही। लेकिन जैसे ही ये समुदाय एकजुट हुए...कांग्रेस फिर पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में अपनी सरकार नहीं बना पाई। मोदी ने लोगों से इस गणित को समझने का अनुरोध किया और कहा कि 1990 में ओबीसी समुदाय को जब आरक्षण मिला तब इस समाज की अलग-अलग जातियों का संख्या बल एक साथ जुड़ गया।

### जब मनमोहन पीएम थे, सोनिया सरकार चलाती थीं : मोदी

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 दिन में रविवार को दूसरी बार झारखंड पहुंचे। उन्होंने बोकारो के चंदनकियारी और गुमला में सभा की। उन्होंने एक बार फिर रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा का नारा दिया। कहा- भाजपा का यहां एक ही मंत्र है हमने झारखंड बनाया है हम ही संवारेंगे। उन्होंने 2004 से 2014 तक केंद्र में रही कांग्रेस नीत यूपीए सरकार का भी जिक्र किया। मोदी बोले- जब डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तो सोनिया गांधी सरकार चलाती थीं। उन्होंने झारखंड को कुछ नहीं दिया। राज्य बनने का भी विरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस और उसके सहयोगी जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 वापस लाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाए। उनका ये सपना कभी पूरा नहीं होगा। हमनें 370 को जमीन में गाड़ दिया है। अब ये इसे कभी नहीं लागू कर पाएंगे।

# कर्नाटक में दलितों के पहली बार मंदिर में प्रवेश से तनाव

मांड्या, एजेंसी

- मौजूदा तनाव को देखते हुए हनाकेरे में भारी पुलिस बल तैनात

कर्नाटक के मांड्या जिले के एक गांव में रविवार को उस समय तनाव फैल गया जब जिला प्रशासन ने दलितों को पहली बार कालभैरवेश्वर मंदिर में प्रवेश और पूजा करने की मंजूरी दे दी। हनाकेरे गांव में रहने वाले ऊंची जाति के लोग दलितों के मंदिर में प्रवेश से नाराज होकर मंदिर में स्थापित धातु वाली उत्सव मूर्ति को कथित तौर पर अपने साथ ले गये। गांव में उच्च जाति के ज्यादातर लोग वोक्कालिगा जाति से ताल्लुक रखते हैं। मौजूदा तनाव को देखते हुए हनाकेरे में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, गांव में एक पुराना कालभैरवेश्वर स्वामी मंदिर है और दलितों को कभी भी उसमें प्रवेश की अनुमति नहीं थी। लगभग तीन साल पहले मंदिर के पुराने ढांचे को ध्वस्त कर एक नया मंदिर बनाया गया। हाल ही में, यह मंदिर राज्य सरकार के धार्मिक बंदोबस्ती विभाग के नियंत्रण में आ गया।

इसके तुरंत बाद दलितों ने मंदिर में प्रवेश करने का फैसला किया लेकिन उच्च जाति के समुदाय के लोग इस बात पर सहमत नहीं हुए। दलितों ने अपने साथ हुए भेदभाव की शिकायत जिला प्रशासन से की, जिसके बाद दो शांति बैठकें आयोजित की गईं लेकिन वे विफल रहीं। रविवार को दलितों ने पुलिस सुरक्षा के बीच मंदिर में प्रवेश किया।

# तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किसी हद तक गिर सकता है एमवीए : अमित शाह

जलगांव/बुलढाणा, एजेंसी



- कहा- कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले मुस्लिम आरक्षण की मांग से सहमत

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नीत महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले उलेमा काउंसिल की मुस्लिम आरक्षण की मांग से सहमत हैं।

शाह ने जलगांव जिले के रावेर विधानसभा क्षेत्र और बुलढाणा के मल्कापुर विधानसभा क्षेत्र में रैलियों को संबोधित करने के दौरान यह बात कही। इस दौरान उन्होंने उलेमा संघ द्वारा विपक्षी कांग्रेस को हाल ही में सौंपे गए एक ज्ञापन की ओर इंगित किया, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग की गई है। शाह ने बुलढाणा में कहा, पटोले अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण खत्म करने और उलेमा काउंसिल की मांग के अनुसार इसे मुसलमानों को देने पर सहमत हो गए हैं।

## नोएडा में बिजली के खंभे पर चढ़ा शख्स दो घंटे के बाद उतरा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के सेक्टर 76 में एक शख्स रविवार को बिजली के खंभे पर चढ़ गया और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद अधिकारी उसे खंभे से नीचे उतरने के लिए राज़ी कर सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि व्यक्ति की पहचान 40 वर्षीय भगवान दास के तौर पर हुई है और वह टाइल पत्थर लगाने का काम करता है तथा महोबा जिले का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खंभे से नीचे उतारने के बाद व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# देश को आरएसएस, मोदी और शाह से खतरा

मुंबई, एजेंसी



- कांग्रेस प्रमुख खरगे ने संविधान बचाओ सम्मेलन में प्रधानमंत्री पर निशाना साधा और आरोप लगाया

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को एक हैं तो सेफ हैं और बंटेंगे तो कटेंगे नारों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि भारत को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से खतरा है। खरगे ने मुंबई में संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि संसद में चर्चा और बहस की अनुमति नहीं है।

खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं एक हैं तो सेफ हैं जबकि (भाजपा के) अन्य नेता बंटेंगे तो कटेंगे की बात करते हैं। किसे खतरा है? क्या कोई समस्या है? वास्तव में, देश को आरएसएस, भाजपा, मोदी और शाह से खतरा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नारा बंटेंगे तो कटेंगे भी काफी चर्चा में है जिसे हिंदुओं से एकजुट रहने के आह्वान के तौर पर देखा जा रहा है। खरगे ने मोदी के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए सवाल किया कि क्या उन्हें लोकतांत्रिक प्रधानमंत्री कहा जा सकता है? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, मुद्दों का समाधान चर्चा के जरिए किया जा सकता है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा लेकिन वे (भाजपा) लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। खरगे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों के कार्यकालों के विपरीत मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक शिष्टाचार नहीं है।

# कुकी उग्रवादियों ने महिला किसानों पर हमला किया

इम्फाल, एजेंसी

- हमले में महार रेजिमेंट का एक जवान घायल हो गया

मणिपुर के इम्फाल ईस्ट के सानासाबी लंपाक में रविवार को कुकी उग्रवादियों ने महिला किसानों पर हमला किया जिसमें महार रेजिमेंट का एक जवान घायल हो गया। उग्रवादियों ने महिला किसानों पर शक्तिशाली बमों से हमला किया। महिलाएं वहां से हट गईं और मणिपुर पुलिस और महार रेजिमेंट की संयुक्त टीम ने वहां पहुंचकर उग्रवादियों का सामना किया। इस दौरान के एक जवान को बाएं हाथ में गोली लगी। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच करीब 17 महीनों से चल रहे साम्प्रदायिक हिंसा के बाद, जिसमें 230 से अधिक लोगों की मौत हुई है, एक और हमला हुआ है। शनिवार को बिष्णुपुर के सैतोन इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों ने किसानों पर गोली चलाई, जिसमें एक महिला की मौत हो गई।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और गिरफ्तार

लखनऊ/मुंबई, एजेंसी

- बहराइच के नानपारा से पकड़ा गया, चार अन्य भी धरे गए

उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और मुंबई अपराध शाखा की संयुक्त टीम ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में कथित मुख्य शूटर और चार अन्य को बहराइच जिले के नानपारा से गिरफ्तार कर लिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

उप्र पुलिस के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था व एसटीएफ) अमिताभ यश ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में शूटर शिवकुमार को एसटीएफ उत्तर प्रदेश व मुंबई अपराध शाखा की संयुक्त कार्यवाही में आज बहराइच जिले के नानपारा से गिरफ्तार किया गया है। यश ने बताया कि अभियुक्त शिवकुमार नेपाल भागने की फिराक में था। एडीजी यश ने बताया कि शिवकुमार को शरण देने व नेपाल भागने में मदद करने के आरोप में अनुराग कश्यप, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, आकाश श्रीवास्तव व अखिलेंद्र प्रताप सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। इस बीच, मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि उन्होंने सिद्दीकी की हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश से शूटर और दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया है तथा तीनों को मुंबई लाया जा रहा है। कैसरगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनिल कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया था कि शिवकुमार उर्फ शिवा कुछ साल पहले मजदूरी करने महाराष्ट्र गया था।

# आईपीएस अधिकारियों को धमका रहे जगन : पवन

गुंटूर, एजेंसी

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने रविवार को आरोप लगाया कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रमुख वाई एस जगन मोहन रेड्डी आईपीएस अधिकारियों को धमका रहे हैं। उन्होंने साथ ही चेतावनी दी कि अगर पुलिस अधिकारियों को कोई नुकसान पहुंचता है तो राज्य सरकार कार्रवाई करेगी।

उपमुख्यमंत्री की यह टिप्पणी जगन रेड्डी के हालिया बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी थी कि भविष्य की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार विपक्षी पार्टी के सदस्यों को कथित रूप से परेशान करने वाले पुलिस अधिकारियों को नहीं बख्शेगी। कल्याण ने संवाददाताओं से कहा, पूर्व मुख्यमंत्री पुलिस अधिकारियों को धमका रहे हैं... मैं कह रहा हूं, अगर कोई भी अधिकारियों को ऐसी धमकियां देता है और अगर उन्हें खरोंच भी आती है, तो इसके लिए आप (जगन) जिम्मेदार होंगे।

## घर पर खिताब बरकरार रखने उतरेगी भारतीय टीम

राजगीर (बिहार), एजेंसी



● महिला एसीटी हॉकी का पहला मुकाबला मलेशिया के खिलाफ शाम को खेलेगा भारत

पूरे साल खराब फॉर्म से जूझती रही भारतीय महिला हॉकी टीम नये ओलंपिक सत्र की शुरूआत अपनी धरती पर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) खिताब जीतकर करना चाहेगी और सोमवार को उसका पहला मुकाबला निचली रैंकिंग वाली मलेशियाई टीम से होगा।

भारत ने अब तक सात बार हुए टूर्नामेंट में से सिंगापुर (2016) और रांची (2023) में खिताब जीते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम ने इस साल एफआईएच प्रो लीग में 16 में से 13 मैच गंवाए और सिर्फ दो जीते जबकि एक ड्रॉ रहा। भारत ने सलीमा टेटे की कप्तानी में मिली जुली टीम उतारी है जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ी दोनों हैं। स्ट्राइकर नवनीत कौर उपकप्तान होंगी। भारत को मौजूदा ओलंपिक रजत विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड से चुनौती मिलेगी।

भारतीय डिफेंस की कमान उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के हाथ में होगी। मिडफील्ड में कप्तान टेटे के अलावा नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिटा टोप्पो और लालरेम्सियामी जिम्मा संभालेंगी। फॉरवर्ड पंक्ति में नवनीत, संगीता कुमारी, दीपिका, प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग पर जिम्मेदारी होगी। गोलकीपिंग में पूर्व कप्तान सविता और युवा बिछू देवी खारीबम पर नजरें रहेंगी। सोमवार को बाकी मैचों में जापान का सामना दक्षिण कोरिया से और चीन की टक्कर थाईलैंड से होगी। अब दिन का पहला मैच 12.15 पर, दूसरा 2.30 और आखिरी 4.45 पर खेला जाएगा।

### बिहार में हॉकी होने का बरसों पुराना सपना सच : हरेंद्र

**राजगीर (बिहार)।** अपनी जन्मभूमि बिहार में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय हॉकी के आयोजन से भावुक हुए भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि उनका बरसों पुराना सपना सच हो गया है। बिहार के छपरा में जन्में हरेंद्र भारतीय पुरूष टीम, महिला टीम, विश्व कप 2016 विजेता जूनियर टीम के कोच भी रहे। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त हरेंद्र तीन साल तक अमेरिकी पुरूष टीम के कोच रहने के बाद इस साल अप्रैल में फिर भारतीय महिला टीम के कोच बने। राजगीर में शुरू हो रही एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पूर्व उन्होंने कहा बहुत कम कोचों को अपनी जन्मभूमि पर इस तरह के टूर्नामेंट में भाग लेने का मौका मिलता है। जहां तक मुझे याद है स्वर्गीय एम के कौशिक सर (हरियाणा) और भास्करन वासुदेवन सर (तमिलनाडु) को यह मौका मिला।

## पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर वनडे शृंखला जीती

पर्थ, एजेंसी



वनडे शृंखला जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती पाकिस्तान टीम। ● एजेंसी

● 2002 के बाद पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में जीती वनडे शृंखला, आठ विकेट से जीता मुकाबला

पाकिस्तान ने रविवार को यहां निर्णायक तीसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में आठ विकेट की जीत से 2002 के बाद ऑस्ट्रेलिया पर 50 ओवर की शृंखला में पहली जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया का कमजोर बल्लेबाजी लाइन अप पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण के आगे 31.5 ओवर में 140 रन पर सिमट गया।

घरेलू टीम कप्तान पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ, जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और मार्नस लाबुशेन के बिना खेल रही थी। इन सभी को भारत के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैच की टेस्ट शृंखला के 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले मैच की तैयारियों के लिए आराम दिया गया था। सईम अयूब (42 रन) और अब्दुल्ला शफीक (37 रन) ने फिर पहले विकेट के लिए 84 रन की शानदार साझेदारी निभाकर मजबूत नींव रखी। पर दोनों एक ही ओवर में लांस मौरिस का शिकार हुए। फिर बाबर आजम और कप्तान मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान को यह महत्वपूर्ण जीत दिलायी। इस जोड़ी ने 58 रन की नाबाद साझेदारी निभायी और बाबर ने 27वें ओवर में एडम जम्पा पर चौका जड़कर पाकिस्तान को जीत दिलाई। पाकिस्तान ने 139 गेंद रहते दो विकेट पर 143 रन बनाकर जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में पहले मैच में दो विकेट से जीत दर्ज की थी जिसके बाद पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने शृंखला में दबदबा बनाया। पाकिस्तान ने एडिलेड में दूसरे वनडे में नौ विकेट की जीत से शृंखला बराबर की जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम हारिस रऊफ के पांच विकेट से 163 रन पर सिमट गई थी। ऑस्ट्रेलिया ने नियमित अंतराल पर विकेट झटके। शाहीन ने 32 रन देकर तीन, नसीम ने 34 रन देकर तीन विकेट और रऊफ ने सात ओवर में 24 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

## खेल डायरी

### पूर्व दिग्गज पोलो खिलाड़ी एचएस सोढ़ी का निधन

**नइ दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज पोलो खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार विजेता हरिंदर सिंह सोढ़ी का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण शनिवार देर रात को निधन हो गया है। वह 86 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। अपने शानदार करियर में उन्होंने पांच से अधिक गोल का हैंडीकैप हासिल किया था। पोलो जगत में वह बिली सोढ़ी के नाम से लोकप्रिय थे। सोढ़ी को दिग्गज हनुत सिंह, सवाई मान सिंह (जयपुर के महाराजा) और बाद में उनके बेटे भवानी सिंह के साथ पोलो खेलने का अनुभव था। उनके छोटे भाई प्रसिद्ध पोलो खिलाड़ी रविंदर सिंह सोढ़ी भी अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं। वह 1980 के मॉस्को ओलंपिक के दौरान भारतीय घुड़सवारी टीम के मैनेजर थे।

### अनाहत ने जीता एनएसडब्ल्यू ओपन एकल स्क्वैश खिताब

**सिडनी।** भारत की अनाहत सिंह ने रविवार को एनएसडब्ल्यू ओपन 2024 स्क्वैश टूर्नामेंट में महिला एकल स्पर्धा जीतकर वर्ष का अपना सातवां पीएसए चैलेंजर खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में खेले गये टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने फाइनल में हांगकांग चीन की गैर-वरीयता प्राप्त 15 वर्षीय हेलेन टैंग को 3-1 (8-11, 11-6, 11-3, 11-4) से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में अनाहत ने हांगकांग चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त वोंग पो यूई क्रिस्टी को 3-1 (11-7, 8-11, 11-9, 11-8) से हराया था। भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त अकारी मिडोरिकावा को 3-1 (9-11, 11-4, 11-7, 11-7) से शिकस्त दी थी। अनाहत सिंह को स्क्वैश टूर्नामेंट में उनकी उच्च वरीयता के कारण पहले राउंड में बाई मिली थी और दूसरे राउंड में उन्होंने जापान की वाइल्डकार्ड खिलाड़ी कुरुमी ताकाहाशी को शिकस्त दी थी।

### हरियाणा के यशवर्धन ने बनाया रिकॉर्ड चौहरा शतक

**गुरुग्राम।** हरियाणा के सलामी बल्लेबाज यशवर्धन दलाल ने अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले में मुंबई के खिलाफ रिकॉर्ड (नाबाद 426) रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। इसी के साथ वह टूर्नामेंट के इतिहास में चौहरा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज हैं। मुंबई ने टॉस जीतकर सुल्तानपुर हरियाणा के गुरुग्राम क्रिकेट ग्राउंड पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। यशवर्धन की शानदार पारी के दम पर हरियाणा ने तीसरे दिन रविवार सुबह आठ विकेट पर 742 रनों पर पारी घोषित कर दी। यशवर्धन 426 रन नाबाद बनाकर पवेलियन लौटे। यशवर्धन ने इस पारी के साथ उत्तर प्रदेश के समीर रिजवी का पिछले सत्र में 312 रनों की बेहतरीन पारी का रिकार्ड भी तोड़ दिया। पिछले दो मैचों में मध्य प्रदेश के खिलाफ चार और झारखंड के खिलाफ 23 और 67 रन बनाने वाले यशवर्धन को इस मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में भेजा गया था और उन्होंने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए अर्श रांगा के साथ पहले विकेट के लिए 410 रन की साझेदारी की। रांगा ने भी 151 रनों की पारी खेली। यशवर्धन ने अपनी इस मैराथन पारी में 463 गेंद में 46 चौके और 12 छक्के लगाए हैं। यशवर्धन ने दिसंबर 2021 में अंडर-16 लीग मैच में 237 रन की पारी खेली थी। उस मैच में हरियाणा ने 40 ओवर के मैच में 452 रन बनाए थे।

### हरिद्वार को मिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का तोहफा

**हरिद्वार।** उत्तराखंड की तीर्थ नगरी हरिद्वार को अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात मिलने जा रही है। दरअसल हरिद्वार में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनकर तैयार हो गया है। इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। इस स्टेडियम में जहां राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकेंगी वहीं यहां पर डे एंड नाइट क्रिकेट मैच की भी सुविधा उपलब्ध होगी। जिसके लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के मानकों के अनुसार फ्लड लाइटें लगाई गई हैं। हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अंशुल कुमार सिंह का कहना है कि इस क्रिकेट स्टेडियम को बनाने के लिए काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उसके बावजूद हरिद्वार के युवाओं के भविष्य को देखते हुए इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया है जिसमें वह सभी सुविधाएं उपलब्ध है जो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होती हैं। भविष्य में इसमें और सुधार करके इसका उच्चीकरण भी किया जाएगा।

# दूसरे टी-20 में लड़खड़ाया भारत

## दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने बिखरे बल्लेबाज, हार्दिक ने पहुंचाया 124 तक

गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी



दूसरे टी-20 में भी नहीं चला अभिषेक शर्मा का बल्ला 4 रन बनाकर लौटे पवेलियन। >>



<< पारी के दौरान शॉट लगाते हार्दिक पांड्या।

39* रन | 45 गेंद | 3/1 चौके/छक्के

हार्दिक पंड्या (नाबाद 39), अक्षर पटेल (27) और तिलक वर्मा (20) रनों की पारियों के दम पर भारत ने रविवार को दूसरे टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 125 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां सेंट जॉर्ज्स पार्क कबेखा में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। संजू सैमसन (शून्य), अभिषेक शर्मा (चार) और सूर्यकुमार यादव (चार) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आखिरी तक रन बनाने के लिए तिलक और अक्षर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। तिलक ने 20 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए (20) रन बनाये। अक्षर पटेल ने 21 गेंदों में 27 रनों की पारी खेली। रिंकू सिंह (9) रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक ने नाबाद 39 रन बनाए। अर्शदीप सिंह सात रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 124 रन का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से यानसन, कोएत्जी, सिमेलाने, मारक्रम और पीटर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | 124/6 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| संजू सैमसन बो यानसेन | 0 | 3 | 0/0 |
| अभिषेक कैच यानसेन बो कोएत्जी | 4 | 5 | 1/0 |
| सर्यकुमार पगबाधा बो सिमेलाने | 4 | 9 | 0/0 |
| तिलक वर्मा कैच मिलर बो मारक्रम | 20 | 20 | 1/1 |
| अक्षर पटेल रन आउट (पीटर) | 27 | 21 | 4/0 |
| हार्दिक पांड्या नाबाद | 39 | 45 | 3/1 |
| रिंकू सिंह कैच कोएत्जी बो पीटर | 9 | 11 | 0/0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 7 | 6 | 0/1 |

अतिरिक्त : 14, गेंदबाजी : यानसेन 4-1-25-1, कोएत्जी 4-0-25-1, सिमेलाने 3-0-20-1, केशव 4-0-24-0, मारक्रम 1-0-4-1, पीटर 4-0-20-1

## बुमराह के लिए शायद सबसे मुश्किल काम होगा कप्तानी : पोंटिंग



● पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बोले- शुरूआती टेस्ट में रोहित के न होने से जसप्रीत पर होगी दोहरी जिम्मेदारी

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग का कहना है कि अगर रोहित शर्मा पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती टेस्ट में नहीं खेल पाते हैं तो जसप्रीत बुमराह को भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करने के साथ टीम की अगुआई की दोहरी जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।

पोंटिंग ने हालांकि कहा कि इस तेज गेंदबाज के लिए कप्तानी करना मुश्किल काम होगा। रोहित के पहले टेस्ट में खेलने को लेकर संदेह बना हुआ है जो 22 नवंबर से ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाएगा। हाल में कप्तान ने खुद स्वीकार किया था कि वह अपनी भागीदारी को लेकर निश्चित नहीं हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के रिव्यू पॉडकास्ट के दौरान बुमराह के बारे में पोंटिंग ने कहा हां, कप्तानी शायद उनके लिए सबसे मुश्किल काम है। मुझे लगता है कि पैट कमिंस के लिए भी यह हमेशा सवाल रहा था जब वह ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान बने थे। वह खुद कितनी गेंदबाजी करता है? वह खुद बहुत ज्यादा गेंदबाजी करेगा? क्या वह ज्यादा गेंदबाजी नहीं करेगा? पोंटिंग ने कहा लेकिन जसप्रीत जैसा अनुभवी खिलाड़ी उस समय को समझेगा जब उसे गेंदबाजी करने की जरूरत है। अगर रोहित मैच में नहीं खेलते हैं तो टीम की अगुआई की जिम्मेदारी उप-कप्तान बुमराह पर होगी।

## टेस्ट टीम में शामिल हुए इंग्लिस और मैकस्वीनी

**सिडनी।** भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में नाथन मैकस्वीनी पहली बार उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करेंगे जबकि जोश इंग्लिस को भी पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की शृंखला के लिए टीम में इन दो नए चेहरों को जगह दी है। मैकस्वीनी के चयन की पैरवी डेविड वॉर्नर और रिकी पोंटिंग ने की थी। उन्हें मार्कस हैरिस, कैमरन बेनक्राफ्ट और सैम कोंस्टास पर तरजीह दी गई। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा हम नाथन के खेल से काफी उत्साहित हैं। पिछले डेढ़ साल में उसके खेल में काफी परिपक्वता आई है। टेस्ट उसे रास आएगा क्योंकि वह बहुत स्थिर भाव से खेलता है। मैकस्वीनी ने पिछले कुछ साल में शेफील्ड में लगातार प्रदर्शन किया है और भारत के खिलाफ ए टीम के मुकाबले में कप्तान और बल्लेबाज के तौर पर भी प्रभावित किया।

## अटलांटा युनाइटेड से हारकर इंटर मियामी प्लेआफ से बाहर

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी

एमएलएस कप



अटलांटा युनाइटेड के खिलाफ गेंद को गोल में दागते इंटर मियामी के मेस्सी >>

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की इंटर मियामी टीम को शुरूआती चरण में ही एमएलएस कप से बाहर करके अटलांटा युनाइटेड ने बड़ा उलटफेर कर दिया।

जमाल थियरे के दो गोल और बर्टोज स्लाइज के 76वें मिनट में लगाए गए हेडर के दम पर अटलांटा ने बीती रात इंटर मियामी को 3-2 से हराकर एमएलएस कप प्लेआफ पहले दौर का बेस्ट आफ थ्री मुकाबला जीता। आखिरी मिनटों में मेस्सी की दो फ्री किक बेकार गई। उन्होंने 65वें मिनट में हेडर पर बराबरी का गोल दागकर स्कोर 2-2 जरूर किया था लेकिन मेजबान टीम कभी बढ़त नहीं बना सकी। कागजों पर इससे बड़ा उलटफेर नहीं हो सकता। इंटर मियामी ने मेस्सी के लिये इस सत्र में 20, 446,667 डॉलर मुआवजा दिया जो अटलांटा की टीम के वेतन से 50 लाख डॉलर ज्यादा है।

### भारत में सुधर रहा है फुटबॉल रेफरियों का स्तर : ट्रेवर केटल

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में खराब रेफरिंग लंबे समय से कई कोचों के लिए निराशा भरी रही है लेकिन अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के शीर्ष अधिकारी ट्रेवर केटल ने रविवार को दावा किया कि देश में रेफरियों के स्तर में सुधार हो रहा है। आईएसएल क्लबों के कई कोच, विशेषकर विदेशी कोच बीते वर्षों में शीर्ष टीयर लीग में रेफरिंग के खराब मानक के बारे में बात कर चुके हैं और यहां तक कि एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने भी कुछ महीने पहले इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की थी। हाल में केरला ब्लास्टर्स और हैदराबाद एफसी के बीच कुछ दिन पहले कोच्चि में रेफरिंग की दो विवादास्पद घटनाएं हुईं, लेकिन एआईएफएफ के मुख्य रेफरिंग अधिकारी (सीआरओ) से जब आईएसएल में रेफरियों के स्तर पर निराशा व्यक्त करने वाले कोच के सदंर्भ में उनके विचार पूछे गये तो उन्होंने भारतीय रेफरियों द्वारा किए गए सुधार का जिक्र किया।

## बॉलीवुड हलचल



### रश्मिका ने अल्लू अर्जुन को दिया खास तोहफा

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने फिल्म पुष्पा के अपने को-स्टार अल्लू अर्जुन को खास तोहफा दिया है। अल्लू अर्जुन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक प्यारा सा पल साझा किया है, जिसमें उनकी फिल्म पुष्पा को-स्टार रश्मिका मंदाना का दिल छू लेने वाला जेस्टर देखने मिल रहा है। पुष्पा : द राइज में श्रीवल्ली के किरदार से मशहूर हुई रश्मिका ने अपने इस इमोशन से भरे अंदाज से फैंस का दिल जीत लिया है। अल्लू अर्जुन ने एक खूबसूरत नोट और प्यारे गिफ्ट की झलक शेयर की है, जो उन्हें रश्मिका से मिला है। अपने पोस्ट में उन्होंने रश्मिका को धन्यवाद देते हुए उनके इस जेस्टर की सराहना की है। उन्होंने इस तरह से यह भी बताया है कि उनके बीच ऑफ-स्क्रीन भी एक गहरी दोस्ती है। नोट में लिखा गया है, मेरी माँ ने कहा था कि किसी को चांदी का तोहफा देने से उसे सौभाग्य प्राप्त होता है। मुझे उम्मीद है कि यह छोटी सी चांदी और मिठाई आपके लिए और ज्यादा सौभाग्य, सकारात्मकता और प्यार लेकर आएगी। आपको और आपके खूबसूरत परिवार को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं लव, रश्मिका मंदाना। इसके जवाब में, अल्लू ने लिखा, थैंक यू डियर।

### द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू




**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री की आने वाली फिल्म द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू हो गई है। द दिल्ली फाइल्स के साथ, फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री अपना अगला प्रोजेक्ट लाने के लिए तैयार हैं, जिसे अभिषेक अग्रवाल निर्मित कर रहे हैं। जब से मेकर्स ने इस फिल्म की घोषणा की है, तब से दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है, और अब सभी को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्ममेकर ने जानकारी दी है कि उन्होंने द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया पर द दिल्ली फाइल्स के सेट से एक वीडियो पोस्ट किया है, जो फिल्म की शूटिंग की शुरुआत को दिखाता है। इसमें टीम पूजा करती नजर आ रही है, साथ ही कोलकाता में विभाजन के समय को दर्शाने के लिए बनाए गए बड़े सेट की एक झलक भी देखने को मिलती है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा गया है शुभारम्भ आपके आशीर्वाद से आज #द दिल्ली फाइल्स की शूटिंग शुरू हो गई। क्रू की सभी देवियों द्वारा पूजा की गई। हे मां कृपया हमें इस मुश्किल कहानी को पूरी ईमानदारी और निडरता से कहने का साहस दें। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने फिल्म के लिए गहरी रिसर्च की है। उन्होंने केरल से लेकर कोलकाता और दिल्ली तक यात्रा की और लोगों से मिलकर सारी जानकारी इकट्ठा की। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने इस फिल्म के लिए 100 से ज्यादा किताबें और 200 से ज्यादा लेख पढ़े, जो उनकी फिल्म की पटकथा को मजबूत बनाने में मदद करेंगे। उन्होंने और उनकी टीम ने 20 राज्यों में यात्रा की और 7000 से ज्यादा रिसर्च पेजेज और 1000 से ज्यादा आर्काइव आर्टिकल्स की स्टडी की है, जो उनकी फिल्म को और भी प्रभावी बनाने में मदद करेंगे। द कश्मीर फाइल्स के बाद, निर्माता अभिषेक ने एक बार फिर विवेक रंजन के साथ अभिषेक आर्ट्स और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन बैनर के तहत हाथ मिलाया है।

### आलिया को लेकर महिला प्रधान फिल्म बनाएंगे नाग



मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक नाग अश्विन, बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट को लेकर महिला प्रधान फिल्म बना सकते हैं। चर्चा है कि कल्कि 2898 एडी की सफलता के बाद नाग अश्विन अब महिला प्रधान फिल्म बनाने जा रहे हैं। नाग अश्विन इस फिल्म के लिये आलिया भट्ट के संपर्क में हैं। कहा जा रहा है कि आलिया इस फिल्म के लिये बिल्कुल फिट बैठती हैं। अश्विन और आलिया दोनों ही इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। फिलहाल इस फिल्म की कहानी को गुप्त रखा गया है। कहा जा रहा है कि नाग अश्विन ने एक शक्तिशाली महिला नेतृत्व पर केंद्रित एक स्क्रिप्ट तैयार की है। इस फिल्म को हैदराबाद स्थित प्रोडक्शन हाउस वैजयंती फिल्म्स द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।

## कोको गॉफ ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स एकल का खिताब



● ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन को हराकर अमेरिकी खिलाड़ी ने जीता अपना पहला डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब

जीत के बाद ट्रॉफी के साथ कोको गॉफ ने कुछ इस अंदाज में मनाया जश्न। >>

**रियाद।** विश्व की नंबर तीन अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने चीन की झेंग किनवेन को महिला एकल स्पर्धा में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीता। सऊदी अरब के रियाद में खेले गये मुकाबले में कोको गॉफ ने ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन को 3-6, 6-4, 7-6 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब अपने नाम किया। यह उनके करियर का पहला साल का आखिरी चैंपियनशिप खिताब है। गॉफ ने मैच की शुरुआत में झेंग थोड़ी घबराहट फायदा उठाते हुए शुरुआती गेम में चीन की स्टार खिलाड़ी की सर्विस तोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन झेंग ने लय हासिल की और उसने आठवें गेम में गॉफ की सर्विस तोड़ी और फिर अगले गेम में सर्विस बचाकर पहला सेट 6-3 से जीता। दूसरे और तीसरे सेट में गॉफ संघर्षपूर्ण वापसी की और हार बाधा को पार करते हुए अपने करियर का नौवां डब्ल्यूटीए टूर एकल खिताब जीता। गॉफ ने दूसरा सेट 6-4 और तीसरा सेट करीबी संघर्ष में 7-6 से जीता।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

